धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार
03.12.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 141



12 बॉयफ्रेंड के साथ वेकेशन पर सारा अली खान

## न्यूज डायरी

### साहेबगंज में ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या

**साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने सोमवार को एक ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर की हत्या कर दी। दलाही गांव निवासी शालीग्राम मंडल एक दर्जन से अधिक बस का मालिक था। गोलीबारी की घटना के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में खून से लथपथ शालीग्राम को उठाकर राजमहल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने ट्रांसपोर्टर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह सोमवार को भी शालीग्राम बस स्टैंड से पैसा कलेक्शन कर लौट रहे थे। इस क्रम में तीनपहाड़ के लालबन गांव के पास एक बाइक से आये दो अपराधियों ने पीछे से शालीग्राम को गोली मार दी और रुपये से भरा थैला लेकर फरार हो गये।

### तालाब में मिला पांच साल की बच्ची का शव

**जामताड़ा।** मिहिजाम थाना क्षेत्र स्थित एक तालाब से सोमवार को पांच साल की बच्ची का शव बरामद किया गया। बच्ची की पहचान ग्रामीणों और परिजनों के द्वारा की गयी। शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मामले की जानकारी मिलते ही जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी पर भी घटनास्थल पर पहुंचे। अंसारी ने घटनास्थल से पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तालाब से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### सड़क हादसे में महिला वकील की मौत, जाम

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ के समीप सोमवार की शाम पेलोडर की चपेट में आकर एक महिला अधिवक्ता की मौत हो गयी। मृत अधिवक्ता की पहचान जोरापोखर थाना क्षेत्र के डिगावाडीह निवासी श्याम वर्मा की पत्नी नेहा वर्मा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि महिला धनबाद कोर्ट से अपना कार्य खत्म कर अपने पति श्याम वर्मा के साथ बाइक संख्या (जेएच 10 सीएच-8531) से वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान उनकी बाईक कतरास मोड़ के समीप एक पेलोडर संख्या (जेएच 10 एफ-7252) की चपेट में आ गयी। मौके पर ही महिला अधिवक्ता की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया।

### भजंत्री की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 6 को

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री की ओर से चुनाव से दूर किए जाने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी है। उन्होंने स्पेशल लीव पीटिशन दायर की है। उनकी इस याचिका पर छह दिसंबर को सुनवाई होगी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 92000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## अनुपूरक बजट पर बैठक में राजस्व बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का जोर

# राजस्व उगाही बढ़ायें, नयी संभावनाएं भी खोजें : हेमंत

### अफसरों को सीएम का निर्देश

- राजस्व की बबार्दी, स्थापना व्यय को नियंत्रित करें
- सभी विभाग राजस्व बढ़ाने का एक्शन प्लान बनायें
- राजस्व की बर्वादी, स्थापना व्यय नियंत्रित करें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में विकास कार्यों को गति देनी है और राजस्व संग्रहण को भी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग राजस्व उगाही में तेजी लायें, साथ ही अतिरिक्त राजस्व संग्रहण के नये स्त्रोतों की संभावनाएं तलाशें। श्री सोरेन सोमवार को विभिन्न विभागों के प्रधान सचिवों के साथ अनुपुरक बजट की तैयारी को लेकर बैठक कर रहे थे। उन्होंने राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व की बबार्दी तथा स्थापना व्यय को नियंत्रित करने का हर संभव कदम उठाये जायें। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि रेवेन्यू जनरेट सिस्टम का माइक्रो लेवल ऑब्जरवेशन कर इसकी खामियों को दूर करें। बैठक में सीएम ने अफसरों से कहा कि सभी विभाग राजस्व संग्रहण का एक्शन प्लान तैयार करें।

**बिजनेस मॉडल बनायें :** मुख्यमंत्री कहा कि कई विभागों में ऐसी कई एजेंसी, बोर्ड और निगम हैं जो राजस्व का बेहतर माध्यम साबित हो सकते हैं। ऐसी एजेंसियों को बिजनेस मॉडल के रूप में स्थापित करें, ताकि वे अपने कार्यों का विस्तार कर सकें। इससे राज्य को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

### विभागों में समन्वय जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार विभागों के बीच को आपसी तालमेल नहीं होने से राजस्व संग्रहण की गति धीमी हो जाती है। ऐसे में लक्ष्य के हिसाब से राजस्व संग्रहण नहीं हो पता है। इस समस्या के समाधान के लिए सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर राजस्व संग्रहण के कार्य करें। इसके लिये जिलों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय ोना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि राज्य में कई उद्योग और कंपनियां कार्य कर रही हैं। इनके द्वारा सीएसआर मद से कई जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है।

(शेष पेज 11 पर)

## शिक्षा सचिव व निदेशक का वेतन हाइकोर्ट ने रोका



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की पीठ ने सोमवार को अवमानना के एक मामले की सुनवाई करते हुए शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक के वेतन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। पीठ ने शिक्षा सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक और रांची के जिला शिक्षा पदाधिकारी को तीन जनवरी को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया है। इसको लेकर दीपक कुमार और रश्मि कुमारी ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण ने पीठ को बताया की दोनों की नियुक्ति डोरंडा उच्च बालिका विद्यालय में वर्ष 2008-09 में हुई थी। बाद में सरकार ने इनकी नियुक्ति स्वीकृत पद पर होना नहीं माना। उक्त विद्यालय में कुल 13 स्वीकृत पद हैं, लेकिन सरकार ने सिर्फ 11 पद को ही स्वीकृत किए जाने की बात कही है। स्वीकृत पद पर सरकार की ओर से वेतन दिया जाता है। इसके लिए सरकार की ओर से दिए गए आधार को एकल पीठ ने खारिज करते हुए दोनों के पद को स्वीकृत करने और लाभ देने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश के एक साल बाद भी उसका पालन नहीं किया गया। इसके बाद अवमानना याचिका दाखिल की गयी है। पूर्व में शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने कोर्ट में उपस्थित होकर समय की मांग भी की थी। लेकिन अभी तक आदेश का पालन नहीं किया गया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि एकल पीठ के आदेश खिलाफ सरकार ने खंडपीठ में अपील दाखिल की है।

## गतिरोध खत्म: स्पीकर की बैठक के बाद विपक्ष चर्चा को तैयार

# आज से संसद चलने के आसार, मोदी करेंगे संबोधित

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सरकार और विपक्ष के बीच सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने को लेकर सहमति बन गयी। अब मंगलवार से सदन के सुचारू ढंग से चलने की उम्मीद बढ़ गयी है। सोमवार को पहला विधेयक पारित होने की संभावना है। सत्र के पांचवें दिन भी दोनों सदनों में जोरदार हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही नहीं हो पायी। इस बीच सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलायी, जिसमें गतिरोध खत्मा करने पर सहमति बनी। सर्वदलीय बैठक के बाद खबर आयी कि पीएम मोदी लोकसभा को संबोधित कर सकते हैं। हालांकि डेट कन्फर्म नहीं है कि पीएम किसी दिन सदन को संबोधित करने वाले हैं।

बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद में गतिरोध पर सभी दलों ने चिंता जतायी। बातचीत के बाद विपक्षी दल के नेता बहस एवं शांति से सदन चलाने पर सहमत भी हुए। विपक्ष की ओर से कई मांगें रखी गयीं। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के सामने संविधान पर चर्चा कराने का प्रस्ताव रखा गया था, सरकार ने उसे मंजूरी दे दी है। श्री रिजिजू ने बताया, 13-14, एवं 16-17 दिसंबर को दोनों सदनों में संविधान पर चर्चा होगी।

### स्पीकर बोले- हंगामा ठीक नहीं

स्पीकर ओम बिरला ने सभी दल के नेताओं से कहा कि अगर कोई मुद्दा उठाना चाहता है तो उसके लिए नियम है। आप इसके लिए नोटिस दे सकते हैं, लेकिन संसद में हंगामा करना और कामकाज में बाधा डालना ठीक नहीं है। किरेन रिजिजू ने बताया, स्पीकर की बातों को सभी ने स्वीकार किया है। यह अच्छी बात है कि सभी ने स्वीकार किया है कि कल से चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को लोकसभा में चर्चा के बाद पहला विधेयक पारित किया जायेगा।

# झारखंड ने तेज किया बकाया वसूली का प्रयास

## 1.36 लाख करोड़ लेने को मनी सूट दायर करने की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने केंद्र के पास अपना बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ वसूलने का प्रयास तेज कर दिया है। झारखंड के नये सीएम हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को पहली कैबिनेट में यह फैसला लिया था कि केन्द्र सरकार व केन्द्रीय उपक्रम पर झारखंड का जो बकाया है, उसकी वसूली के लिए अब कानूनी कार्रवाई शुरू की जायेगी। कानून के जानकारों के अनुसार, इसके लिए अब झारखंड सरकार मनी सूट दायर कर सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का दिया हवाला

झारखंड सरकार की ओर से बकाया के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी हवाला दिया है। 25 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि खदानों और खनिज भूमि पर दी जाने वाली रॉयल्टी कोई कर नहीं है। खनिजों पर कर लगाने का अधिकार राज्यों के पास है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि खनिज से संपन्न राज्यों को खनिजों और खनिज से युक्त भूमि पर केंद्र सरकार से 12 साल में किस्तों में रॉयल्टी और टैक्स वसूला जा सकता है। इसके बाद सीएम हेमंत सोरेन से केंद्र से बकये की मांग की है। झारखंड सरकार को सबसे अधिक कोयला से लगभग 5500 करोड़ रुपए रॉयल्टी मिलता है। आयरन ओर से लगभग 3200 करोड़ रुपए रॉयल्टी मिल सकती है। शेष रॉयल्टी सोना, यूरेनियम, पत्थर, लाइम स्टोन, कॉपर व अन्य खनिजों से मिलती है।

# नेता प्रतिपक्ष के नामों पर चर्चा, सीपी का पलड़ा भारी

## तीन नामों पर मंथन, मजबूत सत्ता पक्ष को घेरना आसान नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** 9 दिसंबर से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा सत्र से पहले भाजपा को विधायक दल का नेता चुनना होगा। नेता को लेकर पार्टी के अंदर मंथन व हलचल तेज है। विधानसभा के अंदर जन मुद्दों पर हेमंत सोरेन सरकार को कौन घेर सकता है, इस पर मंथन चल रहा है। आंकड़ों और तथ्यों के साथ सदन में कौन अपनी बातें मजबूती से रख सकेगा, उसी नाम पर विचार चल रहा है। नेता ऐसा होना चाहिए जो सरकार को घेर सके और जवाब देने को मजबूर कर सके। इसके लिए पार्टी में तीन नामों सीपी सिंह, बाबूलाल मरांडी और नीरा यादव समेत कई नामों की चर्चा है। विपक्ष कमजोर और सत्ता पक्ष मजबूत है, ऐसे में चुनौती बड़ी है।

**भाजपा में तीन चेहरे :** भाजपा में तीन चेहरे प्रमुख हैं जो नेता प्रतिपक्ष के दावेदार हैं और सीनियर भी हैं। इनमें रांची विधायक सीपी सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व कोडरमा विधायक पूर्व मंत्री नीरा यादव है। वरीयता व अनुभव के आधार पर सीपी सिंह का पलड़ा भारी है। वह लगातार सातवीं बार जीते हैं। स्पीकर भी रह चुके हैं। सदन में मजबूती से अपनी बात रखते रहे हैं। सरकार को घेरने का मादा रखते हैं. तथ्य व आंकड़ों के साथ बोलते हैं। दूसरे बाबूलाल मरांडी अनुभवी नेता हैं। पूर्व सीएम, पूर्व केंद्रीय मंत्री व कई बार विधायक रह चुके हैं।

# सीतारमण और विजय रूपाणी चुनेंगे महाराष्ट्र का अगला सीएम

## कल विधायक दल की बैठक, फडणवीस का चुना जाना लगभग तय

### शाह ने अजीत पवार-फडणवीस को बुला कर की बैठक



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर सस्पेंस जारी है। हालांकि यह तय हो गया है कि राज्य के अगले मुख्यमंत्री कब और कहां शपथ लेने वाले हैं। सीएम को लेकर जारी संशय के बीच सोमवार को भाजपा ने पार्टी ऑब्जर्वर की नियुक्ति कर दी है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दोनों नेता मिलकर चार को होनेवाली बैठक में सीएम पद के लिए नाम तय करेंगे। महायुति यानी भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी में एक सीएम और दो डिप्टी सीएम का फॉर्मूला मोटामोटी तय है। नये सीएम का शपथ ग्रहण की तिथि 5 दिसंबर तय कर दी गयी है।

**4 को बैठक 5 को शपथ :** सरकार गठन में लेट होने के बीच अजित पवार का दिल्ली आगमन विपक्षी पार्टियों को सवाल उठाने का मौका एक बार फिर दे दिया है। मगर भाजपा ने यह स्पष्ट किया है कि 5 दिसंबर को महायुति सरकार का शपथ ग्रहण होगा और विधायक दल की बैठक 4 दिसंबर को सुबह 10 बजे होगी और उसी दिन महायुति सरकार बनाने का दावा भी पेश करेगी। सूत्रों की मानें तो देवेंद्र फडणवीस का सीएम बनना लगभग तय है, बाकी नेताओं की तरफ से हो रही बयानबाजी कहीं न कहीं अच्छे पोर्टफोलियो के लिए दबाव बनाने का एक हिस्सा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला का कहना है कि विपक्ष कुछ भी कहे मगर महायुति में सबकुछ तय है और पहले भी कई सरकारों के चुने जाने के बाद भी होती रही है।

# ना विवाद ना नाराजगी फिर भी विस्तार पर सस्पेंस

## कांग्रेस के कारण झारखंड में हो रही देर, जल्द साफ होगी तस्वीर

- सत्र के पहले हो कैबिनेट विस्तार संभव
- झामुमो, राजद की सूची लगभग फाइनल,
- कांग्रेस की लिस्ट मिलने का इंतजार

J.M.M. | RJD

सत्येंद्र

**रांची।** झारखंड सीएम हेमंत सोरेन को शपथ करीब एक सप्ताह हो गया, पर अबतक मंत्रिमंडल विस्तार नहीं हो सका है। हालांकि गटबंधन दलों में न को विवाद है और न ही नाराजगी। कांग्रेस कोटे के मंत्रियों कू सूची तय नहीं होने से अबतक लबकुछ तक साफ नहीं हो सका है।

मंत्रिमंडल का पेंच कांग्रेस के खेमे में फंसा है। सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं की हाईकमान से मीटिंग होनी थी, लेकिन नहीं हो सकी। सूची को अंतिम रूप देने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश दिल ली में डटे हुए हैं। वहीं गठबंधन नेताओं का दावा है जल्द तस्वीर साफ हो जायेगी। झामुममो और राजद कोटे के मंत्रियों के नाम तय हो गये हैं। सिर्फ कांग्रेस का इंतजार चल रहा है। राज्य की 81 विधानसभा सीटों में गठबंधन ने कुल 56 सीटें जीतीं। 28 नवंबर को हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं।

**संगठन मंत्री संग बैठक :** दिल्ली में जमे प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश प्रभारी की मोमवार को पार्टी आलाकमान संग नहीं हो सकी। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि दोनों नेताओं की बैठक संगठन मंत्री केसी वेणुगोपाल के साथ हुई है । कुछ विधायकों के नाम पर सहमति भी बनी है। सूत्रों का कहना का कहना है कि कांग्रेस प्रमंडल वाइज, जातीय समीकरण एवं अनुभव को देखते हुए अपने विधायकों को मंत्री पद की जिम्मेदारी देना चाहती है।

(शेष पेज 11 पर)

### सत्र के पहले मंत्रिमंडल विस्तार

चर्चा है कि विधानसभा सत्र के पूर्व मंत्रिमंडल का विस्तार हो जायेगा। कांग्रेस के तरफ से नाम मिलने के बाद इसकी औपचारिक प्रक्रिया पूरी की जायेगी। संभावना है कि मंगलवार तक कांग्रेस कोटे के मंत्रियों का नाम तय हो जायेगा। विस्तार को लेकर झामुमो के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि जब कांग्रेस की तरफ से सूची मिल जायेगी तो मंत्रिमंडल का गठन हो जायेगा। इसकी अभी कोई तिथि निर्धारित नहीं है।

### शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का सबको अधिकार है: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने किसानों के आंदोलन पर को सोमवार को कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकता है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि वह प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्गों को बाधित करने से रोकने और लोगों को असुविधा पहुंचाने से बचाने के लिए उन्हें (दल्लेवाल) राजी करें। पीठ ने अधिवक्ता से कहा, 'लोकतांत्रिक व्यवस्था में आप शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। (पेज 12 भी देखें)

## समिति की सर्वेक्षण रिपोर्ट पर कार्ययोजना बनाकर लागू करे हेमंत सरकार

# आदिम जनजाति समाज की विशेष समिति गठित करे राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

**सरकार से मांग**



- पहाड़िया समाज की आर्थिक-सामाजिक स्थिति बेहद खराब
- इनके गांवों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव, शिक्षा की पहुंच नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आदिम जनजातियों विशेषकर संथाल परगना क्षेत्र में निवास करने वाली पहाड़िया समाज की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ऐसे समुदाय के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने की सलाह दी है। उन्होंने राज्य सरकार से झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेषकर पहाड़िया समाज के समग्र उत्थान के लिए एक विशेष समिति का गठन करने की मांग की है। इसके साथ ही समिति द्वारा किये गये सर्वेक्षण और सिफारिशों के आधार पर एक वर्ष की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाये, ताकि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने सीएम को सलाह देते सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेष रूप से पहाड़िया समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। आज भी यह समुदाय विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है और बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनके गांवों तक आवागमन के लिए न तो सड़कों की उचित पहुंच है और न ही इन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल पाता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पीने का पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां इनके जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़िया समाज के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ भी अधिकतर बिचौलिये हड़प लेते हैं। उन्होंने कहा कि इन पहाड़ी क्षेत्रों में उनके लगातार दौरे में पहाड़िया समाज कि दयनीय स्थिति को देखकर यह साफ जाहिर होता है कि उनकी हालत बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी आदिम जनजाति समाज कि ऐसी स्थिति राज्य के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि अगली कैबिनेट में मुख्यमंत्री निर्णय लेकर विशेष समिति बनाकर पहाड़िया जनजाति के गांवों में जमीनी सच्चाई देखने भेजेंगे।

# राष्ट्र विरोधी शक्तियों की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच हो : प्रतुल शाहदेव

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि-अवैध गतिविधियों में लिप्त कई एनजीओ की भूमिका भी रही संदिग्ध



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में राष्ट्र विरोधी शक्तियां सक्रिय रहीं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से भाकपा माओवादियों ने बयान जारी करके भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन की हार पर झारखंड की जनता को बधाई दी है, यह बहुत ही संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि मीडिया के अनुसार माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के मुख्य प्रवक्ता आजाद ने बयान जारी कर भाजपा की हार पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद ही संदिग्ध मामला है क्योंकि इन्हीं उग्रवादियों ने चुनाव से पहले पूरे प्रदेश में पर्चे बांट कर वोट बहिष्कार का आह्वान किया था। जो संगठन चुनाव में विश्वास नहीं रखता, वह किसी दल विशेष की पराजय से इतना खुश कैसे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय ऐसे संगठनों ने पर्दे के पीछे से कोई बड़ा षड्यंत्र किया है। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसी तरीके से अवैध गतिविधियों में लिप्त कई एनजीओ की भूमिका भी संदिग्ध रही। राष्ट्र विरोधी कार्यों में लगे फॉरेन फंडिंग से फल फूल रहे इन एनजीओ ने जमकर भाजपा या गठबंधन के प्रत्याशियों को हराने के लिये कार्य किया। ऐसे एनजीओ का उद्देश्य आम आदमी की सेवा करना ना होकर राजनीति में सीधा हस्तक्षेप होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा इससे पूर्व भी कई बार धर्मांतरण सहित कई गलत चीजों को बढ़ावा देने वाली एनजीओ की जांच की मांग कर चुकी है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से ऐसे एनजीओ की चुनाव के दौरान गतिविधियों की जांच कर इन पर लगाम लगाने की मांग की।

## खबर एक नजर में

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले सचिव अबू बकर सिद्धिकी और सुदर्शन मंडल





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सचिव अबू बकर सिद्दीक और पुलिस महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। सोमवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सचिवालय में दोनों पदाधिकारियों ने सीएम से मुलाकात की। इधर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड राज्य कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भी औपचारिक मुलाकात की।

### मुख्यमंत्री से मिले जेपीएससी के सदस्य



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ जमाल अहमद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इधर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आईपीएस विजय आशीष कुजूर के नेतृत्व में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने औपचारिक मुलाकात की।

### रांची डीसी ने मुख्य न्यायाधीश से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव से रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात की। बता दें कि मंजूनाथ भजंत्री ने पिछले शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया था।

### पूजा सिंघल समेत तीन की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल समेत तीन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में पूजा सिंघल को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुई। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 6 दिसंबर निर्धारित की है। मालूम हो कि पूजा सिंघल इन दिनों ईडी की ओर से जब्त दस्तावेज का निरीक्षण कर रही हैं। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है।

### झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक आज

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की एकदिवसीय बैठक आज पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 3 बजे तक रांची डोरंडा झंडा चौक स्थित केंद्रीय कार्यालय में होगी। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों के वर्तमान स्थिति एवं भावी रणनीति पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इस विचार विमर्श बैठक में राज्य के लगभग सभी जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। ये जानकारी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने दी।

### सीएम से मिला केंद्रीय सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय सरना समिति तथा विभिन्न संगठनों से आये प्रतिनिधियों ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। सीएम ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिये अधिकारियों को निर्देश दिया। इससे पहले पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सहित राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी और एडीजी सुमन गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को, 15 लाख से अधिक मामलों के निपटारे का लक्ष्य




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इस साल की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत में इस बार करीब 15 लाख मामलों के निपटारे का लक्ष्य रखा गया है। 14 दिसंबर को राज्य की सभी अदालतों में इसका आयोजन किया जायेगा। सभी जिलों के विधिक सेवा प्राधिकार ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। संबंधित लोगों के साथ बैठक कर मामलों को लोक अदालत में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जारी है। झारखंड हाईकोर्ट में भी एक विशेष बेंच में लोक अदालत में सिविल मामलों को भेजने के लिए सभी पक्षों में सहमति बने मामलों को स्थानांतरित किया जा रहा है। सितंबर में हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में 14,16,114 मामलों का निपटारा किया गया था।

**इन मामलों का होगा निपटारा :** छोटे-छोटे आपराधिक मामले, बैंक से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना वाद, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भू-अर्जन, राजस्व, सेवानिवृत्ति लाभ, मनरेगा, पानी-बिजली के बिल, करों से संबंधित मामले, वन अधिनियम, छावनी परिषद, रेलवे दावा, आपदा, अनुकंपा पर नियुक्ति और अपील से जुड़े मामलों का निपटारा होगा।

### कोर्ट पहुंचने से पहले भी सुलझेंगे विवाद

लोक अदालत में उन मामलों का भी निपटारा होगा, जो अभी न्यायालय नहीं पहुंचे हैं। इन विवादों पर भी सहमति बनाकर निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। ऐसे मामलों की संख्या अधिक रहेगी।

### आपसी सहमति से होता है निपटारा

लोक अदालत में दोनों पक्ष की सहमति से मामलों का निपटारा होता है। इसका फैसला अंतिम होता है। लोक अदालत में निपटाए गए मामलों को देश के किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। लोक अदालत में मामलों का निपटारा होने के बाद कोर्ट फीस भी वापस हो जाती है। लोगों को लाभ होता है। मामलों का निपटारा भी शीघ्र हो जाता है। किसी पक्ष की न जीत होती है न हार। दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का निपटारा होता है।

### मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई छह को

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में छह दिसंबर को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर ली है। भजंत्री ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है और हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है। झारखंड हाईकोर्ट ने 22 सितंबर को मंजूनाथ भजंत्री के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें चुनावी कार्यों से अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की याचिका स्वीकार की थी। वहीं, हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मंजूनाथ भजंत्री को चुनावी कार्यों से दूर रखा गया था। इसके अलावा राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के दौरान उन्हें आनन-फानन में रांची के उपायुक्त के पद से हटाया गया था। उनके स्थान पर वरुण रंजन रांची के उपायुक्त बनाए गए थे। हालांकि, सीएम हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण के बाद राज्य सरकार ने वापस मंजूनाथ भजंत्री को रांची का उपायुक्त नियुक्त कर दिया।

# विधानसभा चुनाव में हार वाली सीटों पर समीक्षा करेगी कांग्रेस

## कांग्रेस ने बनायी जिलावार समिति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में कांग्रेस जिन विधानसभा सीटों पर चुनाव हारी है, उन सीटों की कांग्रेस समीक्षा करेगी। पार्टी यह देखेगी कि किन परिस्थितियों में और किन कारणों से उन सीटों पर उसे पराजय मिली। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व झारखण्ड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के निर्देश पर उन सीटों पर समीक्षा हेतु प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसजनों की जिलावार समिति का गठन किया गया है। यह समिति जिलाध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों, प्रखंड, मंडल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं जिला के अग्रणी संगठन, विभाग के लोगों के साथ बैठक कर हार के कारणों की समीक्षा करेगी।

### गठित जिलावार समिति और जिला विधानसभा, समिति संयोजक/सदस्य

**हजारीबाग-** हजारीबाग, बड़कागांव, बरही, माण्डू सीटों के लिए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को संयोजक बनाया गया है। सुल्तान अहमद, रविन्द्र कुमार झा समिति के सदस्य के तौर पर रहेंगे।

**धनबाद-** जिले की धनबाद, झरिया, बाघमारा सीटों के लिए शहजादा अनवर संयोजक जबकि अशोक चौधरी और जयशंकर पाठक सदस्य होंगे।

**पलामू-** डाल्टेनगंज, विश्रामपुर और पांकी सीट के लिए रविन्द्र सिंह को संयोजक जबकि भीम कुमार और बिनय सिन्हा दीपू को सदस्य बनाया गया है।

**पूर्वी सिंहभूम-** जिले की जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपूर पश्चिमी सीटों के लिए ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह को संयोजक और रमा खलखो तथा आलोक दुबे को सदस्य बनाया गया है।

दुमका एवं देवघर जिले की जरमुंडी सीट के लिए राजीव रंजन प्रसाद संयोजक होंगे। अमूल्य नीरज खलखो और डॉ. एम. तौसीफ सदस्य होंगे।

रांची जिले की हटिया सीट के लिए रामाश्रय प्रसाद, संयोजक होंगे और अजय सिंह तथा जवाहर लाल महथा सदस्य होंगे।

# आलमगीर आलम की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई हुई पूरी, आदेश सुरक्षित

**कमीशनखोरी मामला**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त 32.30 करोड़ रुपये नकद बरामदगी मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना आदेश मंगलवार को सुना सकती है। इससे पूर्व याचिका पर आलमगीर आलम की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अजित कुमार सिंह ने बहस की। उन्होंने कहा कि मेरे मुवक्किल पर पीएमएलए का आरोप निराधार है। वहीं, ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि मामले में चार्जशीट दाखिल है। इसमें ठोस साक्ष्य है। उन्होंने याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया। आलमगीर आलम ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 25 नवंबर को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि ईडी ने 6 मई को छापेमारी के दौरान आमलगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल व उनका नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32.30 करोड़ रुपये मिले थे।

### एचईसी के कर्मचारियों से उत्पादन बढ़ाने की अपील

**रांची।** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन ने एचईसी कर्मचारियों से कहा कि अब उत्पादन बढ़ाने का समय है। कर्मचारियों की थोड़ी सी लापरवाही भी एचईसी के लिए प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न करेगी। सोमवार को यूनियन कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के महासचिव लीलाधर सिंह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान उत्पादन ठप रहा, लेकिन कामगारों को नियमित वेतन भुगतान होता रहा। इस अवधि में केंद्र सरकार ने एचईसी को किसी प्रकार की मदद नहीं की। इस कारण एचईसी की स्थिति और खराब होते गयी। बाद में कार्यशील पूंजी की कमी हो गयी। कुछ नेताओं के बहकावे में आकर कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। इसके बाद स्थित और बिगड़ गयी। केंद्र सरकार उद्योगों का हित नहीं सोच रही है। ऐसे में कर्मचारियों को अभी अपना पूरा ध्यान उत्पादन बढ़ाने पर लगाना चाहिए।

# झारखंड में आठ दिसंबर तक सुबह में छाया रहेगा कोहरा, बढ़ रही ठंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में आठ दिसंबर तक सुबह कोहरा या धुंध छाये रहेंगे। आसमान में बादल भी छाये रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार मौसम शुष्क रहेगा। मंगलवार तीन दिसंबर को सुबह में कोहरा छाया रहेगा। झारखंड में तापमान में गिरावट आ रही है। ठंड बढ़ने लगी है। सुबह-शाम कई जगहों पर लोग ठंड से राहत पाने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। दिन में भी ठंड का अहसास हो रहा है। गर्म कपड़ों का पहनना जरूरी हो गया है।

सोमवार को राजधानी रांची में आसमान में सुबह से बादल छाये रहे। रांची और उसके आस-पास के इलाकों में मंगलवार को सुबह में कोहरा छाया रहेगा। मंगलवार को रांची का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस, अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं।

**गढ़वा में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री :** झारखंड में पिछले 24 घंटे में उच्चतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया।



| शहर | उच्चतम तापमान(से.) | न्यूनतम तापमान(से.) |
|---|---|---|
| रांची | 25.2 | 15.4 |
| जमशेदपुर | 25.1 | 18.8 |
| डाल्टेनगंज | 27.4 | 13.3 |
| चाईबासा | 24.4 | 14.4 |
| देवघर | 26.4 | 13.0 |
| हजारीबाग | 25.1 | 11.8 |
| गढ़वा | 25.2 | 10.5 |
| सरायकेला | 25.7 | 19.7 |
| बोकारो | 27.1 | 14.2 |

## इरफान असांरी का भानू प्रताप शाही पर तंज

# आप चले थे मेरे घर बुलडोजर चलाने जनता ने आपका क्या हाल कर दिया





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने बीजेपी के पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही पर तंज कसा है। कहा है कि आप चले थे मेरे घर पर बुलडोजर चलाने, लेकिन जनता ने आपका क्या हाल कर दिया। मगर मैं आपके जैसा नहीं हूं। मैं आपके घर पर बुलडोजर नहीं, बल्कि यूपी में अन्याय और कप्तरता पर बुलडोजर चलाने निकल चुका हूं। मैंने आपको कई बार समझाया था कि आप सेक्युलर रहो, लेकिन भाजपा में जाने के बाद आपका पूरा रंग-रूप ही बदल गया। अनाप-शनाप बयानबाजी और कप्तर विचारधारा से आपने झारखंड की जनता को आहत किया लेकिन कोई बात नहीं, अब आपके पास पर्याप्त समय है। इन मुद्दों पर गहन विचार कीजिए। कप्तर विचारधारा को अपने दिल और दिमाग से निकालें। आशा है, हम फिर मिलेंगे।

**भानू ने दिया जवाब :** बीजेपी के पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने इरफान अंसारी पर पलटवार करते हुए कहा कि मियां सॉरी, जबाब तो देना पड़ा, अबर नहीं तो अगली बार ही सही। सीता भाभी का अपमान का बदला तो लूंगा ही। चुनाव हारे हैं हौसला नहीं।

# मलेशिया में फंसे 52 मजदूर 20 दिसंबर तक लौटेंगे झारखंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के सकारात्मक व निरंतर प्रयास से मलेशिया में फंसे 61 मजदूरों की देश वापसी का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सांसद ने बताया कि मलेशिया में गत जुलाई 2023 से ही 61 मजदूर फंसे हुए हैं, जिनमें 52 मजदूर झारखंड के हैं। सभी मजदूर 11 से 20 दिसंबर तक अपना देश लौट जाएंगे। सांसद ने बताया कि मलेशिया में फंसे मजदूरों का मामला उन्होंने सोमवार को संसद में नियम 377 के तहत सभा पटल पर रखा। भारत सरकार की ओर से उन्हें अवगत कराया गया कि सभी मजदूरों को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर स्थित भारतीय दूतावास में रखा गया है। कुछ कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। तय तिथि पर इन मजदूरों को देश वापस लाया जाएगा।

**मजदूरों की वापसी के लिए विदेश मंत्री से मिले थे सांसद :** सांसद ने बताया कि कई मौके पर उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर व उनसे मिलकर इन मजदूरों की देश वापसी का प्रयास किया। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय के अधिकारियों व केंद्र सरकार के आला अधिकारियों से संपर्क कर मजदूरों की वतन वापसी का मार्ग प्रशस्त कराया है।

**झारखंड के चार जिलों के मजदूर फंसे :** मलेशिया में फंसे झारखंड के 52 मजदूरों में सर्वाधिक 27 मजदूर हजारीबाग के हैं। सांसद ने बताया कि फंसे मजदूरों में झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के 07, बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के 18, हजारीबाग जिले के टाटी झरिया प्रखंड के 16 और विष्णुगढ़ प्रखंड के 11 मजदूर शामिल हैं। शेष मजदूर ओड़िशा, उत्तर प्रदेश व तेलंगाना राज्य के हैं। उधर, मलेशिया में फंसे बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत छोटकी सीधावारा निवासी गणेश कुमार महतो ने बताया कि जब से हम लोग यहां पर आए हैं, तब से ही मुसीबत में हैं। वेतन तो दूर भोजन के भी लाले पड़े हैं। बीमार पड़ने पर इलाज कराने वाला भी कोई नहीं है। भांति-भांति की धमकियां सहनी पड़ रही है। स्थिति दयनीय हो गई। किसी तरह से हम मजदूरों ने गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को अपनी दशा से अवगत करवाकर देश वापसी की गुहार लगायी। उनके प्रयास का प्रतिफल है कि हम सब फिलहाल भारतीय दूतावास में ठहरे हुए हैं। उम्मीद है शीघ्र ही अपना देश लौटेंगे।

# डीसी ने समाहरणालय परिसर का किया निरीक्षण, व्यवस्था ठीक करने का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार की सुबह समाहरणालय परिसर की साफ सफाई एवं रखरखाव का जायजा लिया। मौके पर साफ-सफाई के लिए प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी मौजूद थे। डीसी ने शौचालय की स्वच्छता, समाहरणालय प्रांगण के सौंदर्यकरण एवं पेयजल क्षेत्र के सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीसी ने अग्निशमन और ड्रेनेज की व्यवस्था को दुरुस्त करने और समाहरणालय में सौर ऊर्जा प्रणाली के विषय में जानकारी ली।

**प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति की ली जानकारी :** डीसी ने अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति की जानकारी गूगल लोकेशन से ली। कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर समाहरणालाय स्तर के पदाधिकारी और कर्मचारियों के आइडेंटी कार्ड और कर्मियों की उपस्थिति और जन शिकायत कोषांग के कार्यों की जानकारी भी ली।

## आम नागरिक 24 घंटे ह्वाट्सएप पर कर सकेंगे शिकायत

# जन शिकायत के लिए रांची उपायुक्त ने जारी किया नंबर, होगी सहूलियत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जिला की जनता के लिए जन शिकायत नंबर जारी किया है। 9430328080 व्हाट्स ऐप नंबर है, जिसमें आम जनता अपनी शिकायत दे सकते हैं। डीसी के आवसीय गोपनीय स्थित सभा कक्ष से नंबर की आधिकारिक तौर पर पायलट लॉन्चिंग की। डीसी ने आम जनों से कहा कि आम लोगों की सुविधा और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन की ये पहल है, समय के साथ इस प्लेटफार्म के माध्यम से शिकायत प्राप्त करने और समाधान की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

वाह्टसप नंबर 9430328080




### हर सप्ताह शिकायतों की होगी समीक्षा

प्रत्येक सप्ताह को शनिवार के दिन जनता की शिकायतों से संबंधित समीक्षा की जायेगी। इसमें लोगों से प्राप्त होने वाले शिकायतों का समय से निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। शिकायत पर की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन समय-समय पर उपलब्ध कराना होगा।

### शिकायत जमा करने पर दिया जायेगा रेफरेंस नंबर : उपायुक्त

डीसी ने बताया कि आवेदक को अपना नाम, पता, थाना और शिकायत से संबंधित कागज जमा करना होगा। शिकायत जमा करने के बाद आवेदक को रेफरेंस नंबर दिया जाएगा, जिससे वे अपने शिकायत के स्थिति जान सकेंगे। डीसी ने बताया कि ये नंबर 247 काम करेगी। समस्याओं को त्वरित संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग द्वारा उसका समाधान किया जाएगा और नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए तीन पारियों में दो-दो कर्मियों और पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति भी की जा चुकी है। डीसी ने कहा कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, जमीन से जुड़ी समस्याओं को लेकर समीक्षा की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी हुई है। यह घटना रांची के कटहल मोड़ स्थित एक होटल में में हुई। जहां बदमाशों ने कमरे में घुसकर लड़की के साथ छेड़खानी की। इस मामले में छात्रा के पिता ने नगड़ी थाना में मालदा के शुभेंदु मंडल, शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अर्कापराव दत्ता और सोमनाथ शर्मा पर केस किया है। उनका आरोप है कि लड़कों ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक तस्वीर खींची और उसे ब्लैकमेल किया।

**घटना के करीब ढाई माह बाद थाना में प्राथमिकी दर्ज :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि छात्रा कटहल मोड़ के काव्यन रेसीडेंसी में ठहरी थी। वह आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने आयी थी। रात में जब पिता खाना खाकर लौटे तो वह उनसे लिपटकर रोने लगी। यह घटना 16 सितंबर की है। इस मामले में करीब ढाई महीने बाद 29 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को बीस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाने के जुर्म में हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र निवासी मो अली उर्फ नूर अली को दोषी पाकर 20 साल कैद की सजा सुनाई है। उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियुक्त पर अपने पड़ोसी की बेटी के साथ जबरदस्ती करने का आरोप था। इस घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने हिन्दपीढ़ी थाना में 8 जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभियुक्त ने नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया और धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध भी स्थापित किया। अभियुक्त ने शारीरिक संबंध बनाने के बाद नाबालिग को घटना के बारे में किसी को बताने से मना किया था। इतना ही नहीं आरोप यह भी था कि अभियुक्त ने मां, बहन, भाभी और भाइयों ने मिलकर पीड़िता के माता-पिता और बेटियों के साथ मारपीट की थी। अभियुक्त को उक्त आरोप में 11 जून 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# युवक की हत्या करने वाले दो आरोपी हुए गिरफ्तार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दुर्गा पूजा के दौरान युवक की पीट-पीटकर हत्या करने वाले दो आरोपियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए पंडरा ओपी क्षेत्र के विकास नगर के रहने वाले मंतोष कुमार और आयुष राज को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा घूमने के दौरान हुए विवाद के बाद मारपीट में घायल युवक रोहित तिर्की की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सिटी एसपी ने यह जानकारी दी।

**क्या है मामला :** बीते 11 अक्टूबर को रोहित दुर्गा पूजा घूमने के लिए गया हुआ था। पूजा के दौरान कुछ आपराधिक किस्म के युवकों से उसका विवाद हो गया. विवाद के बाद युवकों ने रोहित के साथ मारपीट की, मारपीट में रोहित बुरी तरह से जख्मी हो गया। रोहित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई थी। रोहित की हत्या से आक्रोशित परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शव के साथ लालपुर चौक को जाम कर दिया था।

## जमीअतुल हवारीन की बैठक संपन्न

# शिक्षा अमूल्य, घर-घर में शिक्षा का दीप जलायें : मो. इसलाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जमीअतुल हवारीन के तत्वावधान में सोमवार को जमीअतुल हवारीन झारखण्ड के अध्यक्ष मो. इसलाम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मो. इसलाम ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा ज्ञान है जो इंसान को हर बुराई से रोकता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा का दीप अपने घर के साथ साथ पूरे समाज व देश को रौशन करता है तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास एवं उन्नति के लिए शिक्षा जरुरी है।

बैठक में मरकजी हवारी पंचायत, जम्हूरी हवारी पंचायत, डोरंडा हवारी पंचायत, चौधरी हवारी पंचायत सहित अन्य प्रतिनिधियों ने समाज में फैल रही बुराईयों को रोकने, प्राईमरी से लेकर उच्च शिक्षा हासिल करने, समाज में स्वास्थ्य क्षेत्र में युद्ध स्तर पर कार्य करने, दहेज प्रथा पर अंकुश लगाते हुए शादी- विवाह को सरल बनाने, हवारी समाज के संगठन को और भी मजबूती प्रदान करने पर बल दिया। यूथ हवारी कमिटी के अध्यक्ष साकिब हुसैन ने हवारी समाज के महिलाओं में जागरुकता लाने हेतु जमीअतुल हवारीन की महिला संगठन बनाने की बात कही। इस मौके पर हवारी मस्जिद की पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में क्षेत्र के तमाम हवारीन पंचायत, एदारे एवं तंजीम के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# 22 दिसंबर को होगी रांची प्रेस क्लब की वार्षिक आम सभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची प्रेस क्लब राची कार्यकारीणी की बैठक सोमवार को अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अहम विषयों पर चर्चा करते हुए कई निर्णय लिये गए। जिसमें 10 दिसंबर 2024 से सदस्यता शुल्क जमा करने की प्रक्रिया शुरू होगी। सदस्यता शुल्क एवं अन्य बकाया राशियों की भुगतान 25 दिसंबर तक किया जा सकेगा। इसके लिए मेंबरशिप रिव्यू कमेटी का गठन किया गया। जिसमें क्लब के पांच अधिकारियों समेत मैनेजिंग कमेटी सदस्य विजय मिश्रा और संजय सुमन का नाम शामिल किया गया। पांच से 15 दिसम्बर तक नये सदस्यता के लिये आवेदन कार्यालय में जमा लिये जायेंगे। वहीं पत्रकारिता से जुड़े पांच वर्षों से कम अनुभव के पत्रकारों को नन वोटिंग की श्रेणी में सदस्यता देने पर भी सहमति बनी। 22 दिसंबर को प्रेस क्लब का वार्षिक आम सभा किया जायेगा।

### बैडमिंटन टूर्नामेंट का निबंधन आज से

मीडिया बैडमिन्टन टूर्नामेंट में शामिल होने वाले प्रतिभागियों का निबंधन प्रक्रिया तीन से पांच दिसंबर तक होगी। प्रति माह के प्रथम सप्ताह में मेंटनेंस कार्यों के निष्पादन के दौरान आने वाले खर्च को मंजूरी दी गयी। 22 दिसंबर के प्रस्तावित एजीएम के सफल आयोजन के लिए मैनेजिंग कमेटी की बैठक 5 दिसंबर को होगी। आगामी मीडिया क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर की जिम्मेवारी मोनू कुमार को दी गयी। वहीं सचिव अमरकांत, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य आलोक सिन्हा, विजय मिश्रा, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र गिरि, कार्यकारिणी सदस्य चंदन भट्टाचार्य, सौरभ शुक्ला, संजय सुमन का नाम आयोजन समिति के रूप में प्रस्तावित किया गया।

# हरि अनंत, हरि कथा अनंता: अनिरूद्धाचार्य

**रांची।** जगद्गुरू रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य ने सोमवार को भगवान की नाम महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि हरी अनंत, हरी कथा अनंता। भगवान का नाम सर्वसुलभ है। भगवान का नाम लेने से हमारी जिह्वा पवित्र हो जाती है। हमारी सोच सकारात्मक हो जाती है। इससे हमारे कष्ट दूर होते हैं और जीवन सरल हो जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपनी जिह्वा से किसी की निंदा नहीं करनी चाहिये। उन्होंने गुरुदेव श्रीभगवानदासाचार्य जी महाराज का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव परमहंस थे। इस संसार में रहते हुये सभी प्राणियों के कल्याण की कामना करते थे। उनके पवित्र संकल्प से ही भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर रांची में प्रतिष्ठित हुये थे। भगवान अर्चावतार के रूप में विराजमान हैं। उनके दर्शन सर्वसुलभ हैं।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय ने ऋण वितरण शिविर का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वावधान में ऋण वितरण शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने की। क्षेत्रीय प्रमुख के द्वारा ग्राहक एवं बैंक के मध्य पारस्परिक निर्भरता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि बैंक सदैव ग्राहकों की सुविधा, वित्तीय सुरक्षा, एवं वित्तीय प्रगतिशीलता हेतु प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन 47 शाखाएँ हर समय ग्राहकों के हित का ध्यान रखते हुए उत्कृष्ट सेवा देने के लिए तत्पर है। इसी क्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाने हेतु निरंतर प्रतिमाह ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया जाता रहा है आगे भी यह जारी रहेगा। सुनील कुमार ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अनवरत अपने ग्राहकों के लिए जमा और ऋण उत्पादों की आकर्षक योजनाओं को लागू करता है।

वर्तमान में कम ब्याज पर विभिन्न ऋण तथा बच्चों, महिलाओं, व्यवसायियों, वरिष्ठ नागरिकों के लिए जमा पर विभिन्न उत्पाद जारी किया गया है। उन्होंने आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक बैंक से जुड़ें एवं बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। स्वयं सहायता समूह से आई महिलाओं को बकरी पालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन तथा अन्य विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से रोजगार सृजन एवं आय प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित किया। मंच संचालन संदीप कुमार (राजभाषा अधिकारी) के द्वारा किया गया।

# मारपीट के आठ आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने सरिया से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर देने के मामले में मुकदमे का सामना कर रहा एक ही परिवार के 8 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने डोरंडा थाना क्षेत्र के गांधी नगर हिनू निवासी स्व. राज कुमार साव के एक बेटा राहुल कुमार एवं छह बेटियां सरिका कुमारी, बबीता कुमारी, सुनिता कुमारी, अनिता कुमारी, तनु कुमारी उर्फ जानवी कुमारी, खुशी कुमारी एवं उनकी पत्नी प्रमिला देवी को बरी किया। इन सभी के खिलाफ डोरंडा के बिरसा चौक निवासी प्रीति देवी ने मारपीट का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि घर में घुस कर मेरे पति को सरिया से मार कर जख्मी कर दिया था लेकिन, अदालत में गवाही के दौरान एक भी गवाह केस साबित करने के लिए नहीं पहुंचा।

# झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के सेमिनार में देश में बढ़ते प्रदूषण को लेकर हुई गहन चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस 2024 के अवसर पर रांची के चाणक्य बीएनआर होटल के सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में रांची शहर के विभिन्न स्कूली छात्रों ने राज्य के जाने माने शिक्षाविदों, पर्यावरण इंजीनियरिंग विशेषज्ञों, उद्योग जगत के दिग्गजों से जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में सिंगल यूज वाली प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग, गैर बायो डिस्पोजेबल सामग्रियों का उपयोग नहीं करने की शपथ ली गयी।

**हर प्रकार के प्रदूषण के बारे में जागरूक होना जरूरी :** बता दें कि 1984 की भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में हर साल 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। इस साल राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस 2024 की थीम स्वच्छ वायु, हरित पृथ्वीः सतत जीवन की और एक कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के सदस्य सचिव आरएल बक्शी ने कहा कि आम लोगों के लिए हर प्रकार के प्रदूषण के बारे में जागरूक होना और यह हमारे शरीर के लिए कैसे हानिकारक हो सकता है, यह जानना बहुत जरूरी है।

**राज्य में पर्यावरण नियंत्रण एक बड़ी चुनौती :** राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना, शिक्षित करना और उद्योगों में प्रदूषण से सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाना है। किसी भी प्रदूषण से निपटने के लिए लोगों को सुरक्षा के उपायों के बारे में जानना जरूरी है। कहा गया कि राज्य में पर्यावरण नियंत्रण एक बड़ी चुनौती है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद लगातार इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ कर प्रदूषण को कम करने की ओर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में एकल उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग से होने वाले खतरों के प्रति आम जनों का ध्यान आकृष्ट कराने और उन्हें जागरूक करने के लिए एक थीम सॉन्ग भी लांच किया गया।

# आयशर-टीएमटीएल का ग्राहक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने सोमवार को अपने अधिकृत एग्रो इंजन विक्रेता मेसर्स अली मशीन टूल्स, डॉ. फतेउल्लाह रोड, रांची के परिसर में एक ग्राहक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। आयशर इंजिन ने ग्राहकों के लिए नवरात्र, दीपावली और छठ के शुभ अवसर पर स्क्रैच कार्ड स्कीम लॉन्च की थी। योजना के इक्यावन हजार के बम्पर पुरस्कार की भाग्यशाली विजेता अनिसा टोप्पो, मांडर, जिला रांची की निवासी रहीं। पुरस्कार कंपनी के सेल्स हेड डी.के. पंडित द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में आरके सिन्हा (जोनल प्रबंधक ), धीरज कुमार (रीजनल प्रबंधक) और सुनील कुमार (क्षेत्रीय प्रबंधक) अली मशीन टूल्स के प्रोपराइटर सफदर अली, पिता हातिम अली के साथ उपस्थित थे। टीएमटीएल डीजल इंजन, ट्रैक्टर और जेनसेट के अग्रणी निमार्ताओं में से एक है। आयशर-टीएमटीएल 12 एचपी से 160 एचपी की रेंज में एयर कूल्ड और वॉटर कूल्ड दोनों संस्करणों में डीजल इंजन बनाती है। आयशर एग्रो रेंज के इंजन राइस हलर, ऑयल मिल, आटा चक्की, चूड़ा मिल, दाल मिल एवं ईंट भट्ठा के लिए उपयुक्त हैं। आयशर-टीएमटीएल इंडस्ट्रियल रेंज के इंजन फायर फाइटिंग पम्प, डीवाटरिंग और विभिन्न इंडस्ट्रियल एप्लीकेशन के लिए उपयोगी है। आयशर इंजन कम ईंधन खपत और उच्च गुणवत्ता के लिए ग्राहकों की पहली पसंद है।

## स्पीड न्यूज

### उषा मार्टिन करवायेगा चबूतरे का निर्माण



**अनगड़ा।** उषा मार्टिन फाउंडेशन के द्वारा सिलवे पंचायत के उलातू स्थित भुवाल टोली गांव में चबूतरा का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए सिलवे के ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया गया है। इस प्रस्ताव के आलोक में मुखिया नूतन पाहन पंचायत समिति सदस्य अरविंद लोहरा और ग्राम प्रधान शिवनारायण साही के नेतृत्व में भूमि पूजन किया गया। भूवाल टोली की मदिरा देवी ने चबूतरा का समन्वय कर रही है। चबूतरा निर्माण के भूमि पूजन में भुनेश्वर महतो जितेंद्र सिंह मेवालाल महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। उषा मार्टिन की ओर से भूवाल टोली तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी कराया जा रहा हैं।

### कोंदा गांव में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर



ट्रांसफार्मर उद्घाटन करते लोग।

**सोनाहातू।** विधायक अमित महतो के पहल पर सोमवार को प्रखंड के कोंदा गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष बिजली की समस्या रखी थी।सोमवार को ग्राम प्रधान मनमोहन सिंह मुंडा,जयंती देवी और तिलोत्तमा देवी के द्वारा विधिवत रूप में पूजन के बाद100 केवी के ट्रांसफार्मर का स्विच ऑन कर उद्घाटन किया गया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ता रोहिताश चौधरी, दीनबंधु महतो, बासुदेव महतो, राजु मुंडा,भवेश्वर कोइरी, जनार्दन मानकी, जगन्नाथ, वीरेन, बहादुर, मनोहर, संजीव, आदि मौजूद थे।

### दोकाद में मनाया गया शहीद का पुण्यतिथि



शहीद का पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करते परिजन।

**राहे।** प्रखंड के दोकाद पंचायत में सोमवार को झारखंड पुलिस के शहीद जवान घासीराम महतो का 18 वां पुण्यतिथि सम्मान के साथ मनाया गया। परिजनों और ग्रामीणों ने शहीद घासीराम महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्मान के पुष्प अर्पित किये। परिजनों ने कहा कि शहीद के सम्मान के लिये उनके सोच को गांव में स्थापित करना होगा। मौके पर शहीद के पिता लक्ष्मण महतो, माता शिवानी देवी, बहनें उषा देवी, नम्रता कुमारी, रीता कुमारी, संजय महतो,मणिलाल महतो के अलावे जेएलकेएम उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो, उमेश महतो, विनोद महतो, क्षेत्र मोहन महतो, अनिल महतो, सुभाष महतो आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत बीएसओ को डीलरों ने दी विदाई

- रामस्वरूप जैसे पदाधिकरी से दूसरों को प्रेरणा मिलती है
- कर्मी को सस्पेंड करना अपने अंग को काटने जैसा

खबर मन्त्र संवाददाता



बीएसओ को सम्मानित करते प्रखंड के डीलर।

**ओरमांझी।** पांच बीडीओ के साथ कार्य करने वाले ओरमांझी के जेएसएस व वर्तमान में बीएसओ का कार्यभार संभालने वाले रामस्वरूप भगत सोमवार को सेवानिवृत हो गये हैं। उनके सेवानिवृत होने पर प्रखंड मुख्यालय में एक समारोह आयोजित कर उन्हे व प्रखंड कृषि पदाधिकारी विपिन टोप्पो को प्रखंड विदाई दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने कहा पांच बीडीओ के साथ कार्य करना और किसी को भी शिकायत का मौका नही देना रामस्वरूप भगत की कार्य क्षमता को प्रमाणित करती है। ऐसे पदाधिकारी का सहयोग मिलने से प्रखंड के कई कार्य आसान हो जाते हैं। कहा अपने 45 दिन के कार्यकाल, खासकर चुनाव के दौरान अपने कार्यो के प्रति इनका निष्ठा व लगन ने काफी प्रभावित हुआ। जेएसएस के रूप में दो-दो लोकसभा, विधानसभा व पंचायत चुनाव कराने में महत्वपूर्ण भुमिका इनका कार्य के प्रति लगन व क्षमता को प्रमाणित करती है। उन्होने सेवानिवृत को नये जीवन में प्रवेष बताया और कहा सरकारी कर्मी को अपने उतरदायित्व निर्वाहन के कारण अपने कई इच्छाओं से समझौता करना पड़ता है, आज के बाद समझौता नही करना पडेगा। वहीं बीएसओ रामस्वरूप भगत ने सरकार आपके द्वार के माध्यम से लोगों को सरकारी योजना व मईंयां योजना का लाभ देने व कार्यक्रम को सफल बनाने में मिले सहयोग के लिए ओरमांझी प्रखंड के सभी डीलरों के प्रति अभार जताया और कहा डीलरों ने कार्यक्रम सफल बनाया और सम्मान मुझे मिला। उनके द्वारा छह डीलरों का सस्पेंड करने की घटना पर कहा किसी भी पदाधिकारी को अपने सानिध्य कर्मियों को सस्पेंड करना खूद से अपने अंग को काटकर अलग करने जैसा होता है। किसी को सेवानिवृति के बाद मिलने वाली सम्मान ही उसकी असली कमाई होती है। इस दौरान अषोक साहू, नागेंद्र प्रसाद, संजय साहू, आदित्य साहू सहित प्रखंड कई डीलर ने कहा पहली बार बीएसओ रामस्वरूप भगत के कार्यकाल में प्रखंड में किसी को भी किसी प्राकर का शिकायत का मौका नही मिला।

मृदुभाषी व मिलनसार व सभी की समस्यों को समझना व दूर करने की स्वभाव ने प्रखंड के सभी डीलरों को अपने दायित्व का बेहतर निर्वाह करने में उर्जा प्रदान किया। कार्यक्रम में किशोरी साहू, अंबिका साहू, कुंदन साहू, चंद्रशेखर चैधरी, कमलनाथ महतो, मनीनाथ महतो, उमेष महतो, समशाद अंसारी, आंनद कुमार, संजय प्रसाद, गंदु बैठा सहित प्रखंड के कई डीलर व प्रखंड कर्मी आदि उपस्थित थें।

## बेड़ो के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथी ने किसान की फसल रौंदी

खबर मन्त्र संवाददाता



हाथी द्वारा रौंदा गया महावीर गोप का आलू खेत।



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जमटोली पंचायत के जहानाबाज गांव में रविवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के महावीर गोप के आलू और मटर की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगो में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं किसान ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर पूर्वी जिला परिषद के प्रतिनिधि जगरनाथ भगत ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को जंगल से भगाने की मांग की है।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष को पितृशोक

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के पूज्य पिताजी पद्म किशोर मुंडा का सोमवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 100 वर्ष बताई जाती है। स्व, मुंडा विशुद्ध रूप से ग्रामीण कृषक थे। स्वर्गीय पद्मकिशोर मुंडा अपने चार पुत्रों सहित अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। तमाड़ स्थित गागर सोतिया शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर तमाड़ क्षेत्र के लोगों ओर पार्टी कार्यकताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है। इनमें तमाड़ राजा कुमार महेंद्रनाथ शाहदेव, सत्येंद्र नाथ शाहदेव, पूर्व विधायक राजा पीटर, जेएलकेएम प्रत्याशी दमयंती मुंडा, जिप सदस्य दिलीप सेठ, पूर्व मुखिया रमेश सिंह मुंडा, गोलक दास अधिकारी, असीम कुमार हल्दार, जगदीश गुप्ता, हीरा लाल दास, खगेंद्र महतो, अरविंद स्वर्णकार, पंडित मनोज पंडा, मोहन स्वर्णकार, दुगार्दास मोदक, समरेंद्र मुखर्जी, संतोष साहू, राजकुमार गुप्ता, पूर्णचंद्र शर्मा आदि अनेक शुभचिंतकों ने स्व,पद्मकिशोर मुंडा की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## रातू : पुलिस ने चोरी के आरोपित को भेजा जेल

- गुमला का है अनीसुर्रहमान
- 28 नवंबर रात की घटना

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 385/24 के नामजद अभियुक्त 19 वर्षीय अनीसुर्रहमान अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुमला जिले के अम्बवा निवासी रुष्टम अंसारी का पुत्र अनीसुर्रहमान फिलहाल पुंदाग के परवेज अंसारी के घर किरायेदार है। उस पर 28 नवंबर की रात फुटकलटोली स्थित जामिया नगर के मो वसीम खान की दुकान में नकद समेत कीमती सामान की चोरी करने का आरोप है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।



आरोपी अनीसुर्रहमान अंसारी।

## शर्मनाक : छात्रा से होटल के कमरे में छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग

- पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी थी कटहल मोड़
- पांच के खिलाफ प्राथमिकी
- पुलिस कर रही है तफ्तीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्का नगड़ी।** राजधानी से सटे कटहल मोड़ में एक बेहद ही शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा से होटल के कमरे में घुसकर बदमाशों ने उसके साथ छेड़खानी की। इतना ही नहीं पीड़िता से जबरन कपड़े उतरवाये और फोटो खींचकर ब्लैकमेल किया। घटना एक होटल में घटी। मामले को लेकर छात्रा के पिता ने नगड़ी थाने में पांच के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें मालदा के शुभेंदु मंडल व शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अर्कापराव दत्ता व सोमनाथ शर्मा शामिल हैं। पुलिस तफ्तीश में जुट गयी है। इधर, घटना के बाद छात्रा काफी भयभीत है। उसके पिता ने कहा कि जब वह खाना खाकर कमरे में लौटे, तो आरोपी फरार हो गये। उनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

**कैसे घटी घटना**

आरोपित होटल के रूम नंबर 104 में ठहरे थे। चारों पीड़िता के कमरे में जबरन घुस आये। परिचय देते हुये उससे दोस्ती करने को कहा। इसके बाद छेड़खानी कर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे। आरोपियों ने उसके सारे कपड़े उतरवा दिये और उसे तस्वीर खींच ब्लैकमेल करने लगे। लेकिन, उसके पिता के पहुंचते ही सभी आरोपी वहां से फरार होकर अपने कमरे में चले गये।

## अब ग्राम पंचायतों में ही जमा होंगे पेंशन के आवेदन : बीडीओ

**बेड़ो।** राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न पेंशनों के आवेदन लेकर प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों को अब परेशानी नहीं होगी। इसको लेकर बीडीओ राहुल उरांव ने सोमवार को आमजनों व ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक आदेश जारी किया है।इसके अंतर्गत प्रखंड के सभी पंचयात भवन में गुरुवार के दिन मईया सम्मान योजना, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन जन्म, मृत्यु, जॉब कार्ड, राशनकार्ड आदि का आवेदन प्रत्येक गुरुवार को सभी पंचायत भवनों में लिए जाएंगे। उक्त जानकारी जेई सदाम अंसारी ने दी।

## बोरे में बंद मिला शव, हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता



आटो में लदा अज्ञात व्यक्ति का शव।

**ओरमांझी।** बीआईटी मेसरा थाना पुलिस द्वारा सोमवार को बोरे में बंद एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। बिरसा ग्राम रूदिया गांव स्थित बुधिया बगान में बोरे में शव देख स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना मेसरा थाना की पुलिस को दी। पुलिस बल के साथ पहुंचे पुअनि अभय कुमार द्वारा बुधिया बगान से शव बरामद व पंचनाम कर पोस्टर्माटम के लिए रिम्स भेज दिया गया। वहीं आसपास के लोगों से पुछताक्ष कर शव के संबंधन में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास की गई। लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति का शव प्लास्टिक की दो बोरी में थी। सांवला रंग के व्यक्ति ब्लू रंग का जैकेट पहना हुआ था जिसमें लाल रंग का एडीडास लिखा हुआ है। इसके अलावे पिला रंग का फुल शर्ट, ब्लू रंग का जींस पहना हुआ था। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नही हो सकी थी। स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कहीं और हत्या कर साक्ष्य छुपाने की नियत से शव को यहां फेक दिया गया है। वहीं थाना प्रभारी संजीव कुमार ने कहा फिलहाल शव की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान व पोस्टर्माटम रिर्पोट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## अपराधिक घटनाएं जनता अब बर्दास्त नहीं करेगी, पुलिस शीघ्र लगाम लगाये

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के हुटुप स्थित श्रीराम कंस्ट्रक्शन में अपराधियों द्वारा पानी के टेंकर को आग के हवाले करने व गोली बारी की घटना पर झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी ने चींता जताते हुए पुलिस प्रशासन को जल्द कार्रवायी करने को कहा है। उन्होने कहा इससे पूर्व अनगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंदलीपोखर रांची मार्ग की सड़क पर कार्य कर रहे वाहन पर पीएलएफआई का पर्चा चिपका कर संवेदक को धमकी दी गई। वहीं गोली बारी की घटना को अंजाम दे भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत एक्सप्रेस हाइवे निर्माण कार्य वाधित करने का भी प्रयास किया गया है। इसके अलावे ओरमांझी में सपही पुल के पास भी इरबा के दो लोगों को गोली मार घायल कर दिया गया। लगातर हो रही इन घटनाओं को क्षेत्र की जनता पुलिस के लिए खुली चुनौती के रूप में देख रहे हैं। इससे झारखंड की बदनामी होने के साथ देष विदेष में झारखंड की छवि पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। उन्होने कहा पुलिस इस पर जल्द कार्रवायी करे। अपराधी पुलिस से तो बच सकती हैं, लेकिन जब जनता कार्रवायी करती है उससे बचा नही जा सकता है। जनता अब इस प्रकार की घटना का बर्दास्त नही करेगी। पुलिस इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुष लगाए।

## विधायक राजेश कच्छप ने किया सहयोग



**सिकिदिरी।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप की ओर से सोमवार को पूर्व पंसस महेश गंझू,विधायक प्रतिनिधि अजगूत करमाली व युवा कांग्रेस नेता अनिल ठाकुर ने सिकिदिरी के दुबला बेड़ा गांव निवासी स्व फूलो देवी व जलिमा गांव निवासी स्व राजेश साहू के घर जाकर दोनों के परिजनों को खाद्य सामग्री और नकद राशि देकर सहयोग किया।दोनों का निधन पिछले दिनों इलाज के अभाव में लंबी बीमारी के बाद हो गया था। इस मौके पर प्रदीप साहू, संतोष भगत, अनिल, बेदिया, बालेशवर बेदिया, धीरज ठाकुर, अर्जुन साहू, सिकंदर बेदिया, कमलेश पाहन, संदीप साहू,सहजनाथ बेदिया आदि उपस्थित थे।

## अनगड़ा अंचल में झारनेट का सरवर डाउन रहने से दाखिल खारीज एव भू राजस्व के अन्य काम काज हो रहे हैं प्रभावित

### रैयतों को हो रही है परेशानी

खबर मन्त्र संवाददादा

**अनगड़ा।** अनगड़ा अंचल कार्यालय अनगड़ा के झारनेट का सरवर डाउन रहने की समस्या को लेकर रैयतों के दाखिल खारीज ऑन लाईन प्लॉट इन्ट्री प्लॉट सुधार एवं भू राजस्व से संबंधित अन्य कार्य नहीं हो पा रहे हैं । जिससे रैयतों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दाखिल खारिज और भू राजस्व से संबंधित रैयतों के सैकड़ो आवेदन अंचल कार्यालय में महिनों से लम्बित है। उन्हें बार बार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है लेकिन उनका काम नहीं हो पा रहा है। अंचलकर्मी चाह कर भी ग्रामीणो के काम नहीं कर पा रहे हैं। बताया गया कि नेट चालू करने के बाद सरवर में गड़बड़ी होने के कारण स्क्रीन में एरोर बताने लगता है। मालूम हो कि विधान सभा चुनाव के कारण करीब डेढ़ माह तक अंचलकर्मी के चुनाव कार्य में व्यस्त रहने कारण काम काज प्रभावित रहा अब झारनेट के सही काम नहीं करने के कारण काम काज प्रभावित हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में पीडब्ल्यूईबी वीपीएन नेट से ऑन लाईन भू राजस्व संबंधी काम काज होते थे लेकिन करीब चार-पांच माह पूर्व राजस्व विभाग झारखंड सरकार के द्वारा उक्त नेट को बन्द करके अंचल कार्यालयों में झारनेट कनेक्शन लगाया गया है तब से जनता के भू राजस्व से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग झारखंड सरकार से झारनेट के स्थान पर पूर्व के नेट की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके । इसके अलावा अनगड़ा अंचल में मात्र दो राजस्व कर्मचारी हीं पदस्थापित हैं इनमें एक कर्मचारी अंचल निरक्षक का कार्य भार सभाले हुए है। अनगड़ा अंचल में 21 पंचायत 81 राजस्व गांव तथा नौ हल्का है जिसमें कम से कम आठ राजस्व कर्मचारी की आवश्यकता है लेकिन वर्तमान में मात्र हो राजस्व कर्मचारी हीं यहां पदस्थापित है। जिसके चलते भी रैयतों का काम काज प्रभावित हो रहे हैं।

**कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 24/2024-25 (3rd call)

1.कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत बरवाटोली ग्राम बेलंगा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2.बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 04.12.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–10.12.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 12.12.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9.ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 6205276661
10.प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11.संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12.प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13.उक्त निविदा में BCD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14.विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है। जिला अभियंता, लातेहार
PR 340943 (Rural Development)24-25*D

**प्रपत्र–VI**
**गुमला समाहरणालय, गुमला ( भू– अर्जन शाखा )**
**समाहर्त्ता / अपर समाहर्त्ता –सह–समुचित सरकार**
**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1)के अधीन)**

ज्ञापांक – 383 भू0अ0 दिनांक – 05 / 10 / 24

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि ग्राम– सकिया, थाना–बसिया, थाना, संख्या–25, अंचल –बसिया, जिला –गुमला, कुल– 4.465 एकड़ यानि – 1.80769 हे0 भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा परियोजना अघरमा मोड (SH-03) से टकरमा –ससिया पथ का (लम्बाई 13.9 कि0मी0) पुननिर्माण कार्य। हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1)ख के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि सकिया, थाना– बसिया, थाना संख्या–25, अंचल – बसिया, जिला –गुमला कुल–4.465 एकड़ यानि– 1.80769 हे0 मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:–

| क्र0 संख्या | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 451 | बकास्त | 0.12 | बकास्त मालीक | सड़क | 453 | अंश | सड़क |
| | | 738 | | 0.19 | | अंश | सड़क | सड़क | अंश |
| | | 736 | | 0.01 | | सड़क | सड़क | अंश | सड़क |
| 2 | 8 | 577 | रैयती | 1.00 | अजय एक्का वो अनील एक्का वो अमर एक्का वो अरूण एक्का वो अरविन्द एक्का पिता पात्रिक एक्का वो मार्टिना एक्का पति कोलमन एक्का वो विनोदिक एक्का वो आंगुस्टिन एक्का वो विजय एक्का वो विमल एक्का पिता मिखिल एक्का वो फुलजैम्स एक्का वो पॉल फैलिकस एक्का वो परफुल एक्का पिता इमिल उरांव वो बसंत एक्का पिता जॅार्ज उरांव वो ख्रिस्टीना एक्का पिता सिरिल एक्का निज ग्राम। | अंश | अंश | सड़क | अंश |
| | | 596 | | 0.59 | | सड़क | अंश | अंश | सड़क |
| | | 571 | | 0.27 | | अंश | अंश | अंश | सड़क |
| 3 | 10 | 578 | रैयती | 0.16 | अजय एक्का वो अनील एक्का वो अमर एक्का वो अरूण एक्का वो अरविन्द एक्का पिता पात्रिक एक्का वो मार्टिना एक्का पति कोलमन एक्का वो विनोदिक एक्का वो आंगुस्टिन एक्का वो विजय एक्का वो विमल एक्का पिता मिखिल एक्का वो फुलजैम्स एक्का वो पॉल फैलिकस एक्का वो परफुल एक्का पिता इमिल उरांव वो बसंत एक्का पिता जॅार्ज उरांव वो ख्रिस्टीना एक्का पिता सिरिल एक्का निज ग्राम। | अंश | अंश | सड़क | अंश |
| | | 516 | | 0.04 | | अंश | सड़क | 593 | 587 |
| CF | | | | 2.38 | | | | | |
| BF | | | | 2.38 | | | | | |
| 4 | 12 | 829 | रैयती | 0.015 | गोइन्दा उरांव वल्द गन्दुर उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | अंश | सड़क |
| 5 | 14 | 828 | रैयती | 0.035 | गोइन्दा उरांव वल्द गन्दुर उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | अंश | सड़क |
| 6 | 15 | 541 | रैयती | 0.35 | गोसाई उरांव वल्द जोधा उरांव कौम उरांव साकिन देह। | 571 | 542 | अंश | सड़क अंश |
| | | 465 | | 0.095 | | अंश | सड़क | सड़क | अंश |
| | | 823 | | 0.085 | | अंश | सड़क | 824 | रास्ता |
| 7 | 20 | 837 | रैयती | 0.015 | चमरा उरांव वल्द धनी उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | अंश | सड़क |
| 8 | 22 | 826 | रैयती | 0.04 | चमरा भोगता वो देकु भोगता पेसरान विगुवा भोगता कौम भोगता साकिन देह बहिसा बराबर। | सड़क | अंश | अंश | 827 |
| | | 830 | | 0.055 | | 825 | 831 | सड़क | अंश |
| | | 843 | | 0.03 | | 832 | 844 | सड़क | अंश |
| | | 234 | | 0.015 | | अंश | सड़क | 237 | अंश |
| 9 | 23 | 542 | रैयती | 0.30 | अनिल टोप्पो पिता बरतुस उरांव वो अलकसियुस टोप्पो पिता न्थानिएल उरांव वो किशोर टोप्पो रावेल उरांव वो बरसियुस टोप्पो पिता एगनिस उरांव वो दोमनिक टोप्पो पिता सिरिल उरांव वो सेबेस्तियन टोप्पो पिता पतरस उरांव वो अलकसियुस टोप्पो पिता अलबिस उरांव कालेप टोप्पो पिता जोहान उरांव | 541 | 543 | अंश | सड़क |
| | | 549 | | 0.18 | | 545 | टकरमा | अंश | सड़क |
| 10 | 25 | 588 | रैयती | 0.12 | चुइओ उरांव वो मंगरा उरांव पेसरान सुकरा उरांव वो बन्धन उरांव वल्द हिरवा उरांव 3 हिस्सा बहिस्सा बराबर वो बीरसा अलबीस उरांव वो जोहन उरांव पेसरान पाचो उरांव 1 हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | सड़क | अंश |
| 11 | 33 | 831 | रैयती | 0.10 | डहरू उरांव वो दनी उरांव वो रोपी उरांव वो मरकुश उरांव वो बिशिम उरांव पेसरान फोडेया दनि उरांव साकिन देह बहिस्सा बराबर। | 830 | 832 | सड़क | अंश |
| 12 | 40 | 233 | रैयती | 0.035 | दुगा उरांव वो दीडरा उरांव वो मैना उरांव वो बरनावास उरांव पेसरान पेरो उरांव वो पौलुस उरांव वो सामुएल उरांव पेसरान सकरू उरांव कौम उरांव साकिन देह। | सड़क | अंश | अंश | सड़क |
| 13 | 43 | 545 | रैयती | 0.095 | नमिया मुण्डा वो सामवेल मुण्डा पेसरान पतरस मुण्डा 2 हिस्सा बहिस्सा बराबर वो धमस मुण्डा वो इसिल मुण्डा पेसरान जयमसीह मुण्डा 1 हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम मुण्डा साकिन देह हाल मोकाम टकरमा। | 543 | 549 | अंश | सड़क |
| CF | | | | 3.945 | | | | | |
| BF | | | | 3.945 | | | | | |
| 14 | 52 | 462 | रैयती | 0.035 | बुटना उरांव वल्द बुदनु उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | सड़क | सड़क | अंश |
| 15 | 55 | 458 | रैयती | 0.095 | भठवा उरांव वो पकुवा उरांव वो लुकश उरांव पेसरान मंगरा उरांव कौम उरांव साकिन देह बहिसा बराबर। | 459 | अंश | अंश | सड़क |
| 16 | 57 | 543 | रैयती | 0.065 | सोमा उरांव वो दइला उरांव पेसरान चरवा उरांव कौम उरांव साकिन देह बहिस्सा बराबर। | 542 | 545 | अंश | सड़क |
| 17 | 71 | 824 | रैयती | 0.075 | मांगु उरांव वो पतरस उरांव वो करलुस उरांव पेसरान एतवा उरांव कौम उरांव साकिन देह बहिस्सा बराबर। | अंश | रास्ता | 523 | सड़क |
| 18 | 72 | 449 | रैयती | 0.035 | मांगु उरांव वो पतरस उरांव वो करलुस उरांव पेसरान एतवा उरांव कौम उरांव साकिन देह बहिस्सा बराबर। | अंश | सड़क | अंश | अंश |
| 19 | 73 | 832 | रैयती | 0.19 | माधो उरांव वल्द धनकु मोदी कौम उरांव साकिन देह। | 831 | 843 | सड़क | अंश |
| 20 | 80 | 743 | रैयती | 0.025 | लोहरा उरांव वल्द डोने उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | सड़क | अंश |
| कुल रकबा | | | | 4.465 | | | | | |

यदि अधिसूचना भू–अर्जन,पुर्नवास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013) की धारा–11 के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिश्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रतिशिट करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेदन –छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्य करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा– 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिश्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि का कोई विल्लंगन उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों ) के अंतर्गत भू–अर्जन की बावत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी गुमला। अपर समाहर्त्ता गुमला। उपायुक्त गुमला।

PR 340971 Land Reforms(24-25)D


## अपराधियों ने दो हाईवा में लगाई आग, लगातार घटना को अंजाम दे पुलिस को दी खुली चुनौती

# घटना की जिम्मेवारी दो संगठनों ने लिया, लोग असमंजस में

- हाईवा ओनर व ग्रामीणों ने सुरक्षा की मांग को लेकर ट्रांसपोर्टिंग कार्य कराया ठप

राजेश प्रसाद/अमन श्रीवास्तव

**लातेहार/बालूमाथ।** बलमाथ थाना क्षेत्र में पिछले एक महीने से अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में लगभग विफल साबित होती जा रही है। चार दिन पूर्व बालूमाथ रेलवे साइडिंग में बसिया पुलिस पिकेट से महज 100 मीटर दूर मयंक सिंह गिरोह द्वारा एक-47 से अंधाधुंध फायरिंग करने की मामला शांत भी नहीं हुआ कि रविवार की मध्य रात्रि लगभग 2:00 बजे एक बार पुनः बालूमाथ में अपराधियों ने तांडव मचाते हुए पुलिस को खुली चुनौती देकर बालूमाथ रांची मुख्य पथ एनएच 22 मकईयाताड़ पुलिस पिकेट से महज 200 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने दो हाईवा में आग लगा दी। मिली जानकारी के अनुसार तुबेद कोलयरी से कुशमाही साइडिंग तक मां अंबे कंपनी द्वारा श्याम ट्रांसपोर्ट द्वारा किया जाता है। इस कार्य में लगभग डेढ़ सौ हाईवा श्याम ट्रांसपोर्टिंग का एवं दर्जनों हाईवा स्थानीय लोगो का चलाई जा रही है। रविवार की लगभग 2:00 बजे हाईवा संख्या जेएच02बीसी/1115 एवं जेएच10सी/0774 में अपराधियों ने आग लगा दिया। चालक मोहम्मद साबिर ने बताया कि हम लोग तुबेद कोलियरी से कोयला लोड कर कुशमाही साइडिंग कोयला खाली करने जा रहे थे। इसी बीच चार की संख्या में अपराधियो ने मुख्य सड़क पर आकर हथियार के बल पर गाड़ी को रोक लिया एवं अपने साथ लाये पेट्रोल को छिड़क कर आग लगा दी। घटना के समय बालूमाथ पुलिस घटना स्थल से 200 मीटर की दूरी पर कुशमाही साइडिंग में पेट्रोलिंग कर रहा था। इसकी सूचना पेट्रोलिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारी को दिया गया। ज्यो ही पुलिस वहां पहुंची उससे 50 मीटर की दूरी पर विकास यादव घर के सामने खड़ी हाईवा में आग लगा दिया। हाईवा चालक प्रताप नगेसिया ने बताया गाड़ी का परमिट नहीं रहने के कारण पिछले कई दिनों से मलिक के दरवाजे पर गाड़ी खड़ा किए हुए थे। रात्रि 2:00 बजे तीन अज्ञात लोग शीशा तोड़कर गाड़ी के अंदर पहुंचे और मुझे मारपीट कर भगा दिया एवं साथ में लाये पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। हईवा मालिक विकास यादव ने घटना की सूचना बालूमाथ को पुलिस को दी थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे वह आग को बुझाने का प्रयास किया। तब तक दोनों हाइवा धुंधु कर जल गया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रावानी, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद विरूवा, घटना स्थल पर पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली। एसडीपीओ विनोद रवानी ने कहा कि यह घटना किसी अपराधी द्वारा किया गया है इसकी जांच की जा रही है। शीघ्र मामले का उद्वेदन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने मकईया ताड़ से कुशमाही तक जाने वाले ग्रामीण सड़क पर ट्रांसपोर्टिंग बंद करने की मांग एवं हाईवा ऑनर एसोसिएशन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था देने की मांग को लेकर परिवहन कार्य को ठप कर दिया। जिससे बालूमाथ रांची मुख्य पथ पर लगभग 200 कोयला लदी हाईवा खड़ी थी। बालूमाथ में कुशमाही रेलवे साइडिंग में रविवार की देर रात को दो हाईवा में आग लगाने की घटना की जिम्मेवारी दो-दो अपराधी गिरोह द्वारा लिए जाने से स्थिति असमंजस में है। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के अनुसार घटनास्थल पर प्रदीप गंझु के शूटर शंकर गंझु ने जिम्मेदारी लेते हुए पर्चा छोड़ा है। पुलिस सूत्रों की माने तो पर्चा में लिखा है कि कोयला कारोबारी अमन साव गिरोह को पैसा देना बंद करें जब तक प्रदीप गंझु गिरोह से मैनेज नहीं हो जाता है तब तक सारा कार्य बंद रखें नहीं तो अंजाम बुरा होगा। इधर सोशल मीडिया फेसबुक में पोस्ट कर राहुल सिंह गिरोह ने जिम्मेवारी लेते हुए कहा है कि कोयला कारोबारी, जमीन कारोबारी, रेलवे ठेकेदार, रोड ठेकेदारी सभी को चेतावनी दी जा रही है कि जो भी गिरोह के लोग जब तक हमारे साथ मैनेज नहीं हो जाता है तब तक कार्य बंद रखें। चेतावनी में कहा गया है कि अमन साहू, अमन श्रीवास्तव, विकास तिवारी पांडे गिरोह को जितना जल्दी हो सके सभी को पैसा देना बंद करें वरना बुरा अंजाम होगा।



सोशल मीडिया में डाला हुआ पोस्ट।

### पुलिस प्रशासन व कंपनी हम लोगों को गाड़ी का सुरक्षा दे: चन्द्रदीप प्रसाद



जला हुआ हाईवा।



धरना पर बैठे हाईवा ऑनर।

बालूमाथ रविवार को अपराधियों द्वारा हाइवा जलाने की घटना के बाद लातेहार हाईवा ओनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष चंद्रदीप प्रसाद के नेतृत्व में कुशमाही जाने वाली सड़क पर टेंट लगाकर धरना दिया एवं सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप करा दिया। जिससे घटना के बाद से समाचार लिखे जाने तक कई हाईवा कोयला लोड कर सड़क किनारे खड़ी हो गई। जिला अध्यक्ष चंद्रदीप प्रसाद ने कहा पुलिस प्रशासन व कंपनी हम लोगों को गाड़ी का सुरक्षा दे, साथ ही कंपनी द्वारा 4000 प्रत्येक माह किस चीज का काटा जा रहा है उसे स्पष्ट करें, वही कंपनी कोयला ट्रांसपोर्टिंग स्टॉक स्थल से ना कर नियम को उल्लंघन करते हुए हाईवा को सीधे माइंस तक ले जा रहा है इसे अभिलंब रोक लगाया जाए। उन्होंने घटना का अंजाम देने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा है कि आपकी लड़ाई कंपनी के साथ है स्थानीय बेरोजगार युवक अपनी गाड़ी कमाई से किसी तरह हाईवा लेकर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। इस तरह के घटना का अंजाम देने से यहाँ के लोकल लोगो को नुकसान हो रहा है। इसलिए लोकल हाईवा पर रहम करने की अपील की है। इधर ग्रामीण रितेश यादव ने कहा कि कुशमाही साइडिंग में जो सड़क परिवहन किया जा रहा है वह ग्रामीण सड़क से किया जा रहा है पानी छिड़काव ज्यादा करने से प्रत्येक दिन दर्जनों लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। इसलिए ग्रामीण सड़क पर परिवहन तुरंत बंद किया जाए। इस मोके पर मो. सुहैल, मो. आसिफ अंसारी, मो. शाहनवाज, विकाश यादव, संदीप यादव, मो अफरोज, चंदन सिंह, सूरज जायसवाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पुलिस और अपराधियों के बीच हो रहा है लुकाछिपी का खेल

बालूमाथ में हाल के दिनों में हो रही अपराधिक गतिविधियों में पुलिस और अपराधियों के बीच लुकाछिपी का खेल जारी है। बालूमाथ रेलवे साइडिंग में दो हाईवा में हुए गोलीबारी की घटना में अपराधी अहले सुबह 4:30 बजे पुलिस के बसिया कैम्प में लौटने के बाद घटना को अंजाम दिया। वही रविवार देर रात हुए घटना में अपराधी एनएच 22 के किनारे स्तिथ मंदिर में छिपे हुए थे और पुलिस की हरेक गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे। पुलिस ज्यो ही साइडिंग की ओर गयी। अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दे दिया।

## चंदवा: शहर से सटे डेमटोली में कुएं से नावालिग छात्रा का शव बरामद, हत्या की आशंका

- 29 नवम्बर से गायब थी छात्रा, 2 दिसंबर को मिली कुएं डेड बॉडी
- हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर उतरे परिजन, किया एनएच जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



बरामद शव।



सड़क जाम किए लोग।

**चंदवा।** चंदवा शहर से सेट डेमटोली स्कूल के समीप स्थित 20 फूटा कुएं से सोमवार की अहले सुबह एक किशोरी की डेड बॉडी मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कुएं से निकल गया। इसके बाद मृत किशोरी की पहचान गांव के ही उमेश साहू की 16 वर्षीय पुत्री तन्नू कुमारी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतका चंदवा के प्लस टू हाई स्कूल में इंटरमीडिएट की छात्रा थी व बीते 29 नवंबर से अचानक गायब थी। जिसको लेकर परिजनों के द्वारा चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था, परिजनों का आरोप है कि आवेदन दिए जाने के बाद पुलिस के द्वारा गांव के संदिग्ध युवक रोशन उरांव पिता दिलीप उरांव को कब्जे में लेकर पूछताछ भी की थी लेकिन उसे छोड़ दिया गया व गायब होने के लगभग 72 घण्टे बाद छात्रा का शव घर के लगभग 200 मीटर दूरी स्थित कुएं से बरामद हुई। शव बरामदगी के बाद परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गए व हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए शव के साथ इंदिरा गांधी चौक पर एनएच को जाम कर दिया। जाम की सूचना के बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, सीओ जयशंकर पाठक आक्रोशित परिजनों व जाम कताओं को समझने का प्रयास किया। लगभग आधे घंटे तक समझाने के बाद परिजन माने जिसके बाद सड़क से जाम हटा।

### पुलिस की गिरफ्त में एक संदिग्ध


इधर मामले में पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध युवक रोशन उरांव को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुटी है। इधर मामले में मृतका के परिजनों द्वारा 3 युवकों द्वारा छात्रा की हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त करते हुए थाना में आवेदन दिए जाने की बात कही है।

### क्या कहते हैं पुनि सह थाना प्रभारी

मामले में पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने कहा कि पुलिस सभी तथ्यों एवं बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल कर रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या का।

## तालाब का मुआवजा नहीं मिलने पर डीवीसी के महाप्रबंधक के नाम सौंपा आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



महाप्रबंधक को दिया गया आवेदन।

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान के द्वारा तालाब का मुआवजा नहीं मिलने पर प्रितम कुमार सिंह पिता स्व. यशवंत सिंह ग्राम मंगरा लातेहार का निवासी ने बिते तीन सितंबर 2024 को महाप्रबंधक के नाम आवेदन सौंपा था। लेकिन अभी तक कंपनी के द्वारा मुआवजा की राशि नहीं दिया गया है। प्रितम ने बताया कि महाप्रबंधक अरविंद कुमार ठाकुर से इस मामले में पूछे जाने पर बार-बार आश्वासन दिया जा रहा है और बातों को टाला जा रहा है। जमीन 2022 में बिक्री हुआ है और अभी 2024 भी समापन की ओर है लेकिन अभी तक कोई करवाई नहीं की गई है। उन्होंने आगे कहा कि मेरी रैयती भूमि जो तुबेद कोयला खान अंतर्गत आती है, भूमि का अधिग्रहण हो युका है एवं उक्त भूमि का मौजा मंगरा थाना नंबर-330, खाता संख्या-71, प्लॉट 62,84,104, रकबा 1.74 एकड़ है। वर्णित भूमि का मुआवजा राशि प्राप्त कर लिया हुं, परन्तु उपरोक्त भूमि पर स्थित तालाब जिसका निर्माण पूर्व में मेरे पिता स्व. यशवंत सिंह के द्वारा किया गया था तथा सम्मुल परिवार के जिवोकोर्पाजन का एक श्रोत है। जिससे मछली पालन एवं सिंचाई का कार्य किया जाता रहा है जिसका मुआवजा भुगतान वर्तमान समय तक अप्राप्त है। वर्तमान में मेरे परिवार के जिवोकापार्जन के श्रोतों के मुख्य श्रोत उपरोक्त वर्णित तालाब है। प्रितम ने दोमोदर घाटी निगम आर एंड आर पॉलिसी क तहत तालाब को सत्यापन कर मुआवजा राशि भुगतान करने की बात कही है। वहीं इस बावत डिप्टी डायरेक्टर रवि प्रकाश तिवारी से पूछे जाने पर बताया कि मै इस मामला से अभी अवगत हुआ हूं। जांच करने के बाद ही कुछ बता पाउंगा।

## उपायुक्त ने खेल संचालन समिति की बैठक



बैठक करते डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खेल संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा भारत माता भवन, लातेहार का सौदर्यकरण एवं मरम्मति, अनुमण्डल स्तरीय इंडोर स्टेडियम के लिए भूमि चिन्हित, इंडोर स्टेडियम (बेडमिन्टन), लातेहार का सौंदर्यकरण एवं मरम्मत्ति का कार्य, आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एथलेटिक्स (बालक) एसएसथी, लातेहार का छात्रवास भवन एवं रसोईघर का सौंदर्यकरण एवं मरम्मति का कार्य, लातेहार जिला अंतर्गत सभी डे–बोर्डिंग एवं आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को खेल किट उपलब्ध कराने, प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम गारू, बालूमाथ, बरियातु एवं मनिका का सौंदर्यकरण एवं मरम्मति का कार्य, प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम लातेहार, हेरहंज, बरवाडीह, सरयू, चंदवा एवं महुआडांड़ का प्रस्ताव विभाग को भेजने का कार्य, संत जोशेफ प्लस टू हाई स्कूल आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों हॉकी (बालक), लातेहार को सिफ्ट करने, इत्यादि प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त एवं समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त सूची पर विस्तृत चर्चा की गई। तथा जिला स्तर पर खेल संरचना का विकास के लिए विभाग को प्रस्ताव बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

## केकराही गांव में जंगली हाथियों ने मचाया तांडव

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन अंतर्गत केकराही गांव में रविवार की रात्रि एक बार फिर से जंगली हाथियों ने झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। लगभग डेढ़ दर्जन की संख्या में आए जंगली हाथियों के झुंड ने किसान अमित गंझू के गाय के बछिया को पटक कर मौत के घाट उतार दिया साथ ही गांव के कई किसानों के खलिहान में रखे धान के फसल को भी बर्बाद कर दिया। भुक्तभोगी किसान अमित गंझु पिता कुजल गंझु, रामकिशुन गंझू एवं ग्रामीणों ने बताया कि करीब 4 वर्षों से हम लोग परेशानी में हैं, जंगली हाथियों के उत्पात के कारण हम ग्रामीणों को लगातार जान माल की क्षति उठानी पड़ रही है। हम लोग वन विभाग से कई बार वार्ता कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस पहल अभी तक नहीं हुआ है। हम लोगों ने मांग की थी गांव के बगल बगल मुख्य छोर पर स्ट्रीट लाइट लगाया जाए लेकिन अभी तक नहीं लगा। हम लोग पुनः मांग करते हैं कि गांव में स्ट्रीक लाइट लगाया जाए ताकि ग्रामीणों को थोड़ी राहत मिले। वहीं भुक्तभोगी किसानों ने भी विभाग से मुआवजा प्रदान करने की भी मांग की है। मांग करने वालो में रामकिशन गंझु, सुनील ठाकुर, रंजीत गंझु, अकलू गंझु, सुमित गंझु, रामदेव गंझु, हरि लाल गंझु समेत कई ग्रामीण शामिल हैं।

## मनिका पुलिस ने दोमुहान नदी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव किया बरामद

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत दोमुहान नदी के पास से दिन सोमवार को मनिका पुलिस के द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीणों ने दोमुहान नदी के पास बालू से दबा हुआ एक शव को देखा जिसके बाद मामले की जानकारी थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार को दी गई। वहीं जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही थाना प्रभारी शशि कुमार अपने दलबल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचे और शव को बालू से बाहर निकलवाया जहां पर देखा गया कि उक्त शव एक युवक का है जिसके पेट में लगभग 10 से 15 टांके लगे हुए थे,पैर में मजदूरी का काम करने वाला जूता पहना हुआ था और शव को काला प्लास्टिक से लपेट कर बालू में लगभग तीन से चार फीट के अंदर दबाया गया था। वहीं शव देखने से प्रतीत हो रहा था कि तीन से चार दिन पुराना है जिसके कारण शव की पहचान नहीं हो पा रही थी। वहीं मनिका पुलिस के द्वारा मामले की गंभीरता पूर्वक जांच करते हुए शव का पहचान करने का प्रयास किया जा रहा था साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया। मौके पर मनिका थाना एएसआई मिश्रा मांझी, समाजसेवी अख्तर अंसारी, पूर्व मुखिया संजय सिंह, सुदेश्वर सिंह समेत पुलिस बल के कई जवान उपस्थित थे।

## पुलिस ने दो हथियार के साथ दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते पुलिस।

**बालूमाथ।** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हेरहंज पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि हेरहंज थाना अंतर्गत पांकी सीमावर्ती इचाक जंगल से अपराधियों द्वारा एकत्रित होकर क्षेत्र में रंगदारी व लेवी लेने की योजना बना रहे हैं इसके बाद एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। जिसमें दो अपराधी गिरफ्तार किए गए। जिसमे परमेंद्र राम उर्फ गुड्डू राम उर्फ गुड्डू भुइयां 24 वर्ष पिता कामेश्वर राम उर्फ कामेश्वर भुइयां ग्राम केरकी थाना पांकी जिला पलामू वही दूसरा कमलेश यादव 29 वर्ष पिता भागेश्वर यादव ग्राम सेरन्दाग थाना हेरहंज जिला लातेहार निवासी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों अपराधियों के पास से एक देसी लोडेड कट्टा,एक देशी राइफल एवं कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में हेरहंज थाना में कांड संख्या 44/24 धारा 111(3)/308(4)/61बीएनएस 25(1-बी)(ए)/26/35 आर्म्स एक्ट,17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। और सभी गिरफ्तार अपरधियों को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों द्वारा टीएसपीसी,जेपीसी नामक उग्रवादी संगठन के नाम पर विभिन्न ईटा भट्ठा व्यवसायों एवं तुबैद कोल माइंस से काम करने वाले विभिन्न ट्रांसपोर्टों से रंगदारी की मांग की जा रही थी। वहीं गिरफ्तार अपराधियों में से परमेन्द्र राम पर पांकी, मनिका व चंदवा थाना में कई मामले दर्ज है। वही कमलेश यादव पर चंदवा, पांकी थाना में मामला दर्ज है। इस छापेमारी दल में हेरहंज थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह एसआई मिथिलेश पासवान, एएसआई दिलीप कुमार, पंकज कुमार समेत शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डुमारो के गारुआ गढ़ा जंगल से वृद्धा का शव बरामद

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत के गारुआ गढ़ा जंगल सोमवार के सुबह ग्रामीणों के द्वारा एक वृद्ध का पड़ा हुआ देखा गया। जंगल में वृद्ध का शव पड़े होने की सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में ले लिया। जांच पड़ताल के क्रम में मृतका की पहचान सुकरी देवी पति स्व. सोमरा उरांव (दुबी चंदवा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सुकरी देवी रविवार को अपने किसी रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकली थी, इसी दौरान वह रास्ता भटक कर जंगल में चली गई। रात भर जंगल मे ठंड में रहने के कारण वृद्धा की मौत होने की संभावना जताई जा रही है।

## कोयला लदे वाहन पलटा बाल-बाल बचे चालक



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के रांची चतरा मुख्य मार्ग बारिखाप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सोमवार अहले सुबह कोयला लदा बारह चक्का हाइवा जेएच 02बी पी 5595 अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे चालक एंव उप चालक बाल–बाल बच गए। वाहन दुर्घटना के संबंध जानकारी देते हुए चालक दिनेश उरांव 25 पिता देवा उरांव ने बताया कि केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडू कोल माइंस से कोयला लोड कर टोरी साइडिंग जा रहे थे कि बारिखाप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समिप विपरीत दिशा से आ रही एक हवाई वाहन के लाईट से मेरे आंख बंद हो गई और सड़क के किनारे मिट्टी पर चढजाने के कारण वाहन पलट गई। वाहन असंतुलित होता देख मै और उप चालक सिकंदर कुमार मुणडा, तड़प कर जान बचाये। चालक ने आगे बताया कि वाहन हजारीबाग निवासी मंटू कुमार मेहता का है।

## पुलिस ने छरी लदा हुआ एक ट्रिपर किया जब्त

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हेंदेहास से सोमवार की शाम पांच बजे के करीब बरवाडीह पुलिस ने एक छरी लदा डंफर (ट्रिपर) पकड़ा है। बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में यह कारवाई की गई है। पुलिस ने ट्रिपर को जप्त कर थाना में लगा दिया है और अग्रेतर कारवाई में जुट गई है। इधर मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा जप्त किया गया छरी लदा डंफर क्रेशर संचालक भीम प्रसाद का बताया जा रहा है। गौरतलब है कि बरवाडीह में पत्थर खनन का लीज नहीं होने के बाद भी क्रशर संचालित हो रहे है। सूत्रों की माने तो क्रशर संचालकों द्वारा वन क्षेत्र (इको सेंसटिव जॉन) से पत्थर तुड़वाने का काम चोरी छिपे किया जाता है। वहीं अवैध पत्थरों को एक नंबर दिखाने के लिए तुम्बागड़ा के बोहिता नामक जगह से लीज के कुछ पत्थरों को भी लाया जाता है। लेकिन इस बार अवैध कारोबार पर पुलिस का डंडा पड़ गया है। जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इधर पूरे मामले में पुलिसिया जांच शुरू कर दी गई है। इसके खिलाफ खनन विभाग को रिपोर्ट की जाएगी।

## चंदवा: रुद मूर्तिया के समीप एनएच किनारे चोरों ने गिराया ट्रांसमिशन लाइन का टावर

# रविवार की देर रात टावर काटकर लगा दिया गया ठिकाना

- लगभग 30 टन स्क्रैप को ट्रैक्टर में लोड कर की गयी तस्करी
- 50 से अधिक संख्या में आये थे चोर, सुबह लगभग 6:30 बजे तक काटा व ढोया गया स्क्रैप
- खौफ के साये में गुजरी ग्रामीणों की रात, घरों ने दुबके ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरा हुआ ट्रांसमिशन लाईन का टावर।


**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र में विगत लंबे समय से स्क्रैप माफिया व चोर गिरोह बेखौफ होकर ट्रांसमिशन लाइन के डेड हो चुके हाई टेंशन टावर व बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट से स्क्रैप व लोहा की चोरी धड़ल्ले से कर मालामाल हो रहे हैं। चुनाव सम्पन्न होने के बाद से चोरो का आतंक काफी बढ़ गया है व बेखौफ होकर टावर व स्क्रैप की चोरी की जा रही है। ताजा मामला रविवार की रात्रि थाना क्षेत्र अंतर्गत चेटर पंचायत के रुद मूर्तिया स्थित एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत एनएच ने लगभग 400 मीटर दूरी की है जहां रविवार की देर रात्रि चोरों ने एक हाई टेंशन टावर को काटकर गिरा दिया। टावर के घरसाई होने के बाद जोरदार आवाज से आसपास के लोग सहम गए व घरों ने बाहर निकलकर भी देखा, चोरी की संख्या काफी अधिक होने व गैस कटर से लोहा काटे जाने के कारण उठ रही तेज रोशनी के कारण ग्रामीण सहम गए व डर से घरों में दुबकना मुनासिब समझा। इसके बाद रात भर चोर हो हल्ला करते हुए टावर को काटकर लगभग 20 से 25 टन स्क्रैप को ट्रैक्टर से लोड कर सुरक्षित स्थानों पर ले गए जहां से बढ़े ट्रक में भरकर स्क्रैप को अन्यत्र भेज दिया गया। जबकि अभी भी लगभग 8 से 10 टावर का स्क्रैप घटना स्थल पर ही पड़ा हुआ है। ग्रामीणों की माने तो चोर अहले सुबह लगभग 6:30 बजे तक डटे हुए थे और बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। सूत्रों की माने ने तो चोर पिकअप व ऑटो वाहन से आये थे, जबकि चोरी की घटना को ऑपरेट करने को लेकर एनएच किनारे कुछ लोग कार में बैठकर निगरानी कर रहे थे। बता दें कि ट्रांसमिशन लाइन के टावर व अभिजीत पावर प्लांट से स्क्रैप को चोरी करने में कई चोर गिरोह लगे हुए हैं। अतबत चोरों के द्वारा करोड़ो रुपए की संपति की चोरी कर चंदवा समेत बालूमाथ, कुडू, लातेहार समेत दूसरे स्थानों के कबाड़खानो में खपा दिया गया है, जिससे चोर गिरोह के लोग मालामाल हो रहे हैं व अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। इक्का दुक्का मामलों में कार्रवाई को छोड़ दिया जाए तो चोर बेखौफ होकर अपने मंसूबे में कामयाब हो रहे है जो प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन गए है।

मामले को लेकर पूछे जाने पर चंदवा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि मामला पुलिस के संज्ञान में आया है, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच की जा रही है, चोरी की घटना में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, एक चोर गिरफ्त में भी आया है, जल्द ही बचे अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# फिक्र मंहगाई की

भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर फिक्रमंद है। उसे चिंता है कि महंगाई बढ़ी तो त्योहार की रौनक प्रभावित हो सकती है। तभी मौद्रिक नीति की घोषणा करते वक्त केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को यथावत बनाये रखा है। दरअसल, केंद्रीय बैंक का लक्ष्य है कि महंगाई की दर को चार फीसदी से नीचे रखी जाए। चिंता जतायी जा रही है कि आने वाले दो वर्ष में यह दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। जब दो साल पहले खुदरा महंगाई की दर सात फीसदी के करीब पहुंच गई थी तो केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाने का प्रयास किया। बैंक ने धीरे-धीरे रेपो दर में वृद्धि की थी। अब महंगाई बढ़ने की फिक्र में केंद्रीय बैंक ने दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है। जो फिलहाल साढ़े छह फीसदी है। दरअसल, बैंक का आकलन है कि आने वाले दो वर्षों में महंगाई की दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। केंद्रीय बैंक यदि उद्यमियों के दबाव के बावजूद बैंक दरों में कमी नहीं कर रहा है तो उसकी वजह महंगाई है। महंगाई नियंत्रित रही तो विकास दर दो अंकों का आंकड़ा छू सकती है। दुनिया को रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम एशिया के संकट से जूझना पड़ रहा है, भारत उससे अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है। यह एक हकीकत है कि जहां दुनिया के अन्य विकसित देश मंदी के संकट से जूझ रहे हैं, भारत मंदी के दुष्प्रभाव से अर्थव्यवस्था को बचा पाया है। निस्संदेह, हमारी मौद्रिक नीतियां आर्थिकी को स्थायित्व प्रदान करने में किसी हद तक सफल रही हैं। यही वजह है कि संवेदनशील आर्थिकी के वैश्विक परिदृश्य में केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीतियों में बदलाव से परहेज किया है। निस्संदेह, भारत इस समय दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिये खासी सावधानी भी जरूरी है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

मिथुन : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

कर्क : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

सिंह : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

तुला : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की प्रतिबद्धता

-ललित गर्ग

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं।

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को ह्यडोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनरह्न और गुयाना ने ह्यऑर्डर ऑफ एक्सीलेंसह्न से नवाजा।

भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी



दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो।



-ललित गर्ग

> अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है।

भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि ह्यआप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।ह्न आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बडे. नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण।

जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है।

## लेटर टू एडिटर

### मानवता के दुश्मन

**यह** समय जरूरतमंदों की मदद का है ताकि वे बीमारी और संकटकालीन स्थिति से उबर सकें और हम अपने मानवीय होने का प्रमाण दे सकें। मगर, लोग आज जिस तरह हालातों का फायदा उठा रहे हैं, उससे यह महामारी और भयावह हो गई है। कोरोना कुछ लोगों को धंधे करने का एक बड़ा अवसर बन गया है जो समूची मानवता के नाम पर कलंक है।

**-अमृतलाल, हजारीबाग**

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-विजय सिंह, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**वर्तमान** समय में आश्चर्यचकित करने वाली बीमारियां चुनौती बन रही हैं और इसका समाधान तत्काल राज्य के पास उपलब्ध नहीं हो पाता है।

लेकिन आने वाले समय में यह हम सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि राज्य में हर क्रिटिकल बीमारी का इलाज संभव हो सके, इसके लिए राज्य स्तर पर भी काम चल रहा है एवं निजी सहयोग के साथ भी हम लोग कार्य कर रहे हैं।

कई माध्यमों से हम लोगों ने स्वास्थ्य की व्यवस्था में सुधार करने की कोशिश भी की है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य के पूर्व की स्वास्थ्य स्थिति में बहुत बदलाव आया है। हालांकि अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

# हर साल देश से 80 हजार बच्चे गायब हो जाते हैं

**वीना गौतम**

समस्या

**दुनिया** में भारत से हर दिन हजारों की संख्या में बच्चे लापता हो रहे हैं। हर साल देशभर से लगभग 80,000 से ज्यादा बच्चों के गायब होने का क्या मतलब है? राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के दिसंबर 2023 में जारी आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 में 83,350 बच्चे गायब हुए, जिनमें 20,380 लड़के व 62,946 लड़कियां और 24 ट्रांसजेंडर थे। इनमें ज्यादातर तलाश भी लिए गये लेकिन 2781 बच्चे हमेशा हमेशा के लिए ओझल हो गये। जबकि इसके पहले एनसीआरबी ने जो डाटा 2022 में पेश किया था, उसमें लापता हुए बच्चों की संख्या 76,069 थी। मतलब साफ है कि अगले एक साल में लापता हुए बच्चों की संख्या में तकरीबन 6000 की बढ़ोतरी हो गई। जबकि 2021 में गायब होने वाले बच्चों की संख्या सिर्फ 33,650 थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि बच्चों के गायब होने की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो रही है।

## उपलब्ध आंकड़ों से कहीं ज्यादा बच्चे गायब

सवाल है एक तरफ जहां बच्चों की सुरक्षा के लिए हर साल नई से नई बातें कही जाती हैं, कसमें खायी जाती हैं और आधुनिक से आधुनिक उपकरण लगाकार सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। फिर भी मासूमों के गायब होने के सिलसिले में जरा भी कमी आने की बजाय बढ़ोतरी क्यों रही है? अगर इस मामले में हम एनसीआरबी के आंकड़ों की जगह उन गैरसरकारी संस्थाओं पर यकीन करें, जो बच्चों के लापता होने की समस्या में काम करती हैं, तो बच्चों के गायब होने की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा है। इनके मुताबिक तो हर साल 80-85 हजार नहीं बल्कि कई लाख बच्चे गायब हो रहे हैं। यही वजह है कि आज देश में हर एक मिनट में कम से कम दो बच्चे गायब हो रहे हैं। घर से बिछुड़कर आखिर ये मासूम कहां चले जाते हैं? क्योंकि जो बच्चे अगले एक महीने तक नहीं मिलते, घरों से गायब होने वाले ऐसे बच्चों के घर वापस न आने की आशंका करीब सौ फीसदी हो जाती है।

## सुराग नहीं मिलते

जो बच्चे गायब होने के बाद मिल जाते हैं, उनके बारे में तो हम थोड़ा-बहुत जानते भी होते हैं कि इन्हें कौन और कैसे बहला-फुसलाकर ले गया था। लेकिन जो बच्चे कभी लौटकर आये ही नहीं, उनके बारे में मां-बाप कुछ भी नहीं जानते। संचार के साधनों के बावजूद एक-डेढ़ फीसदी बच्चे गायब होने के बाद कभी वापस नहीं आते। हालांकि अपराधियों की धड़पकड़ में हाल के सालों में इजाफा हुआ है। पुलिस के पास आज पहले के मुकाबले जांच पड़ताल के बेहतर संसाधन हैं, इसके बाद भी गायब बच्चों की एक तय संख्या लौटकर घर नहीं आती, तो आखिर उनका होता क्या है? उनका कोई सुराग क्यों नहीं मिलता?

## रिपोर्ट ही नहीं लिखी जाती

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ऑफ इंडिया के डाटा विश्लेषण के मुताबिक हर दिन हजारों की संख्या में गायब होने वाले बच्चों में से बहुत मामूली संख्या में ही बच्चे लौटकर आ पाते हैं। सैकड़ों बच्चों की तो रिपोर्ट ही नहीं लिखी जाती, उनके मां-बाप द्वारा कोशिश किये जाने पर पुलिस उन्हें डांटकर थाने से भगा देती है। जिन बच्चों को निठारी कांड में क्रूरता की बलि चढ़ा दिया गया था, उनके मां-बाप ने पुलिस से उनके लापता होने की शिकायतें की थीं, लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान ही नहीं दिया।

## अपराध के शिकार

वास्तव में जो बच्चे कभी भी वापस घर नहीं आ पाते, वो अपराधियों के चंगुल में फंस जाते हैं। गायब होने वाली लड़कियों के साथ अकसर रेप जैसी घिनौनी वारदातें होती हैं और ज्यादातर को मार दिया जाता है। अगर इंटरनेशनल क्राइम पर नजर रखने वाले पत्रकारों की रिपोर्टें देखें तो पता चलता है कि ऐसे सैकड़ों बच्चों के अंगों की तस्करी होती है। सफेदपोश संगठन इन बच्चों के अंगों को अकसर चुपचाप निकाल लेते हैं।

बच्चे आतंकवाद का भी सबसे आसान हथियार बन जाते हैं। कुछ साल पहले आयी यूएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के सत्ता विरोधी सशस्त्र संगठनों ने बच्चों को अपने संघर्षों में हिस्सेदार बना दिया है। बच्चों के खोने की आपराधिक घटनाओं में तमाम सरकारी, गैर सरकारी प्रयासों के बावजूद कमी नहीं आ रही बल्कि खोने वालों बच्चों की तादाद लगातार बढ़ रही है।

# लाइक-कमेंट की चाह में मंडराती मौत की रील

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

मीडिया

**आज** का युवा रील लाइफ में जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर अधिक लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरूआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा लाइफ में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहरों में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है।

कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं।

लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुंच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी-किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व



जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना।

रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और अधिक सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्व का अहसास कराना चाहिए। वैसे तो बहुत से विषय हैं रील बनाने के, यदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित की जा सकती है। रील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखें। बच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करें। बच्चों को वक्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें।

सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं। सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वह कुछ गलत न कर सके।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### चुरचू स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और अस्पताल कर्मियों की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन

**चरही।** चुरचू सीएचओ स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने अस्पताल के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही अस्पताल के गेट में ताला जड़ दिया। मामला यह था कि बीते 28 नवंबर को 4.30 बजे रिंकी कुमारी पति मिथलेश यादव (32 वर्ष) सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसको ईलाज के लिए चुरचू अस्पताल लाया गया। लेकिन डॉक्टर और अस्पतालकर्मियों को नहीं रहने के कारण ईलाज में काफी देर हो चुकी थी। घायल महिला को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने अस्पताल के डॉक्टर और कर्मियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में किसी तरह की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। डॉक्टर और अस्पतालकर्मी भी अस्पताल परिसर में उपलब्ध नहीं रहते हैं। इस मामले को लेकर गुस्साए घायल के परिजन और ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया और 13 सूत्री मांग-पत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक राम को सौंपा। मांगों को लेकर दोपक्षीय वार्ता कर मांगों पर विचार-विमर्श किया गया। घायल के परिजनों और ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि डॉ.सरोज कुमारी और दो कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है और वेतन पर रोक लगायी गयी है। आगे लिखित रूप से कहा कि अस्पताल में सभी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी तथा 24 घंटे डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी सेवा देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। साथ ही मरीजों के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध कराया जाएगा सहित 13 सूत्री मांगों पर सकारात्मक वार्ता हुई। इन सभी मांगों से सिविल सर्जन को अवगत कराया गया। धरना प्रदर्शन में विकास कुमार, पिंटू यादव, संजय कुमार दास, राजेश यादव, संतोष यादव, दीपक ठाकुर, चंदन कुमार सहित मृतक के परिजन और दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### डीपीएस व एंजल्स हाई स्कूल ने हेलमेट पहनना किया अनिवार्य

**हजारीबाग।** डीपीएस स्कूल व एंजल्स हाई स्कूल ने छात्रों को स्कूल छोड़ने वाले अभिभावकों व स्कूल के शिक्षकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया है। इसको लेकर स्कूल के गेट के सामने नोटिस चस्पा दिया गया है। ज्ञात हो कि दो दिन पहले इस स्कूल के छात्र अमन कुमार की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी थी। छात्र छुट्टी के बाद अपनी मां लीलावती देवी के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर वापस जा रहा था। इसी दौरान वे विपरीत दिशा से आते हुए हाइवा की चपेट में आ गए थे। बताया जा रहा है कि उस दौरान मां-बेटे ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। इस घटना से आहत डीपीएस स्कूल ने दृढ़ रुख अपना रखा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल छोड़ते और लाते समय सावधानी बरतें और हेलमेट का इस्तेमाल करें। अभिभावकों को यह समझने की जरूरत है कि हेलमेट उनकी अपनी सुरक्षा के लिए है और इसे केवल यातायात के दंड से बचने के लिए नहीं पहना जाना चाहिए। दो पहिया वाहन के पीछे बैठने वाले बच्चो के लिए भी हेलमेट होनी चाहिए। साथ ही स्कूल प्रबंधन ने स्कूल के सभी शिक्षक, कर्मचारी और अन्य स्टाफ सदस्यों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया है। बिना हेलमेट स्कूल में प्रवेश को सख्ती से रोका जाएगा।

### चरही में अलाव और कंबल वितरण की मांग

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही तथा आस-पास के गांवों में तीन/चार दिनों से ठंढ का प्रकोप बढ़ गया है। अभी तक जिला प्रशासन की ओर से इसके लिए कोई पहल नहीं की गई है। आने-जाने वाले ग्रामीणों राहगीरों और मजदूरों को ठंढ से बचने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सूर्य ढलते ही लोग अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। सुबह 9 बजे के बाद ही लोग घर से निकल पाते हैं। अगर प्रशासन के द्वारा क्षेत्र के चौक चौराहों पर अलाव का सुविधा दी जाती तो इससे लोगों को काफी राहत मिल सकती थी। इसके लिए कोई पंचायत प्रतिनिधि और ना ही जनप्रतिनिधि मुखर दिखाई दे रहे हैं। कई ऐसे लोग हैं जो रात में बाहर से आते हैं और वाहन की आस में सुबह कर देते हैं। ठंढ में ठिठुरने के सिवाय कोई चारा नहीं रहता। अलाव की व्यवस्था होती तो कुछ राहत मिल सकती थी। यही हाल काम करने वाले मजदूरों का है। स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराई जाये तथा गरीब और असहाय बुजुर्गों के लिए कंबल का वितरण कराया जाये ताकि लोगों को ठंढ से राहत मिल सके।

### चलती कार में लगी आग, चालक और सवार बचे

**बरही।** बरही रेलवे ओवर ब्रिज पर रविवार को एक चलती चार पहिया वाहन कार में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना उस समय हुई जब कार बरही से चौपारण की ओर जा रही थी। कार में मौजूद चालक और यात्री आग लगने की आहट सुनते ही सतर्क हो गए और समय रहते वाहन से बाहर निकल गए। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन प्राथमिक जांच में शंका जताई जा रही है कि यह आग शॉट सर्किट के कारण लगी होगी। घटना के दौरान आग इतनी तेजी से फैली कि वाहन के अंदर सवार लोगों को वाहन छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए तुरंत बाहर कूदना पड़ा। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर रवाना हुई। हालांकि, जब तक फायर ब्रिगेड का वाहन वहां पहुंचा, तब तक आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन पूरी तरह से जलकर राख हो गया।

### समाजसेवी स्व. रामनारायण यादव की पुण्यतिथि 5 को

**बरही।** आरएनवाईएम कॉलेज, बरही में आगामी 5 दिसंबर को प्रख्यात समाजसेवी स्व. रामनारायण यादव की पुण्यतिथि महाविद्यालय प्रांगण में श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर बरही के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव के सम्मान में एक विशेष समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने दी। महाविद्यालय परिवार ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, और क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### पिंडरा जंगल में जब्त कोयले के मामले में कुजू पुलिस ने तीन तस्करों पर किया मामला दर्ज

**कुजू।** कुजू पुलिस ने पिंडरा के ओबी डंप के पीछे जंगल से पकड़े गए 35 टन अवैध मामले में तीन लोगों पर मामला दर्ज किया है। जिसमें हुवाग निवासी अकबर अंसारी, मुमताज अंसारी व दुधमटिया निवासी जलेश्वर करमाली पर 275/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो रामगढ़ एसपी अजय कुमार को सूचना मिली थी कि ओपी क्षेत्र के पिंडरा ओबी डंप के पीछे जंगल में छिपाकर रखा गया है। इसके बाद कुजू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 35 टन अवैध कोयला को जब्त किया था।

## एनटीपीसी ने टारगेट पूरा कर बनाया रिकॉर्ड

# कटकमसांडी कोल साइडिंग में की 1000वीं कोयला रैक की रवानगी

● देश कर हर चौथा बल्ब एनटीपीसी की बिजली से रौशन : नवीन कुमार गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



इस उपलक्ष्य में परियोजना के हेड ने बिरहोर टंडा में आदिम जनजाति बच्चों के बीच किया स्कूल बैग का वितरण

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी रेलवे साइडिंग में एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत (पियनम) कंपनी के द्वारा 02 दिसंबर 2024 को कटकमसांडी रेलवे साइडिंग से 1000 वें कोयला रैक भेज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसके साथ ही परियोजना ने सोमवार को महज कुछ दिनों के रिकॉर्ड समय में 1000 कोयला रैक भेजकर एक मील का पत्थर हासिल किया।

चट्टी बरियातू परियोजना के निदेशक पवन कुमार रावत ने इस उपलब्धि पर सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आज देश का हर चौथा बल्ब एनटीपीसी की बिजली से रौशन है और हमारी परियोजना का योगदान इसमें बहुत अहम रहा है। उन्होंने ये कहा कि जो टीम सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट कोल प्राइवेट लिमिटेड ने कड़ी मेहनत से अपना एक लक्ष्य निर्धारित करने और टीम के साथ लक्ष्य हासिल करने की संस्कृति विकसित की है। इसी उपलक्ष्य के दौरान आज परियोजना के हेड नवीन कुमार गुप्ता और सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट के मालिक आशुतोष सिंह उर्फ मोनू सिंह ने कटकमसांडी के बिरहोर टंडा में बसे आदिम जनजाति के बच्चों को अपने हाथों से स्कूली बैग का वितरण किया। आशुतोष सिंह ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में आदिम जनजाति के लिए मेरी कंपनी यानी सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट कोल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बेहतरीन व्यवस्था दी जाएगी ताकि इस ठंड में आदिम जनजाति का इस ठंड में ठंड का एहसास न हो। उन्होंने यह भी कहा कि कटकमसांडी में कुछ ऐसे आवासीय विद्यालय हैं, जिसमें एक अच्छी व्यवस्था दी जाएगी।

मौके पर एचओपी नवीन कुमार गुप्ता, डिस्पेच पवन कुमार रावत, एचओडी माइनिंग पवन कुमार, खानडवे, सवेन कुमार, विजय किशोर, मनोज कुमार बेहरा, गणपत यादव, जयंत कुमार साहू, विनय सिंह, शिवशंकर कुमार, आशुतोष सिंह उर्फ मोनू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### एआईसीसी की राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेसियों के साथ की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कार्यालय विधान भवन कोलकाता में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बतौर सह प्रभारी के रूप में राज्य की कार्यकारिणी बैठक में भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलाम अहमद मीर, सचिव असफ अली खान और पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष शुभांकर सरकार मौजूद थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में आयोजित बैठक में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस पार्टी की मजबूती, पार्टी के भविष्य के रोडमैप को आकार देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में रणनीतियों पर चर्चा करने और विशिष्ट मुद्दों के समाधान के लिए संगठन के भीतर विभिन्न समूहों के साथ अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। इस अवसर पर हुई चर्चाओं पर अंबा प्रसाद ने कहा कि बैठक सकारात्मक और प्रेरणादायक रही, इससे पार्टी में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

### रोटरी क्लब भुरकुंडा ने दिव्यांग बच्चों के लिए पैराडाइज पब्लिक स्कूल को दिया व्हीलचेयर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने दिव्यांग बच्चों की सुविधा के लिए सोमवार को हेहल स्थित पैराडाइज पब्लिक स्कूल को व्हीलचेयर प्रदान कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। विद्यालय को व्हीलचेयर प्रदान करते हुए क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा और सचिव रोटेरियन रंजीत गुप्ता ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को बस से आने के बाद स्कूल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बच्चों को बस से उतरने के बाद स्कूल जाने में सुविधा मिल सके इसी उद्देश्य से रोटरी क्लब ने विद्यालय को व्हीलचेयर प्रदान किया है। उन्होंने कहा जरूरतमंदों की सेवा और जागरूकता फैलाते हुए क्षेत्रवासियों की हरसंभव मदद करना ही क्लब का उद्देश्य है। अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि पैराडाइज पब्लिक स्कूल हेहेल के छात्र दिव्यांग हार्दिक पांडेय, रौनक खान, रहमानिया खान आदि बच्चों के लिए रोटरी क्लब द्वारा दिया गया व्हीलचेयर काफी लाभदायक सिद्ध होगा। मौके पर अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा, सचिव रोटरी रंजीत गुप्ता, अजय गोयल, डॉ. एनके सिंह, सुषमा शर्मा, रीना गुप्ता सहित विद्यालय के प्राचार्य मो. इकबाल जावेद और विद्यालय परिवार मौजूद थे।

### कार्यस्थल में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित

**रामगढ़।** नई चेतना 3.0 लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जेंडर अभियान का 25 नवंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक संचालित है। इस अभियान के अंतर्गत जेएसएलपीएस रामगढ़ द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जेएसएलपीएस रामगढ़ के जिला कार्यालय में पोश एक्ट 2013, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ की अधिवक्ता मंजूरी चाकी द्वारा कार्यशाला में इस अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी और आंतरिक शिकायत कमिटी के गठन की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जेएसएलपीएस के पदाधिकारी, कर्मी एवं सभी प्रखंडो के प्रखण्ड कार्यकम प्रबंधक उपस्थित थे।

### बिरसा परियोजना में इनमोसा की बैठक में संडे का पैसा नहीं मिलने पर कर्मियों ने जताया रोष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना में सोमवार को इनमोसा की बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस (इन आउट) करने के लिए बरका-सयाल क्षेत्र के सिर्फ बिरसा परियोजना में प्रबंधन द्वारा पत्र जारी किया गया है। लेकिन अभी तक बिरसा परियोजना के सभी स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन नहीं लगायी गयी है। सर्वसम्मति से इनमोसा के लोगों ने निर्णय लिया है कि जब तक पूरे क्षेत्र में बायोमेट्रिक मशीन नहीं लगायी जायेगी, तब तक हमलोग इन-आउट नही करेंगे। मौके पर इनमोसा के साथियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बरका-सयाल प्रबंधन ने संडे ड्यूटी कराकर पेमेंट नहीं किया है और इसकी जानकारी भी नही दी है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल
भवन निर्माण विभाग, राँची।
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

निविदा स्थगित सूचना

Nodal Officer, -Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi द्वारा PR. No. 338273 Building (24-25):D के तहत प्रकाशित Construction of Jharkhand Bhawan at Sector-30A, Vashi Navi Mumbai, Maharashtra कार्य का NIT 31/2024-25 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ० नि० वि०
राँची।

PR 340926 Building(24-25)D

### मातृ संस्था जन आकांक्षा एवं महाविद्यालय प्रबंधन ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की



**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के बीएड सत्र 2022-24 का अंतिम, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा प्रकाशित परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान पर सुश्री दिव्या रानी 83.35%, द्वितीय सुश्री सिन्धु कुमारी 83.28% और तृतीय स्थान पर सुदीप्ता अवस्थी 82.35% रही। मातृ संस्था जन आकांक्षा सोसाइटी के सचिव मनिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार एवं महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा एवं बीएड शिक्षकों में रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा, सुश्री संजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम, डीएलएड प्रभारी विभागाध्यक्ष सुश्री सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, सतीश कुमार बिन्द इत्यादि ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

ब-अदालत

कोर्ट नोटिस

श्री चंद्रभानु कुमार, पीठासीन पदाधिकारी,
वाणिज्यक न्यायालय, राँची
सह दीवानी न्यायाधीश वरीय कोटि प्रथम, राँची
वाणिज्यक वाद संख्या - 63/2022
केनरा बैंक, राँची ब्रांच ।।, अब केनरा बैंक थड़पखना ब्रांच.... वादी
बनाम
मेसर्स कल्यानी इन्टरप्राइजेज ... प्रतिवादी

नोटिस बनाम

1) मेसर्स कल्यानी इन्टरप्राइजेज प्रोपराइटर श्रीमती मीना देवी, पति सुनील कुमार, पता महुआ टोली, पलक निकेतन, मिलन चौक, खादगढ़ा, पोस्ट- हेहल, थाना सुखदेवनगर, जिला - राँची, पिन - 834005
2) श्रीमती मीना देवी, पति सुनील कुमार, पता महुआ टोली, पलक निकेतन, मिलन चौक, खादगढ़ा, पोस्ट- हेहल, थाना सुखदेवनगर, जिला राँची, पिन - 834005
3) श्री सुनील कुमार पिता शिवानन्द सिंह, पता महुआ टोली, पलक निकेतन, मिलन चौक, खादगढ़ा, पोस्ट- हेहल, थाना सुखदेवनगर, जिला राँची, पिन - 834005

बजरिए इस नोटिस के द्वारा आप सभी को सूचित किया जाता है कि आवेदक वादी ने आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में उपरोक्त वाद दायर किया है, न्यायालय से पंजीकृत डाक एवं नजारत द्वारा नोटिस जारी किया गया लेकिन आप मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए। अतः न्यायालय के आदेश से इस प्रकाशन नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको उपस्थित हेतु दिनांक 20.12.2024 को 10.30 Am. दिन में निर्धारित किया गया है।आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अगर उक्त तिथि आप उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमा कि सुनवाई एक पक्षीय कर दी जाएगी, इसे सख्त ताकीद जानें। यह प्रकाशन नोटिस न्यायालय की सील, मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से निर्गत किया जा रहा है।

दिनांक 02-12-2024
स्थान : रांची
श्री चंद्रभानु कुमार, पीठासीन पदाधिकारी
वाणिज्यक न्यायलय, राँची

कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा।
पत्रांकः– सिमडेगा,दिनांकः–

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के पत्रांकः–723 दिनांकः–25.11.2024 द्वारा आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–WRD/MID Simdega/F2-06/2024-25 दिनांकः–25.12.2024 द्वाराः– Constructon of Parkala Solar Powerd L.I.Scheme Block-Kurdeg जो दिनांकः–30.11.2024 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ (पी.आर.नम्बर– 340541(Simdega)/ 2024–25 (D)) को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।
विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in. एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा।

PR 340929 Simdega(24-25)D

### शिक्षा से एक बेहतर समाज का निर्माण होता है : शफीक अनवर

● वेलफेयर फांउडेशन ने वार्षिक शिक्षा कार्यक्रम का किया आयोजन कई लोग हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रजरप्पा।** चितरपुर वेलफेयर फांउडेशन के तत्वाधान में रविवार को चितरपुर कटहल टोला में वार्षिक शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची से समाजसेवी शफीक अनवर एवं विशिष्ट अथिति रांची से तनबिर तनवीर आलम ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अथिति ने कहा कि शिक्षा से एक बेहतर समाज का निर्माण होता, बेहतर समाज से ही बेहतर राष्ट्र का निर्माण होता है। इसलिए हम सभी को बेहतर समाज के निर्माण के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना चाहिए. इसलिए सभी को शिक्षा ग्रहण करना काफी जरूरी है। इस दौरान विशिष्ट अथिति ने शिक्षा और समाज निर्माण के महत्व पर ओपन विचार व्यक्त किया. साथ ही छात्र छात्राओं को कई मार्गदर्शन

भी दिया. साथ ही अन्य वक्ताओं ने शिक्षा और बेहतर समाज निमाण में अपनी अपनी विचार रखा. कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र छात्राएं ने हिस्सा लिया। वही प्रोफेशनल कोर्स जो कई महीनों से चितरपुर वेलफेयर फांउडेशन के प्रांगण में सफल पूर्वक चल रहा था. उसके सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया. वहीं हमेशा की तरह इस साल भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड हफीज उल्लाह सिद्धिकी को दिया गया. इस साल बिजनेस आईकॉन ऑफ चितरपुर का अवार्ड शफीक अनवर को दिया गया। साथ ही 10इँ और 12इँ वर्ग के टॉपर को भी सम्मानित किया माया। जबकि संस्था के अध्यक्ष इंतेखाब अली ने संस्था के विजन, मिशन और भविष्य की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। यहां पहुँचे अथितियों का बुके देकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम का संचालन संस्था के सदस्य खतीब आलम और धन्यवाद ज्ञापन संस्था के कोषाध्यक्ष तनजीम अहमद ने किया. प्रोग्राम के सफल आयोजक संस्था के संस्थापक व सचिव असद हुसैन ने किया. इस अवसर पर संस्था के कई सदस्य एवं चितरपुर के गन्यमाण लोग एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं शामिल थे। बताते चले कि फाउंडेशन पिछले 8 सालों से शिक्षा के स्तर पर विशेष कार्य कर रहा है.

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
समाज कल्याण शाखा
(बाल-संरक्षण)

आम सूचना



बाल कल्याण समिति, कोडरमा के कार्यालय पत्रांक–587/बा0क0स0, दिनांक–28.10.2024 के आलोक में गुमशुदा बालिका– नामालूम, उम्र–2 वर्ष लगभग पिता व माता– नामालूम, पता– नामालूम को RPF, कोडरमा द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् बाल कल्याण समिति कोडरमा के निदेशानुसार उक्त बालिका को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, हजारीबाग में आवासीत कराया गया है। बालिक कि विवरणी निम्नवत् है :–
बालिक का नामः– नामालूम
माता का नामः– नामालूम
पिता का नामः– नामालूम
पता– नामालूम
थाना+पोस्ट+जिला–नामालूम
उम्र–2 वर्ष, रंग– सांवला
वजन–9 कि0ग्रा0, ऊँचाई–2'-7"

अतः उक्त बालिक के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो अथवा बालिक के जैविक माता–पिता /विधिक संरक्षक/अभिभावक दावा हेतु उचित साक्ष्य के साथ बाल कल्याण समिति, कोडरमा/जिला बाल संरक्षण इकाई, समाहारणालय परिसर, कोडरमा झारखण्ड कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।
संपर्क नं0:–
बाल कल्याण समिति, कोडरमा।
8340552130 / 9006640523 / 7061514121 / 7050720832 / 7717705479
जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा।
9234203438 / 9608145888 / 8210881013

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,कोडरमा

PR 340921 (Women, Child Development & Social Security)24-25*D

## स्थानीय समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है पीवीयूएन : आरके सिंह

● पीवीयूएन लिमिटेड ने कौशल विकास और आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन लिमिटेड ने आसपास के गांवों की स्थानीय महिला किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को एक सप्ताह का मशरूम खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण का उद्घाटन पीवीयूएन लिमिटेड सीईओ आरके सिंह और स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कहा गया कि यह पहल समुदाय को कौशल प्रदान करने और वैकल्पिक आजीविका के अवसर उत्पन्न करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। कार्यक्रम में मशरूम खेती का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही किसानों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए फॉलो-अप सहायता और बाजार से जोड़ने में मदद भी की जाएगी। लोगों को संबोधित करते हुए सीईओ आरके सिंह ने कहा कि पीवीयूएन लिमिटेड स्थानीय समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आजीविका संबंधी कार्यक्रम स्थायी विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पीवीयूएन लिमिटेड द्वारा अपने व्यापक सामुदायिक विकास एजेंडे के तहत दो महीने का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एसी और वॉटर पंप की मरम्मत व रख-रखाव पर केंद्रित है। इस सप्ताह झारखंड टूलरूम के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इसमें भाग लेने के इच्छुक युवा अपने संबंधित ग्राम मुखिया से समन्वय कर सकते हैं। साथ ही तीन महीने का ब्यूटीशियन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी शुरू किया है, जिसे स्वर्णरेखा-महिला समिति के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सौंदर्य और वेलनेस क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए कौशल प्रदान करना है। इसके अलावा आने वाले महीनों में स्थानीय युवाओं को भारी मोटर वाहन चलाने का एक और प्रशिक्षण देने की भी योजना है। सीईओ ने कहा कि यह कार्यक्रम पीवीयूएन लिमिटेड की स्थानीय समुदाय के लिए कौशल विकास और स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करने की सक्रिय पहल को दशार्ते हैं। लक्षित प्रशिक्षण और कार्यक्रम के बाद की सहायता के माध्यम से, पीवीयूएन लिमिटेड क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास कर रहा है। मौके पर विभाग प्रमुखों और स्वर्णरेखा महिला समिति की दर्जनों सदस्य मौजूद थें।

कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, चतरा
(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग),
झारखण्ड, सरकार

चतरा जिला में दुधारू पशु मेला का आयोजन
गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं/योजना के लाभुकों के लिए आम सूचना

चतरा जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिए 90%, 75% एवं 50% अनुदान पर दो गाय/पाँच गाय एवं दस दुधारू गाय की योजनान्तर्गत उन्नत नस्ल/शंकर नस्ल का दुधारू गाय/भैंस का क्रय हेतु जिला स्तरीय दुधारू पशु मेला के लिए जिला पशुपालन कार्यालय परिसर ,चतरा में जमीन उपलब्ध है।

सभी संबंधित सूचीबद्ध दुधारू गाय/भैंस के इच्छुक आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है कि जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, चतरा स्थित में दुधारू पशु मेला स्थल में दुधारू पशु लाकर नियमानुसार संगरोध संधारण पश्चात् जिला के लाभुक को दुधारू पशु उपलब्ध कराये।सभी संबंधित योजना के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि दुधारू पशु मेला में दुधारू पशु पसंद करने के दरम्यान कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुध दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से नियमानुसार होगा। दुधारू गाय का संगरोध पूर्ण होने उपरान्त ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय ब्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थारपारकर, गीर, एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों अथवा उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, चतरा में लगाये गये दुधारू पशु मेला में आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बिजली की सुविधा जिला पशुपालन कार्यालय चतरा/जिला गव्य विकास कार्यालय,चतरा द्वारा प्रदान की जाएगी तथा शेष व्यवस्था दुधारू पशु विक्रेता को स्वयं करना होगा। दुधारू गाय /भैंस लाने के पश्चात् यथाशीघ्र जिला गव्य विकास कार्यालय में संबंधित कागजात समर्पित करें।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
चतरा

PR 340938 Animal Husbandry(24-25).D

## संभावनाओं से भरपूर एक रचनात्मक कैरियर आर्किटेक्चर

अशोक जोशी

शहरीकरण और प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, योजना बनाने, डिजाइन करने और भवन निर्माण के नए तरीकों का उदय हुआ है। गगनचुंबी इमारतों, राजमार्गों, आवास परिसरों, मॉल आदि बनाने की आवश्यकता के कारण, एक आर्किटेक्चर बैचलर की आवश्यकता बढ़ रही है। आर्किटेक्चर कोर्स में से एक प्रसिद्ध कोर्स है जिसे बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर कहा जाता है। इस कोर्स में मानविकी, इंजीनियरिंग, सौंदर्यशास्त्र आदि की विभिन्न धाराओं के कई पहलू शामिल हैं। बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर कोर्स में विभिन्न सिद्धांत विषय, स्टूडियो, परियोजना कार्य, व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुसंधान प्रशिक्षण शामिल हैं। यदि आप अपने भविष्य के लिए एक रचनात्मक कैरियर चुनना चाहते हैं, तो बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर आपके लिए एक अच्छा जॉब विकल्प है।

**आर्किटेक्चर का कार्य**

आर्किटेक्चर का कार्य होता है कि वह पहले किसी भी संरचना के बारे में एक प्लान बनाएं और फिर उसका डिजाइन तैयार करें और उसके बाद में उसका निर्माण करवाएं, आज हम जितने भी बड़े-बड़े बांध इमारतें देखते हैं जिनके डिजाइन एकदम हटकर होते हैं या साधारण भी होते हैं तो यह सभी एक आर्किटेक्चर द्वारा ही बनाए जाते हैं। किसी भी बिल्डिंग को बनाने



से पहले उसकी पूरी तैयारी करनी पड़ती है जो आर्किटेक्चर ही करता है। आर्किटेक्चर हमको बताते हैं कि इस बिल्डिंग का निर्माण कैसे होगा और ये कैसी दिखेगी। आर्किटेक्चर सबसे पहले बनने वाली बिल्डिंग के बारे में सारी बातें जान लेता है तब उसका प्लान बनता है, प्लान बनाने के बाद ही बिल्डिंग का काम आगे शुरू किया जाता है। आर्किटेक्चर अलग-अलग तरीके की डिजाइन बनाने में माहिर होता है।

**आर्किटेक्चर बनने की योग्यता व कोर्स**

आर्किटेक्चर बनने के लिए आपको इसका कोर्स करना होता है। इसके लिए 12वीं कक्षा गणित और इंग्लिश के साथ में कम से कम 50 फीसदी अंकों से पास होना अनिवार्य है। अगर आपने 10वीं के बाद डिप्लोमा कोर्स किया है तो आर्किटेक्चर की डिग्री कर सकते हैं जिसके लिए 12वीं पास जरूरी नहीं। आर्किटेक्चर में कैरियर के लिए बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बी. आर्क) की डिग्री लेनी होती है।

**बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर कोर्स क्या है?**

बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर में इमारतों के मॉडल डिजाइन करने, निर्माण ब्लूप्रिंट तैयार करने और किसी भी भूमि और भवन की अन्य भौतिक संरचनाओं का अध्ययन शामिल है। इस कोर्स को करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए विज्ञान में एक मजबूत पृष्ठभूमि होना अनिवार्य है। आमतौर पर कोर्स 5 वर्ष लंबा होता है, लेकिन कुछ विश्वविद्यालय 3-4 साल का कोर्स प्रदान करते हैं। बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर के लिए स्पेशलाइजेशन में आर्किटेक्चरल इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चरल इतिहास, आर्किटेक्चरल डिजाइन, इंटीरियर आर्किटेक्चर, अर्बन प्लानिंग, लैंडस्केप आर्किटेक्चर शामिल है।

**डिग्री ही काफी नहीं**

आर्किटेक्चर में कैरियर के लिए, रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता, और परियोजना प्रबंधन जैसे कौशल जरूरी होते हैं। वहीं आर्किटेक्चर को डिग्री हासिल करने के साथ ही कुछ सॉफ्टवेयर भी सीखने पड़ते हैं जैसे कि ऑटोकैड या ऐसे सॉफ्टवेयर जिनमें आर्किटेक्चर किसी बिल्डिंग का डिजाइन बना पाते है। सॉफ्टवेयर में काम करने के लिए स्केचअप, रेविट, 3 डी स्टूडियो मैक्स, ऑटोकैड, वी-रेए फोटोशॉप और हैंड ड्राइंग आना बहुत जरूरी होता है। इस क्षेत्र के पेशेवरों में एनालिटिकल स्किल्स,समस्या समाधान करने का हुनर, क्रिएटिविटी, गणित की अच्छी समझ, एल्गोरिदम मॉडल की समझ के साथ ही तकनीकी स्किल्स तथा कम्प्यूटर का ज्ञान होना जरूरी है।

**करियर संभावनाएं**

एक अनुमान के अनुसार आर्किटेक्चर सेवाओं का बाजार 2025 तक 395 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह बेहतर प्रदर्शन और कैरियर बनाने की संभावनाएं प्रदान करता है। आर्किटेक्चर में कैरियर के कई क्षेत्र हैं, जैसे आवासीय और वाणिज्यिक डिजाइन, शहरी नियोजन आदि। आर्किटेक्चर में कैरियर, डिजाइन, रचनात्मकता, और नवाचार के प्रति जुनूनी छात्रों के लिए कई अवसर प्रदान करता है। एक आर्किटेक्ट्स के रूप में आप प्राइवेट, पब्लिक एवं गवर्नमेंट किसी भी सेक्टर में कैरियर बना सकते हैं। पब्लिक सेक्टर में लोक निर्माण, सिंचाई, स्वास्थ्य जैसे विभागों में आर्किटेक्ट की मांग लगातार बनी रहती है। वहीं आर्किओलॉजिकल डिपार्टमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, रेलवे, इसके अलावा, लोकल एजेंसी, एस्टेट डिपार्टमेंट, हाउसिंग में भी नौकरी की तलाश कर सकते हैं। कुछ वर्षों का अनुभव हासिल कर लेते हैं, तो कंसल्टेंट और कंस्ट्रक्टर के रूप में बिजनेस की शुरूआत भी कर सकते हैं। कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में बडे पैमाने पर हो रहे इन्वेस्टमेंट के कारण ऑकिटेक्चर की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। जानकारों की मानें, तो भारत में ऑकिटेक्चर की मांग और सप्लाई में अभी भी काफी अंतर है।

**अच्छी आय वाला कैरियर**

भारत में आर्किटेक्चर में स्नातक की औसत सैलरी 4-5 लाख रुपये प्रति वर्ष है. हालांकि, अनुभव, योग्यता, स्थान, और प्रकार के आधार पर वेतन अलग-अलग हो सकता है। एक ऑकिटेक्ट के रूप में जब आप किसी प्राइवेट सेक्टर में जॉब शुरू करेंगे तो आपकी सैलरी 20 से 25 हजार रुपये प्रति माह हो सकती है। हालांकि सैलरी ऑर्गेनाइजेशन के आकार और आपके अनुभव पर भी डिपेंड करती है। दो से चार साल के अनुभव के बाद मासिक सैलरी 50 हजार रुपये से अधिक हो सकती है।

**प्रमुख संस्थान**

आर्किटेक्चर में कैरियर के लिए बेहतर कॉलेज चुनना बहुत जरूरी है। कोर्स की फीस कॉलेज के आधार पर अलग-अलग होती है। छात्रवृत्ति के लिए भी आवेदन किया जा सकता है, जिससे ट्यूशन फीस के लिए पूर्ण या आंशिक अनुदान मिलता है।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का : राष्ट्र को समर्पित जीवन




गनपत लाल चौरसिया

शहीदों की शहादत रंग लायेगी, देश में जब शांति आयेगी , शहीदों को भूल जाने वाला देश आजादी को भी भूल सकता हैः स्वतंत्रता सेनानी शील भद्रयाजी

देश की आन बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को हम सभी देशवासी सैलयूट करते है। कंधे से मिलते हैं कंधे कदमो से कदम मिलते है हम चलते हैं जब तो दिल दुश्मनों के हिलते है। अब तो हमें आगे ही बढते जाना है, अब जो भी हो शोला बन के पत्थर को पिघलाना है। 3 दिसंबर 2016 को परमवीर चक्र विजेता व भारत माता के एक पुत्र अलबर्ट एक्का को हम देशवासी श्रद्धासुमन अर्पित करते है। अपने देश के जुझारूओं की वीरता की कहानी अनमोल है। अपनी मातृभूमि की रक्षा में शहीदों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया और हंसते हंसते अपना जीवनदान तक दिया। उनका जन्म 27 दिसम्बर, 1942 - मृत्युः 3 दिसम्बर, 1971) परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक के रूप में रांची, झारखण्ड (तत्कालीन बिहार) के निवासी थे। 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में दुश्मनों के दाँत खट्टे करते हुए वह शहीद हो गए। इन्हें मरणोपरान्त सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र प्रदान किया गया। वे एकमात्र बिहारी थे, जिन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया है। गुमला जिला के जारी प्रखंड को वीर शहीद परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का का जन्म स्थाली होने का गौरव प्राप्त है। स्वाधीनता पाने के पश्चात भी इस क्षेत्र के लोग देश की रक्षा के लिए सेना के जवान बनकर सजग प्रहरी की भूमिका निभा रहे हैं। ऐसी श्रेणी में परमवीर अलबर्ट एक्का का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो चुका है। इतिहास साक्षी है कि अपने आजाद देश भारत की भूमि की सुरक्षा में सन् 1971 के भारत पाक युद्ध के दौरान तत्कालीन पाकिस्तान अब बंगलादेश मोर्चो पर गुमला जिले के जुझारू सपूत अलबर्ट एक्का ने अपने प्राणों की आहुती देकर दुश्मन के दांत खट्टे कर दिये थे। सन 1971 भारत पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए चार सैनिकों को मरणोपरांत राष्ट्र का उच्चतम वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र प्रदान किया गया था, उनके नाम है अलबर्ट एक्का, निर्मलजीत सिंह, अरूण क्षेत्रपाल और होशियार सिंह। जारी प्रखंड में 1942 में वीर अलबर्ट एक्का का जन्म हुआ था। उनके पिता जुलियस एक्का ने भी द्वितीय विश्व युद्ध के समय सेना में अपनी सेवायें समर्पित की थी। इनकी मां का नाम मरियम एक्का है। अलबर्ट एक्का की प्रारंभिक शिक्षा आरसी मिशन मध्य विद्यालय भिखमपुर(चैनपुर) में हुई। गरीबी से संघर्ष करते हुए उन्होंने माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की। यहां से विद्यार्जन के बाद राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने हेतु अलबर्ट एक्का बिहार रेजिमेंट में भर्त्ती हुए वीर अलबर्ट एक्का ने मात्र बीस वर्ष की आयु में सैनिक जीवन में प्रवेश किया और कर्तव्यनिष्ठ सिपाही की भूमिका निभाने लगे।

### बलमदीना से विवाह

इसी बीच 1966 ई में कुमारी बलमदीना खेस के साथ वीर अलबर्ट एक्का की शादी गिरजाघर में संपन्न हुई।


### भारत-पाक युद्ध में जान कुर्बान की

सन 1971 ई में पाक के नापाक इरादों ने जंग की शक्ल अख्तियार की। फलस्वरूप घमासान युद्ध छिड़ गया। मशीनगनों और तोपों की गड़गड़ाहट से धरती का ह्रदय कांप उठा, सीमा के रखवाले अपने प्राणों की आहुति देते हुए शत्रु पर टूट पड़े। अलबर्ट एक्का (नंबर 22397462/एनके) पूर्वी अग्रभाग में गंगा सागर के पास 14 गाईस के वांये पूरे जोश खरोश के साथ दुश्मन को रौंदते हुए आगे बढ़ रहे थे। उधर दुश्मन भी अपने पूरी शक्ति लगा चुका था। शत्रुओं की गोलियों की निरंतर वर्षा हो रही थी। लेकिन अलबर्ट एक्का अपने दल के साथ आगे ही बढ़ते चले गये। अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए यह जुझारू वीर अपने दल के साथ दुश्मन के इतने करीब पहुंच गये कि अंत में हाथापाई एवं वायनेट का इस्तेमाल करने की नौबत आ गई। अचानक वीर अलबर्ट एक्का की निगाह दुश्मनों के एक लाइट मशीनगन की ओग गई जो भारतीय सैन्य दल को क्षति पहुंचा रहा था। भारतीय सैन्य दल दुश्मन द्वारा बुरी तरह घिरा हुआ था। इसके बावजूद भारतीय सेना की टुकड़ी अनेक विघ्न बाधाओं को पार करती हुई लगातार आगे बढ़ती जा रही थी।

### दुश्मनों के बंकर पर टूट पढ़े एक्का

वीर अलबर्ट एक्का ने अपने सिर पर कफन बांधकर एवं अपनी जान की कोई परवाह नहीं करते हुए दुश्मनों के बंकर पर आक्रमण कर दिया और दो पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार कर दो लाईट मशीनगनों का मुंह बंद कर दिया। वीर अलबर्ट एक्का की इस बहादुरी से उनके बहुत से साथी सैनिकों की जान बच गई और भारतीय सेना के लिए आक्रमण का रास्ता सहज हो गया। परंतु इस दौरान वीर अलबर्ट एक्का गंभीर रूप से घायल हो गये और एक के बाद एक बंकरो को तबाह करते हुए ये अपने लक्ष्य की ओर बढते गये। इनके लक्ष्य के उत्तरी छोर पर शत्रु दल ने एक दो मंजिला मकान से एक लाईट मशीनगन द्वारा धुंआधार गोलियों की बौछार कर वीर अलबर्ट एक्का को रोकने की कोशिश कर रहे थे लेकिन भारत माता के इस सपूत ने गंभीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद अपनी जान की परवाह न करते हुए रेंगते रेंगते उक्त दो मंजिला मकान तक पहुंचकर उनके बंकर के एक छेद से दुश्मनों पर हैंड ग्रेनेड फेंक दिया। जिसके कारण दुश्मनों के बंकर में खलबली मच गई, दुश्मन के कई सैनिक मारे गये, किंतु लाईमशीनगन टक टक कर चलती ही जा रही थी। जिससे भारतीय जवानों को खतरा बना हुआ था। जाने कौन सी प्रेरणा थी जिसने गंभीर रूप से घायल वीर अलबर्ट एक्का को उक्त दो मंजिला मकान के एक दीवार पर चढ़ा दिया। अपूर्व जोश एवं साहस का परिचय देते हुए वह बंकर के अंदर घुस गया और मशीनगन चलाने वाले दुश्मन को वायनेट से बेध डाला। फलस्वरूप मशीनगन की आवाज बंद हो गई। इसी बीच वीर अलबर्ट एक्का की आंखे धुंधली हो रही थी लेकिन दिल में अभी भी धधक रहा था देश प्रेम का जज्बा। अतः उन्हेंाने दुश्मन को पुनः तब तक वायनेट से मारते रहे जब तक उन्हें यह विश्वास नहीं हो गया कि दुश्मन मर चुका है। इस बीच वीर अलबर्ट एक्का की सांसे टूटने लगी थी लेकिन देश की अभियान को सफल बनाने की बुनियाद वह डाल चुके थे। अंत में उन्होंने भारत माता की गोद में आश्रय लिया और वे शहीद हो गये। शहीदों के आश्रितों और उनके जन्मस्थल की दुर्दशा को देखते हुए सुभाषचंद्र बोस के अनन्य सहयोगी रह चुके प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी शील भद्रयाजी का यह कथन बरबस याद आ जाता है कि शहीदों को भूल जाने वाला देश आजादी को भी भूल सकता है।

## विवेक मन्त्र



व्यक्ति को कभी अपने मन का भेद नहीं खोलना चाहिए। उसे जो भी कार्य करना है, उसे अपने मन में रखे और पूरी तन्मयता के साथ समय आने पर उसे पूरा करना चाहिए।

चाणक्य

## एडमिशन अलर्ट



**सवालः** मैं 12वीं में हूं और मेरे पास साइंस के सब्जेक्ट्स हैं, लेकिन इसके बाद मैं साइंस फील्ड में नहीं जाना चाहता। मुझे आर्ट्स की पढ़ाई करनी है। कुछ ऐसा बताएं जिससे आर्ट्स पढ़कर मुझे आसानी से जॉब मिल जाये सुधाकर गुमला

**जवाबः** आप अगर यह सोचकर साइंस छोड़ रहे हैं कि आपको आर्ट्स लाइन में जॉब आसानी से मिल जायेगी तो ऐसा नहीं है। हर फील्ड और स्ट्रीम में अपनी तरह की चुनौतियां हैं और आज की कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए आपको इस लाइन में भी बहुत मेहनत करनी होगी। 12वीं में साइंस पढ़ने के बाद आप आगे की पढ़ाई आर्ट्स में कर सकते हैं। अपनी पसंद के हिसाब से आपके पास सब्जेक्ट चुनने के खासे विकल्प होंगे। जहां तक जॉब की बात है तो आइएएस की तैयारी से लेकर क्रिएटिव राइटर तक के ऑप्शन आपके पास हैं, लेकिन अभी आप इन सबके बारे में छोड़कर बोर्ड की तैयारी करें और इस एग्जाम में ज्यादा से ज्यादा नंबर लें।

## करियर जोन



**सवालः** 12वीं फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ्स के साथ उत्तीर्ण कर चुका हूं। मर्चेट नेवी में जाना चाहता हूं। क्या करना चाहिए। **प्रकाश रांची**

**जवाबः** 12वीं के बाद मर्चेट नेवी में करियर के अच्छे ऑप्शन हैं। इसमें मुख्य रूप से नॉटिकल (डेक) और मरीन इंजीनियरिंग के जॉब शामिल होते हैं। मरीन इंजीनियरिंग के लिए आपको जेईई प्रवेश परीक्षा के आधार पर बीटेक करना हो गा। डेक से संबंधित कई तरह की नियुक्तियां 12वीं के बाद की जाती है। बीटेक के बाद बेहतर वेतन और पद दोनों का लाभ मिल सकता है।

**सवालः** 12वीं का छात्र हूं। भूगर्भ विज्ञानी बनना चाहता हूं। मैथ्स में रुचि नहीं है। 12वीं में मैथ्स सब्जेक्ट है। क्या करें। **सचिन खूंटी**


**जवाबः** भूगर्भ विज्ञानी के लिए मैथ्स का अच्छा होना मायने नहीं रखता। लेकिन अभी आपके लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप 12वीं में मैथ्स पर ध्यान दें। अंक कम आने पर आगे प्रवेश में परेशानी हो सकती है। अपनी इच्छा पूरी करने के लिए आपको किसी ऐसे कॉलेज में दाखिला लेना होगा जहां भूगर्भ विज्ञान विषय हो । ऐसे कई विविद्यालय हैं, जहां ग्रेजुएशन स्तर पर यह विषय पढाया जाता है। वर्तमान समय में इस विषय की मांग लगातार बढ़ रही है।

**सवालः** 12वीं (मैथ कामर्स) किया है। इंटीरियर डिजाइनिंग में करियर बनाना चाहता हूं। **दिनेश**

**जवाबः** आप कामर्स बैकग्राउंड से हैं लेकिन कला किसी विषय की मोहताज नहीं होती। विभिन्न विविद्यालयों और संस्थानों के अलावा निजी संस्थानों में भी इसके लिए कोर्स संचालित किये जाते हैं। चार वर्षीय फाइन आर्ट्स में डिग्री कोर्स के अलावा डिप्लोमा कोर्स भी कराये जाते हैं।

## मोटिवेशन | इमारतों की सही देखभाल

देश क विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण के बाद यह साफ दिखता है कि लोग भवन बड़ा और भव्य बना लेते हैं लेकिन उसके रख-रखाव को लेकर गंभीर नहीं होते हैं। सामान्य तौर पर भवनों की खिड़कियां टूटी होती है, उनमे गंदगी भी होती है, लिफ्ट की स्थिति खराब होती है, दिवारो पर पान के पीक भरे होने से बदबू से भरी होती है। यही नहीं टॉयलेट और स्नानघरों की भी हालत दयनीय होती है। वे जलमग्न होते हैं और किसी भी हालत में उपयोग के लायक नहीं होते हैं।



एडी बाधवा
सीएमए सह मोटिवेटर

कहने का तात्पर्य यह है कि भव्य भवन, कार्यालय, निजी भवन बनने के कुछ माह बाद ही गंदे नजर आने लगते हैं।

जबकि विश्व के दूसरे देशों में उसका उल्टा होता है। चीन और सिंगापुर को छोड़ दे तो श्री लंका और थाइलैंड जैसे देशों में भवनों का रख रखाव बहुत अच्छा रखने की प्रवृति है। इन विकासशील देशों में भी नये और पुराने भवन एकदम चकाचक और साफ सुथरे होते हैं। इससे उन भवनों, कार्यालयों की उत्पादकता बढ़ती है और पुर्न निर्माण का व्यय भी घट जाता है। इन सबसे बढ़कर जो बात होती है यह कि शहर का सौन्दर्य ही बढ़ जाता है। चीन में साफ सुथरे भवनों को देखने जाने की परम्परा है। भवनों को थ्री डी मैथड से सजाया जाता है।

आज भारत में भी स्मार्ट सिटी के लिए प्रधानमंत्री मोदी लगातार प्रयास कर रहे हैं। अगर भारत को भी विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आना है तो भवनों के रख रखाव पर विशेष ध्यान देना होगा।

इसके लिए कड़े कदम उठाने होंगे। बड़े भवनो में पान, पान-मशाला, तंबाकू के प्रवेश को निषध किया जाना चाहिए। यही नहीं हर भवन के लिए एक केयर टेकर होना चाहिए जो उसके छोटी-मोटी मरम्मत का अधिकार रखता हो। इससे छोटी टूट बड़ी बर्बादी में नहीं बदल सकेगी। हमारे देश में परम्परागत और नये दोनो प्रकार केभवनों की संख्या बहुत बड़ी है। झारखंड में भी इस दिशा पर ध्यान देने और काम करने की आवश्यकता है। इससे उत्पादकता भी बढ़ती है।

# ट्विटर पढ़ायेगा टियूशन

प्रौद्योगिकी एवं सेवा क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी फ्लिपक्लास ने शिक्षा के क्षेत्र में अनोखी पहल करते हुए छात्रों को ऑनलाइन एवं होम ट्यूशन उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन (ऐप) फ्लिपट्यूटर लांच किया। कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनीत द्विवेदी ने यहां बताया, करीब आठ करोड़ रुपए के निवेश से शुरू किए गए इस ऐप के जरिए छात्रों के पास होम एवं ऑनलाइन ट्यूशन लेने के साथ ही अपने प्रश्न पूछने का भी विकल्प उपलब्ध है। द्विवेदी ने कहा, मैसेंजिग ऐप व्हाट्सएप की तरह लिखकर या उसकी फोटो खींचकर सवाल पूछे जा सकते हैं। हमारे नेटवर्क में शामिल एक्सपर्ट इन प्रश्नों के जवाब चार से पांच मिनट में देंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल ऐप पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए विज्ञान एवं गणित विषय को शामिल किया गया है, लेकिन प्रतियोगिता परीक्षाओं के प्रश्नों की पूछ बढने से भविष्य में इस प्लेटफॉर्म पर इस तरह की सेवाएं भी उपलब्ध कराने की योजना है। इस प्लेटफॉर्म पर 10 हजार शिक्षक उपलब्ध हैं जिनके जरिए होम एवं ऑनलाइन ट्यूशन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि होम ट्यूशन के लिए प्रति घंटा 300 से 1200 रुपए तक शुल्क तथा ऑनलाइन ट्यूशन के लिए इससे कम शुल्क लिया जाता है। वहीं ऐप पर प्रति प्रश्न 10 से 20 रुपए का शुल्क देना होगा। इस पर भुगतान के लिए मोबाइल वॉलेट को पहले रिचार्ज कराना होगा। द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान में ऐप के जरिए होम ट्यूशन सेवा हैदराबाद, बेंगलुरु और दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तथा ऑनलाइन ट्यूशन सेवा भारत के साथ ही चार अन्य देशों में उपलब्ध कराई जा रही है। ऐप पर प्रश्नों के जवाब देने के लिए एक दिन में 2000 से अधिक प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं।






प्रशांत झा

# बैंकिंग और फाइनेंस में असीम संभावनाएं

इस कोर्स के पूरा होने के बाद न्यूनतम सैलरी के रूप में 25 हजार रुपए तक मिलता है। भारत का बैंकिंग, फाइनेंशियल और बीमा सेक्टर में आने वाले दस वर्षों में 20 लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। चूंकि बैंकों व वित्तीय संस्थानों में पैसों का लेन देन होता है ऐसे में पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की क्षमता होनी चाहिए।



रानी राज

**क्या क्या पढ़ें** : पीजी डिप्लोमा इन बैंकिंग एवं फाइनेंस के तहत मूलभूत बैंकिंग नौकरी संबंधी प्रोफाइल जैसे धन जमा करना, डिमांड ड्राफ्ट बनाना और अन्य बैंकिंग कार्यों को संभालना आदि सिखाया जाता है। विभिन्न बैंकों के बीच में बैंकिंग कार्य, आसान खाता बही, कॉरपोरेट क्रेडिट, परियोजना क्रेडिट वित्तीय क्रेडिट और उपभोक्ता क्रेडिट आदि कार्यों को भी इसके तहत सिखाया जाता है। पाठ्यक्रम के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के तीस और 50 निजी क्षेत्र के बैंक और फाइनेंशियल सेक्टर में काम करने की उम्मीदें बंधती हैं। ट्रेनिंग के बाद कई तरह के पदों की उम्मीद बंधती हैं जैसे वित्तीय प्रबंधक, बैंक टेलर, बिल और लेखा समाहर्ता। सभी योग्य छात्रों को इन संस्थानों में प्रबंधकीय नौकरी मिलती है।



**योग्यता** : बैंकिंग और फाइनेंस में पीजी डिप्लोमा करने के लिए छात्र को स्नातक में किसी भी विषय के तहत 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होना चाहिए। कई संस्थान एससी/एसटी और ओबीसी को 5 फीसदी तक की छूट भी प्रदान करते हैं। आजकल इस विषय में दो साल एमबीए करने के बजाए लोग पीजी डिप्लोमा को तरजीह देते हैं क्योंकि एक साल के कोर्स के बाद ही उन्हें बैंकों में अच्छी नौकरी मिल जाती है।

**कैसे मिलता है दाखिला** : बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में पीजी डिप्लोमा करने के लिए पहले तो एप्टीट्यूड टेस्ट में पास होना जरूरी है और इसमें निजी रूप से साक्षात्कार भी देना होगा। इसमें मूलतः अंग्रेजी, गणितीय योग्यता, लिखित परीक्षा में रीजनिंग आदि की जांच की जाती है। असल में यह जानने की कोशिश की जाती है कि छात्र को मूल ज्ञान है कि नहीं। परीक्षा पूर्ण होने के बाद उन्हें इंटर्नशिप, शिक्षा लोन आदि कोर्स के बारे में बताया जाता है।

**कॅरियर और प्लेसमेंट** : इस क्षेत्र में करियर के बेशुमार अवसर उपलब्ध हैं। कोर्स के खत्म होने के बाद इंटरनेशनल बैंकिंग, फोरेक्स और ट्रेजरी, कॉर्पोरेट लोन्स, फाइनेंशियल रिसर्च से सम्बंधित संस्थानों में नौकरी के विकल्प खुल जाते हैं। कई अंतर्राष्ट्रीय बैंक्स अलग अलग स्किल्स के अभ्यार्थियों को अच्छी सैलरी में प्लेसमेंट देते हैं। सार्वजनिक बैंक ज्यादातर अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा के आधार पर क्लर्क और प्रोबेशनरी ऑफिसर्स के पदों के लिए वैकेंसी निकालते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- इंदिरा गाँधी ओपन यूनिर्विसटी, नई दिल्लीइन्द्रप्रस्थ यूनिर्विसटी, नई दिल्ली
- टीकेडब्लूसएस इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिग एंड फाइनेंस, नई दिल्ली
- मणिपाल यूनिर्विसटी, कर्नाटक
- सिम्बोसिस इंटरनेशनल यूनिर्विसटी, मुंबई, महाराष्ट्र

# डिमना रोड में सड़क किनारे से सब्जी दुकानों और एक्सटेंशन को हटाया

**मानगो को जाम मुक्त करने की पहल**

- डीसी के निर्देशानुसार मानगो में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान
- एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, सिटी एसपी ने लिया जायजा
- पहले से बेहतर हो गयी अब ट्रैफिक व्यवस्था

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मानगो में ट्रैफिक समस्या के निराकारण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशील प्रयास किये जा रहे हैं । डिमना चौक से मानगो चौक और मानगो पुल क्रॉस करने में लोगों को आ रही समस्या को देखते हुए सड़क से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इस दौरान सड़क किनारे अस्थाई रूप से घेरा बनाकर बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं व अन्य दुकानदारों से सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया साथ ही सख्त चेतावनी दी गई कि जानमाल की सुरक्षा को देखते हुए खुले स्थान पर दुकान लगाएं, सड़क किनारे जोखिम लेकर दुकान नहीं लगाएं साथ ही इससे जाम की भी समस्या बनी रहती है। दोबारा से अतिक्रमण करने पर विधि सम्मत कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। वहीं कई स्थाई दुकानदारों के एक्सटेंशन को भी हटाया गया।




सड़क किनारे से सब्जी दुकानों को हटवाते पुलिस जवान और अधिकारी तथा एडीएम और सिटी एसपी कुमार शिवाशीष अतिक्रमण हटाने के बाद मुख्य सड़क का निरीक्षण करते।

दंडाधिकारी के रूप में मानगो नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त श्री आकिब जावेद एवं श्री अरविंद अग्रवाल की देखरेख में पूरा अतिक्रमण हटाओ अभियान संचालित किया गया। मौके पर मानगो व आजादनगर थाना के पुलिस पदाधिकारी व पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

गौरतलब है की एडीएम लॉ एंड ऑर्डर द्वारा सभी स्टेक होल्डर के साथ बैठक में अतिक्रमण हटाने को लेकर रणनीति बनाई गई थी ताकि मानगो क्षेत्र के लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाया जा सके। अतिक्रमण हटाने के साथ साथ ट्रैफिक रेगुलेट करने के लिए अतिरिक्त मानव बल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि लोग सुगमता से आवागमन कर सकें।

पूरे अभियान का जायजा लेते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान व सिटी एसपी श्री कुमार शिवाशीष ने बस स्टैंड, मानगो चौक से डिमना चौक के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा जाममुक्त मानगो को लेकर दीर्घकालिक उपायों पर चर्चा की।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के पश्चात एडीएम लॉ एंड ऑर्डर व सिटी एसपी ने शाम में ट्रैफिक व्यवस्था का भी जायजा लिया। ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हुआ है, वाहनों का परिचालन सुगमता से हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है, और भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि ट्रैफिक व्यवस्था और सुगम हो एवं मानगो क्षेत्रवासियों को आवागमन में आसानी हो।

## स्पीड न्यूज

### श्री अकाल तख्त पंथ की शान है, फैसले से साबित हुआ : कुलबिंदर



जमशेदपुर। कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने पांच सिंह साहिबान द्वारा अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल एवं पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और उनके कैबिनेट मंत्रियों के खिलाफ लिए गए कठोर निर्णय का स्वागत किया है। अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के अनुसार श्री अकाल तख्त साहब के स्थापना के 418 वर्ष पर पांच सिंह साहिबान जत्थेदारों ने सोमवार के फैसले से साबित किया है कि श्री अकाल तख्त महान है और सिख पंथ की शान है।

### एनआइटी धनबाद के कैंप में श्वेता ने भाग लिया



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल की प्रतिनिधित्व करते हुए शिक्षिका श्वेता गुहा ने दो दिवसीय आई आई टी,आई एस एम धनबाद में संपन्न इनोवेशन डिजाइन और उद्यमिता बूट कैंप में भाग लिया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बूट कैंप मेरे लिए एक समृद्ध अनुभव रहा जहॉ उच्च शिक्षा के साथ जमीनी स्तर के शिक्षक के एकीकरण की पहल की गई थी। इसके मुख्य सत्र थे उद्यमी स्पीड नेटवर्किंग, नवाचार और डिजाइन सोच, पेटेंट अधिकार, युवा इनोवेटर्स को जाकर देना, बाजार अनुमान और प्रोटोटाइपिंग इत्यादि।

### फ्लावर डेकोरेटर मो अयान की मौत



गम्हरिया। आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के आनंदपुर के समीप सोमवार की सुबह करीब नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कपाली के बन्धुगोरा निवासी मोहम्मद अयान (22) नामक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि वह शादी पार्टी में फूल डेकोरेशन का काम करता था। इसी काम के सिलसिले में ही वह बाइक से आदित्यपुर जा रहा था। इसी क्रम में आनंदपुर गाँव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना आदित्यपुर थाना को दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से उसे उठाकर एमजीएम अस्पताल ले जाया गया जहां जांचोपरांत चिकित्सकों से उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही में जुट गई है। बताया जाता है कि विगत छह माह पूर्व ही उसकी शादी हुई थी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# तीन माह के भीतर बाबूडीह लालभट्टा जलापूर्ति योजना पूरी करे टाटा स्टील यूआइएसएल : पूर्णिमा

- विधायक ने बाबूडीह बस्ती में स्थानीय लोगों और कंपनी प्रतिनिधियों संग की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू ने चुनाव जीतने के पश्चात पिछले दिनों 28 नवंबर को टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा से मोहरदा जलापूर्ति योजना सहित बागुनहातु, बाबूडीह बस्ती समेत विभिन्न क्षेत्रों की जलापूर्ति योजनाओं पर काम को गति देने का अनुरोध किया था। इस निमित्त, विधायक पूर्णिमा साहू ने अपने चुनावी वादों को प्राथमिकता देते हुए सोमवार को बाबूडीह लाल भट्टा जलापूर्ति योजना को शीघ्र पूर्ण करने के संदर्भ में टाटा स्टील यूआईएसएल के वरीय अधिकारियों के साथ भुइयांडीह क्षेत्र अंतर्गत बाबूडीह बस्ती में बैठक कर योजना की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। विधायक ने अधिकारियों को 90 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि जलापूर्ति योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।




कंपनी प्रतिनिधियों को निर्देश देती विधायक पूर्णिमा साहू।

पूर्णिमा साहू ने कहा कि वर्ष 2018 में इस योजना का शिलान्यास हुआ था, और इसे अब तक पूरा हो जाना चाहिए था। हालांकि देर से सही, लेकिन अब इस कार्य में और कोई देरी स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र शुरू कर हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए जनता को बधाई दी। बैठक के दौरान अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का कार्य दो दिनों के भीतर शुरू कर दिया जाएगा। ज्ञात हो कि वर्ष 2018 में शिलान्यास की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना है।

बाबूडीह लाल भट्टा क्षेत्र में वर्तमान में जलापूर्ति टैंकरों के माध्यम से की जाती है, जिसे जेएनएसी ने हाल ही में बंद कर दिया था। विधायक पूर्णिमा साहू ने इसे पुनः जारी रखने का निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि टैंकर से जलापूर्ति तब तक जारी रहनी चाहिए जब तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो जाती।

मौके पर धनराज गुप्ता, भोला साव, राजू कुमार, सोनू कुमार, अमरिंदर कुमार, शूरू कालिंदी, प्रकाश सुधीर, मोहन साव, पिंकी, संगीता, विनय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय बस्तीवासी और टाटा स्टील यूआईएसएल की ओर से कई अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने जमशेदपुर क्षेत्र की 65वीं शाखा मुसाबनी में खोली



जमशेदपुर। सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र की 65वीं शाखा मुसाबानी का उद्घाटन, शिव पद नायक उप महाप्रबंधक, व्यवसाय विकास, भुवनेश्वर अंचल के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह शाखा हमारे स्थानीय ग्राहकों को हर प्रकार की सुविधाओं एवं सेवाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। इस उपलक्ष्य में जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री मनीष प्रकाश सिन्हा, शाखा प्रबंधक डोमन मुर्मू अन्य कार्यपालकगण तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता संपन्न



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन के तत्वाधान में बीते रविवार को प्रात: 7 बजे से संध्या 6:30 बजे तक जमशेदपुर के न्यू बाराद्वारी स्थित प्लस टू हाई स्कूल पीपल्स अकैडमी के खेल परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक/ बालिका जूनियर वर्ग के बालक/ बालिका और सीनियर वर्ग के बालक/ बालिका वर्ग में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय, विशिष्ट अतिथि पूर्वी घोष पूर्वी सिंहभूम जिला नेटबॉल संघ के अध्यक्ष अनिल चौबे जिला को को संगठन के उपाध्यक्ष बलदेव सिंह मेहरा पीपल्स अकैडमी प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य चंद्रदीप पांडे ने मौके पर पहुंचकर विजय टीमों को बारी-बारी से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संचालन कोषाध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा ने किया। मौके पर विक्टर विजय समद, दयाल सिंह मेहरा, डोबो चाकिया, काजल सरदार, अरबाज हुसैन, गौतम प्रधान, आकाश कुमार, अमन पटेल, आकांक्षा कुमारी, आशा कुमारी, शिक्षिका राधा वर्मा, उषा बाखला, जगदीश सिंकू, बारू सिंकू, आयुष शर्मा, अजय मोहंती, डब्लू रहमान, मुकेश कुमार, तकनीकी प्रधान दयाल मेहरा, खेल शिक्षक देव रंजन सेनापति का विशेष योगदान रहा।

### योगा एकेडमी का ओपन सीट एंड ड्रा कंपटीशन 7 को



जमशेदपुर। सरकार योगा एकेडमी (कदमा) के तत्वावधान में 'चतुर्थ ओपन झारखंड सीट एंड ड्रा कम्पटीशन' का आयोजन आगामी 7 दिसंबर को कदमा स्थित केरला पब्लिक स्कूल परिसर में किया जाएगा। इसी दिन उक्त परिसर में सरकार योगा एकेडमी ने ऑसम योग एकेडमी के साथ संयुक्त रूप से 'पंचम ओपन इंटर स्कूल एवासम योग चैंपियनशिप' का भी आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सरकार योगा एकेडमी के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय योग गुरु अंशु सरकार ने बताया कि सीट एंड ड्रा का उद्घाटन पूर्वान्ह 9 बजे मुख्य अतिथि केपीएस के निदेशक शरत चंद्रन व विशिष्ट अतिथि टाटा स्टील इक्विपमेंट मेंटेनेन्स हेड सतीश गणपति करेंगे। जबकि समापन समारोह संध्या 6 बजे से होगा। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एमिटी यूनिवर्सिटी, झारखंड के वाईस चांसलर सह एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता के सलाहकार डॉ. अशोक श्रीवास्तव शामिल होंगे। किसी भी ग्रुप के प्रतिभागी अपनी इच्छा अनुसार चित्र बना सकते हैं। कुल 334 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही दो टाइटल पुरस्कार भी दिया जाएगा, जिसमे 'जूनियर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (झारखंड)' और 'सीनियर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (झारखंड)' शामिल है। अंशु ने बताया कि इंटर स्कूल योग चैंपियनशिप के लिए कुल 6 ग्रुप बनाया गया है। इसके लिए भी कोई उम्र सीमा नही है, किसी भी उम्र के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। इसमें 20 स्कूल सहित कई कॉलेज के विद्यार्थी शामिल होंगे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने चाकुलिया में लगाया वृहत ऋण संवितरण शिविर



जमशेदपुर। किसान पखवाड़ा के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को वृहत ऋण संवितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसके तहत चाकुलिया ब्लॉक में ग्रामीण समुदाय के बीच आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 1400 से अधिक लाभार्थियों वाले 141 स्वयं सहायता समूहों को कुल ऋण राशि 7.50 करोड़ का ऋण स्वीकृति पत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव पद नायक, उप महाप्रबंधक व्यवसाय विकास, भुवनेश्वर अंचल के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में जेएसएलपीएस से बी पी एम महोदया श्रीमती मनीषा लियांगी उपस्थित रहीं। उक्त कार्यक्रम, जमशेदपुर क्षेत्र की छह शाखाओं चाकुलिया, घाटशिला, गालुडीह, हुल्लूंग, बडीर्कानपुर एवं जादूगोड़ा के समन्वय में आयोजित किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, क्षेत्रीय कार्यालय से वित्तीय समावेशन विभाग तथा अन्य पदाधिकारीगण एवं शाखा प्रमुख अमित लियो मिंज, लाडूरा सुंडी, अलोक मिश्रा, ओम प्रकाश विभूति, राधानाथ बास्की एवं अंकुर कुमार उपस्थित रहे।

### स्वराज फाउंडेशन ने मनाया कंप्यूटर साक्षरता दिवस



जमशेदपुर। सोमवार को उत्क्रमित हाई स्कूल, खुकराडीह, जमशेदपुर में एक महत्वपूर्ण कंप्यूटर साक्षरता दिवस कार्यक्रम स्वराज फाउंडेशन द्वारा लिंडे के संरक्षण में किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा के महत्व से अवगत कराना और उनकी तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान दो प्रमुख गतिविधियां क्रमशः पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और कंप्यूटर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देबापाम रॉय बिस्वास, प्लांट मैनेजर, लिंडे उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया।

# नृत्य गुरु तरित सरकार के शिष्याओं की तराना प्रस्तुति से मुग्ध हुए दर्शक

- संभव इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स का वार्षिकोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शहर की शास्त्रीय नृत्य को समर्पित संस्था संभव इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन एंड परफार्मिंग आर्ट्स के तत्वाधान में 1 दिसंबर को संस्था के प्रथम वार्षिक नृत्यानुष्ठान धरोहर 24 का आयोजन माइकल जॉन सभागार,बिस्टुपुर में किया गया। अनुष्ठान का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि इंदर अग्रवाल, अनिकेत सचन, लक्ष्मी शरत, अविनेश त्रिपाठी ने भगवान नटराज के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में संस्था के नृत्य प्रशिक्षुओं के द्वारा गुरु तरित सरकार के निर्देशन में कत्थक नृत्य के विभिन्न पारंपरिक बोल पर नृत्य पेश किये। प्रशिक्षुओं के द्वारा प्रस्तुत किये तराना का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। तत्पश्चात देश के विभिन्न कोनो से आये अतिथि कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य पेश किये। ओडिसा से आये श्री राम को समर्पित ओडिसी नृत्य पेश किये। कोलकाता की नम्रता चटर्जी एवं सुप्रीति साहा ने युगल मणिपुरी नृत्य में रास लीला पेश किये।



# न्यू पुरुलिया रोड से गांधी मैदान तक अतिक्रमण हटाये प्रशासन : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक श्री सरयू राय ने कहा है कि प्रशासन मानगो में डिमना रोड किनारे सड़क पर सब्जी बेचने वालों को हटाने के पहले उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करे। यदि उन्हें हटाना है तो उन्हें डिमना रोड के बीच में स्थान दे। इन्हें बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए हटाने से ताजा सब्जी खरीदने वालों को भी कठिनाई होगी। सैकड़ों परिवार मानगो इलाका में ऐसे है जो इन सब्जी विक्रेताओं से रोजाना सब्जी खरीदते हैं।



श्री राय ने कहा कि यह धारणा गलत है कि सड़क किनारे सब्जी बेचने वालों के कारण मानगो में जाम लगता है। मानगो के जाम का इनसे कोई संबंध नहीं है।

उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन सड़क पर से अतिक्रमण हटाना चाहता है तो सबसे पहले न्यू पुरूलिया रोड पर गांधी मैदान के किनारे बने कांग्रेस कार्यालय को हटाए. उस कार्यालय के आसपास बने कई अवैध निर्माण हैं उन्हें हटाए। गरीब सब्जी बिक्रेताओं को बलि का बकरा बनाना कहीं से उचित नहीं है। मानगो को सब्जी बेचने-खरीदने के लिए एक सही स्थान की जरूरत है, जिसकी व्यवस्था प्रशासन को करनी चाहिए। उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम इस मामले को गंभीरता से लें।

# कदमा-आजादनगर को गैंगमुक्त करायेंगे

- जनहित कार्य हर हाल में करूंगा, बेशक टाटा स्टील और प्रशासन को वह पसंद न आये : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक श्री सरयू राय ने कहा है कि चुनाव होने तक जो लोग भयभीत थे, वे अब निर्भीक होकर सामने आने लगे हैं। आज के अभिनंदन समारोह में हजारों की संख्या में लोगों का जुटान इसका प्रमाण है कि कदमा के लोगों के मन से अब भय और आतंक समाप्त हो गया ह।



उन्होंने जोर देकर कहा कि जमशेदपुर पश्चिम से भय, भ्रष्टाचार, आतंक और अनाचार हटाना है। वह गोस्वामी बजरंग बली मंदिर, कदमा में अपने अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री राय ने कहा कि गत पांच वर्ष में जमशेदपुर पश्चिम, खासकर कदमा क्षेत्र में अनेक अनियमित एवं गैर कानूनी काम हुए हैं। ये गलत काम प्रशासन और पुलिस द्वारा आंखें मूंद लेने और टाटा स्टील द्वारा अप्रत्यक्ष सहयोग करने के कारण हुए हैं। इन गलत कामों के जनहित में ठीक करने का काम हमारा है। श्री राय ने कहा कि केडी फ़्लैट के गेट बंद करना, नेताजी सुबास चंद्र बोस पार्क से उनकी प्रतिमा हटा देना, टाटा स्टील की सड़कों पर अलकतरा की परत चढ़ा देना, नये लगे पेवर्स ब्लॉक को उखड़वा देना और दर्जनों योजनाओं में विधायक फंड से बिना काम हुए पैसा निकाल लेना जैसे कई गलत काम हुए हैं।

# एक्सएलआरआई दिल्ली ने की प्रबंधन व सांस्कृतिक उत्सव 4.0 की मेजबानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर/ दिल्ली। एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर ने अपने प्रतिष्ठित वार्षिक प्रबंधन और सांस्कृतिक उत्सव, नोवा एक्सिलारो 4.0 को अद्वितीय उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। नोवा एक्सिलारो कोर टीम (नेक्स्ट) द्वारा आयोजित, जिसमें अंतिम वर्ष के पीजीडीबीएम छात्रों के नेतृत्व में प्रेरित छात्र शामिल थे, इस कार्यक्रम ने संस्थान की उत्कृष्टता और नवाचार की परंपरा का प्रतीक बनाया। तीन जीवंत दिनों में इस उत्सव ने भारत भर के प्रमुख बी-स्कूलों के प्रतिभागियों और दर्शकों को एक साथ लाया, जिसमें प्रबंधन चुनौतियों, सांस्कृतिक असाधारणताओं और आकर्षक प्रदर्शनों की एक समृद्ध टेपेस्ट्री पेश की गयी। एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर के निदेशक डॉ के एस कैसिमिर ने उत्साहपूर्वक कहा, नोवा एक्सिलारो 4.0 एक्सएलआरआई की जीवंत भावना का प्रमाण है।



# बाधाओं को पार कर, वेस्ट बोकारो डिवीजन के दिव्यांग कर्मचारियों ने दिया उत्कृष्टता का परिचय

›› अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस (3 दिसंबर) पर विशेष

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने कंपनी के सक्षम को सशक्त बनाना पहल के तहत दिव्यांग कर्मचारियों के कल्याण में अद्वितीय कदम उठाए हैं। 13 अगस्त, 2024 को वेस्ट बोकारो के सिक्यूरिटी विभाग में सीसीटीवी ऑपरेटर के रूप में चार दिव्यांग कर्मचारियों को नियुक्त किया गया, जो समावेशन और विविधता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के मानव संसाधन (एचआर) विभाग ने एटीपिक्ल एडवांटेज संस्था की मदद से दिव्यांग कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की। टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज लिमिटेड और टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से दिव्यांगों के लिए विज्ञापन जारी किया गया, जिसके बाद सिक्यूरिटी विभाग ने इनके लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की।

इनमें सुलभ शौचालय, कार्यालय के प्रवेश द्वार पर रैंप की स्थापना, बुनियादी फर्नीचर और आवास की व्यवस्था की गयी, ताकि वे बेहतर कार्यस्थल का अनुभव कर सकें।



अपने वरिष्ठ अधिकारी के साथ दिव्यांग कर्मचारी।

सिक्यूरिटी विभाग में भर्ती प्रक्रिया के तहत चार दिव्यांग कर्मचारियों का चयन किया गया, जिनमें प्रेम शर्मा, मोहम्मद हाशिम हसन, अंगद कुमार सिंह, और अभिलाष शर्मा शामिल हैं। इनकी नियुक्ति 13 अगस्त 2024 को वेस्ट बोकारो डिवीजन में की गई, और आवश्यक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 3 सितंबर 2024 को इन सभी ने सीसीटीवी ऑपरेटर के रूप में अपना योगदान शुरू किया। इन सभी कर्मचारियों के पास विभिन्न कंपनियों में काम करने का पूर्व अनुभव है। नियुक्ति के बाद, उन्हें व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें माइंस और प्लांट्स का नियमित दौरा, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना वाले स्थानों का निरीक्षण और सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष की दैनिक परिचालन प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण शामिल था।

अनुराग दीक्षित, जेनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन, टाटा स्टील ने कहा, दिव्यांग कर्मचारियों की सीसीटीवी कंट्रोल रूम में नियुक्ति, हमारी समावेशी कार्यस्थल बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ये कर्मचारी वेस्ट बोकारो डिवीजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, और हम उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए कैसे क्वालिफाई कर सकता है भारत?

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया की पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 295 रन की जीत ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल क्वालीफिकेशन की उनकी उम्मीदों को जिंदा रखा है। पर्थ टेस्ट के नतीजे ने आस्ट्रेलिया को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर धकेल दिया, जबकि भारत ने शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं, श्रीलंका पर दक्षिण अफ्रीका की जीत ने प्रोटियाज को दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि आस्ट्रेलिया नंबर तीन पर पहुंच गई। डब्ल्यूटीसी का फाइनल टेबल बनने में अभी कुछ समय बाकी है, लेकिन अब फाइनल में पहुंचने की जंग दिलचस्प हो चुकी है। भारत, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका सभी शीर्ष दो स्थानों के लिए दौड़ में हैं। पर्थ टेस्ट में जीत ने भारत को एक ठोस आधार तो दिया है, लेकिन रोहित शर्मा की टीम को अभी भी डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह सुनिश्चित करने से पहले एक लंबा रास्ता तय करना है। भारतीय टीम की यह फाइनल से पहले आखिरी टेस्ट सीरीज है।



**समीकरण 1: अगर भारत ने आस्ट्रेलिया को 5-0, 4-1, 4-0 या 3-0 से हराया**

भारत अगर इन अंतरों से आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीतता है तो रोहित शर्मा की टीम अन्य टीमों के नतीजों को ध्यान में रखे बिना फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगी। इस तरह की स्कोरलाइन आस्ट्रेलिया को फाइनल की दौड़ से बाहर कर देगी। इन तीन नतीजों से भारत को दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर नहीं रहना होगा और टीम जून में लॉर्ड्स में फाइनल खेलती दिखेगी।

**समीकरण 2: अगर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया**

भारत अगर आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से जीत दर्ज करता है तो वह क्वालिफाई कर सकता है। हालांकि, इसके लिए टीम इंडिया को यह मनाना होगा कि दक्षिण अफ्रीका सीरीज के दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को नहीं हरा पाए। भारत की आस्ट्रेलिया पर 3-1 से जीत के बाद अगर श्रीलंका दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका से हार जाता है तो टीम इंडिया फाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगी। अगर दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच टेस्ट ड्रॉ भी रहता है तो भी आस्ट्रेलिया पर 3-1 की जीत भारत के लिए पर्याप्त होगा।

**समीकरण 3 : अगर भारत ने आस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया**

भारत की आस्ट्रेलिया पर 3-2 की जीत से फाइनल का समीकरण और मुश्किल हो जाएगा। इस तरह के नतीजे के बाद भारत को श्रीलंका पर निर्भर रहना होगा। आस्ट्रेलिया पर 3-2 से जीत के बाद भारतीय टीम चाहेगी कि श्रीलंकाई टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के दूसरे और आखिरी मुकाबले में जीत हासिल करे। साथ ही श्रीलंका 29 जनवरी से आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान कम से कम एक ड्रॉ हासिल करे। परिणामों का यह संयोजन भारत का फाइनल में स्थान सुनिश्चित करेगा।

**समीकरण 4: भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 से सीरीज ड्रॉ की**

अगर बॉर्डर-गावस्कर सीरीज ड्रॉ रहती है तो भारत के क्वालिफिकेशन की संभावना और कम हो जाएगी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के लिए मौजूदा सीरीज में श्रीलंका को 2-0 से हराना जरूरी होगा। इसके बाद, भारत को यह भी मनाना होगा कि श्रीलंका आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज महज 1-0 के अंतर से जीत जाये। श्रीलंका की आस्ट्रेलिया पर 2-0 की जीत से भारत का रास्ता मुश्किल हो जायेगा। 1-0 की जीत ही टीम इंडिया को आगे पहुंचा पाएगी। इसके अलावा श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया से 0-2 से सीरीज नहीं हारनी होगी। अगर ऐसा हुआ तो भारत के लिए क्वालिफिकेशन का रास्ता और मुश्किल हो जाएगा।

## हमें खिलाड़ियों का सही मिश्रण मिल गया है : हार्दिक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने हाल ही में हुई आइपीएल 2025 की मेगा नीलामी में टीम द्वारा चुने गए खिलाड़ियों को लेकर विचार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों का सही मिश्रण मिल गया है। मुंबई इंडियंस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर सोमवार को साझा किये गये एक वीडियो में हार्दिक पांड्या ने कहा कि नीलामी की गतिशीलता हमेशा मुश्किल होती है। आप जानते हैं कि जब आप इसे लाइव देख रहे होते हैं, तो यह बहुत रोमांचक होता है और भावनाएं हमेशा ऊपर-नीचे होती रहती हैं क्योंकि आप एक खिलाड़ी को चाहते हैं लेकिन कभी-कभी आप हार जाते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत भावुक न होना बहुत महत्वपूर्ण है। अंत में हमें एक पूरी टीम बनानी होती है। पांड्या ने कहा कि हमने सही मिश्रण पाया है, जिसमें अनुभवी खिलाड़ी हैं, जैसे



कि बोल्टी (ट्रेंट बोल्ट) वापस आ गए हैं, दीपक चाहर, जो टीम में हैं, और साथ ही, विल जैक्स, रॉबिन मिंज और रिकेल्टन जैसे युवा खिलाड़ी, जो नए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने सभी आधारों को कवर किया है। हार्दिक पांड्या ने फ्रेंचाइजी में शामिल युवा खिलाड़ियों को संदेश दिया और उन्हें कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया। पाड्या ने कहा कि इस साल मुंबई इंडियंस में शामिल होने वाले सभी युवा खिलाड़ियों को मेरा संदेश है कि अगर आप यहां हैं, तो आपके पास वो चिंगारी है, आपके पास वो प्रतिभा है, जिसे स्काउट्स ने देखा है। उन्होंने मुझे पाया, उन्होंने जसप्रीत को पाया, उन्होंने कुणाल को पाया, उन्होंने तिलक को पाया। वे सभी अंततः देश के लिए खेले। आपको बस इतना करना है कि आप सामने आएं, प्रशिक्षण लें, कड़ी मेहनत करें और सबसे अच्छी बात यह है कि मुंबई इंडियंस के पास उन्हें आगे बढ़ाने की सुविधा है।

**मुंबई फुल स्क्वाड**

जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर, विल जैक्स, अश्विनी कुमार, मिचेल सेंटनर, रीस टॉप्ली, कृष्णन श्रीजिथ, राज अंगद बावा, वेंकट सत्यनारायण, बेवन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिजाड विलियम्स, विग्नेश पुथुर।

## 38वें राष्ट्रीय खेलों की तिथियों पर भारतीय ओलंपिक संघ की लगी मुहर

**देहरादून।** उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की तिथियों पर भारतीय ओलंपिक संघ की मुहर लग गई है। यह आयोजन अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 के मध्य होंगे। संघ के इस फैसले पर प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने खुशी जाहिर की है और कहा है कि यह उनकी तैयारियों पर मुहर लगने जैसा है। भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से सोमवार को एक पत्र जारी औपचारिक रूप से 38वें राष्ट्रीय खेलों का शेड्यूल घोषित होने के बाद मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड पहले से ही इन तिथियों के अनुसार अपनी तैयारी कर रहा था और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इन्हीं तिथियों की संस्तुति की गई थी। मंत्री आर्या ने खेल तैयारियों को लेकर कहा कि हम अपनी तैयारियों को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं और ये आयोजन अनेक मायनों में ऐतिहासिक सिद्ध होने वाला है। उन्होंने प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ये उनके लिए एक अभूतपूर्व अवसर है और अपने घरेलू मैदान पर वो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सकते हैं। प्रदेशभर के खिलाड़ियों की तैयारी जोर-शोर से जारी है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि उत्तराखंड के खिलाड़ी इस बार राज्य को पदक तालिका की अग्रिम पंक्ति में स्थान बनाएंगे।

## डॉन ब्रैडमैन की भारत बनाम आस्ट्रेलिया कैप की होगी नीलामी, कीमत 2 करोड़ के पार जाने की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के महानतम बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई टोपी मंगलवार को सिडनी में नीलाम की जाएगी, और इस फटी हुई बैगी ग्रीन टोपी के 260,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 2.2 करोड़ रुपये) तक में बिकने की उम्मीद है। ब्रैडमैन ने 1947-48 में भारत के आस्ट्रेलिया दौरे के दौरान ऊनी टोपी पहनी थी, जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विदेशी धरती पर दौरे करने वाली टीम का पहला टेस्ट मैच था। नीलामी घर बोनहम्स के अनुसार, यह कैप ब्रैडमैन द्वारा अपनी सबसे शानदार श्रृंखला के दौरान पहनी गई एकमात्र ज्ञात बैगी ग्रीन थी। ब्रैडमैन ने भारत के खिलाफ छह पारियों में 178.75 की औसत से 715 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और एक दोहरा शतक शामिल है। आस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेटरों को गहरे हरे रंग की टोपी दी जाती है, जिसका खिलाड़ियों और प्रशंसकों द्वारा सम्मान किया जाता है। काफी हद तक फीका पड़ने, कीटों से नुकसान के निशान और फटी हुई चोटी के बावजूद, बोनहम्स को उम्मीद है कि यह टोपी 195,000 से 260,000 अमेरिकी डॉलर के बीच में बिकेगी। ब्रैडमैन ने 99.94 के सर्वकालिक उच्चतम टेस्ट बल्लेबाजी औसत के साथ संन्यास लिया। ब्रैडमैन द्वारा 1928 में अपने टेस्ट डेब्यू के दौरान पहनी गई एक अलग बैगी ग्रीन ने 2020 में



290,000 अमेरिकी डॉलर की बोली लगाई गई थी, क्रिकेट के दिग्गज की टोपी में से एक के लिए यह उस समय का रिकॉर्ड था। लेकिन यह उस 650,000 अमेरिकी डॉलर से बहुत कम था, जो स्पिन लीजेंड शेन वार्न की बैगी ग्रीन के लिए चुकाई गई थी, जब उन्होंने उस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई बुशफायर पीड़ितों की मदद के लिए इसे बिक्री के लिए रखा था। ब्रैडमैन का 2001 में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया और वार्न का 2022 में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

## पाकिस्तान ने यूएई को 69 रनों से हराया

**दुबई।** शाहजेब खान (132) और मुहम्मद रियाजुल्लाह (106) रनों की बेहतरीन शतकीय पारियों के बाद अब्दुल सुभान (छह विकेट) की दमदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने सोमवार को अंडर-19 एशियाकप के ग्रुप ए के सातवें मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 69 रनों से हरा दिया है। 315 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये थे। यायिन राय (18), आर्यन सक्सेना (24) और अक्षत राय (पांच) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद एथन डिसूजा, मुहम्मद रेयान ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिय 113 रनों की साझेदारी हुई। मुहम्मद रेयान ने 66 गेंदों में एक चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रन बनाये। नूरुल्लाह अयोबी (एक), अयान अफजल खान (15), अब्दुल्ला तारिक (एक) रन बनाकर आउट हुये।एथन डिसूजा ने 102 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए (84) रनों की पारी खेली।

## भारत की जापान पर बड़ी जीत, 211 रनों से हराया

**अंडर-19 एशिया कप**

एजेंसी

**शारजाह।** कप्तान मोहम्मद अमान (नाबाद 122) की शतकीय, आयुष म्हात्रे (54) और केपी कार्तिकेय (57) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने सोमवार को अंडर-10 एशिया कप के आठवें मुकाबले में जापान को 211 रनों से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ भारत के दो मैचों में एक हार और एक जीत के साथ दो अंक हो गये और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। 340 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की टीम की शुरूआत धीमी रही। ह्युगो केली और निहार परमार की सलामी जोड़ी ने संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 14वें ओवर में हार्दिक राज ने निहार परमार (14) को आउट भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान कोजी आबे (शून्य) को केपी कार्तिकेय ने



बोल्ड कर भारत के लिए दूसरा विकेट झटका। काजुमा काटो-स्टैफर्ड (आठ) पर रनआउट हुए। 33वें ओवर में हार्दिक राज ने ह्युगो केली को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। केली ने 111 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (50) रनों की पारी खेली। इसके बाद चार्ल्स हिंजे को छोड़कर जापान का कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। चार्ल्स हिंजे ने 68 गेंदों में (नाबाद 35) रन बनाये। तिमुती मूरे (एक), आदित्य फाड़के (नौ) और केवाई लेक (एक) रन बनाकर आउट हुये। जापान की टीम निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 128 रन हीं बना सकी और 211 रनों से यह मुकाबला हार गई। भारत की ओर से चेतन शर्मा, हार्दिक राज और केपी कार्तिकेय ने दो-दो विकेट लिए। युद्धजीत गुहा को एक विकेट मिला। इससे पहले आज यहां जापान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। आठवें ओवर में चार्ल्स हिंजे ने वैभव सूर्यवंशी (23) को आउट कर जापान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 11वें ओवर में आर तिवारी ने आयुष म्हात्रे (50) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे सिद्धार्थ (37),निखिल कुमार (12), हरवंश पंगालिया (एक) रन बनाकर आउट हुए। केपी कार्तिकेय ने 49 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से (57) रनों की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद अमान ने 118 गेंदों में सात चौके लगाते हुये (नाबाद 122) रन बनाये। हार्दिक राज ने 12 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 25) रनों की पारी खेली भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 339 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जापान की ओर से केवाई लेक और ह्युगो केली ने दो- दो विकेट लिये। चार्ल्स हिंजे और आर तिवारी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## हेड ने बनाई बुमराह के खिलाफ रणनीति

**एडिलेड।** आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने की चुनौतियों पर बात की है और बताया है कि वह इससे कैसे पार पाना चाहते हैं। हेड ने पर्थ में खेले गए मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाजों का बाखूबी सामना करते हुए 89 रन बनाए थे। हेड भारत के खिलाफ 42.89 की औसत से 815 रन बना चुके हैं। उनका एक शतक डब्ल्यूटीसी फाइनल में आया था जिससे पिछले साल आस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गद्दा जीतने में सफल रही थी। उन्होंने क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में भी भारत के खिलाफ विजयी शतक लगाया था। हालांकि, आइसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जब से पर्थ में सीरीज के शुरूआती मैच में बुमराह ने भारत को 295 रन की सनसनीखेज जीत दिलाई, तब से समीकरण बदल गए हैं। हेड ने बताया कि वह तेज गेंदबाज का मुकाबला करने के लिए किस तरह दिखते थे। हेड ने कहा कि मैं तब सर्वश्रेष्ठ होता हूं जब मैं संकेतों की तलाश करता हूं, जब मैं सिर्फ गेंद को ध्यान से देखने की तैयारी कर रहा होता हूं और मानसिक रूप से तरोताजा रहता हूं। मुझे लगता है कि मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने कई बार उनका सामना किया है और काफी हद तक उनका सामना किया है। हेड ने कहा कि मैं अभी हाल के दिनों को याद करता हूं और जब मैंने उसका सामना किया है।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में मेहदी संभालेंगे बांग्लादेश की कमान

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोमवार को 8 दिसंबर से सेंट किट्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। ऑलराउंडर मेहदी हसन नियमित कप्तान नजमुल हुसैन की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करेंगे। बीसीबी ने एक बयान में कहा, ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज अब नजमुल हुसैन शांतो की अनुपस्थिति में पहली बार वनडे में बांग्लादेश की टीम की अगुआई करेंगे, जो अभी भी कमर की चोट से उबर रहे हैं। बीसीबी स्पोर्ट्स फिजिशियन मोनजूर हुसैन चौधरी ने कहा, शांतो ने अपने दाहिने कमर में दर्द की शिकायत की थी और बाद की जांच




से एक चिकित्सा स्थिति की पुष्टि हुई है। उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है और हम दो सप्ताह में उनकी फिर से जांच करेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे खेलने के लिए तैयार हैं या नहीं। विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास, परवेज हुसैन इमोन, अफिफ हुसैन ध्रुबो, हसन महमूद और तंजीम हसन साकिब की वनडे टीम में वापसी हुई है। परवेज को इससे पहले 2021 में वेस्टइंडीज के खिलाफ चुना गया था, लेकिन उन्हें सीरीज के दौरान कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इस बीच, मुशफिकुर, नजमुल और तौहीद की तिकड़ी के साथ-साथ मुस्तफिजुर रहमान और जाकिर हसन को भी सीरीज के लिए नहीं चुना गया। मुस्तफिजुर अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए सीरीज से छुट्टी चाहते थे, जो दिसंबर में अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं, जबकि जाकिर को खराब फॉर्म के कारण बाहर कर दिया गया।

**बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है:**

मेहदी हसन मिराज (कप्तान), लिटन दास (विकेटकीपर), तंजीद हसन तमीम, सौम्य सरकार, परवेज हुसैन इमोन, मोहम्मद महमूदुल्लाह, जेकर अली अनिक, अफीफ हुसैन ध्रुबो, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा।

## इंडिया की प्लेइंग-11 में टॉप 4 प्लेयर ऐसे हों जो टीम का स्तंभ हो : हरभजन

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में पारी का आगाज या तीसरे नंबर पर बल्लेबाज करना चाहेंगे क्योंकि इस अनुभवी खिलाड़ी के लिए 5वें या छठे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आना टीम के हित में नहीं होगा। लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल ने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 201 रन जोड़े थे। भारत ने इस मैच को काफी समय रहते 295 रन से जीता था। हरभजन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि रोहित 5वें या छठे नंबर पर आएंगे। वह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करेंगे और राहुल तीसरे नंबर पर आएंगे या फिर वह तीसरे नंबर से बाद में बल्लेबाजी नहीं करेंगे।

## नोवाक जोकोविच ने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मर्रे को कोच नियुक्त की वजह बताई

एजेंसी

**ब्यूनस आयर्स।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि उन्होंने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मर्रे को इसलिए अपना कोच नियुक्त किया क्योंकि वह ब्रिटेन के इस पूर्व खिलाड़ी को अच्छी तरह से जानते हैं। पिछले छह महीने से बिना कोच के खेलने वाले जोकोविच अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी जुआन मार्टिन डेल पोत्रो के लिए विदाई मैच खेलने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने और मर्रे ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वे जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के लिए एक साथ काम करने की योजना बना रहे हैं। जोकोविच ने डेल पोत्रो के खिलाफ मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में स्पेनिश में कहा, जब मैं जूनियर वर्ग में खेला करता था तब से मैंने उनके खिलाफ काफी टेनिस खेली है और ऐसे बहुत



कम खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। उन्होंने टेनिस इतिहास में किसी भी अन्य खिलाड़ी की तुलना में नंबर एक पर सबसे अधिक सप्ताह बिताए हैं। मर्रे ने तीन ग्रैंड स्लैम खिताब और दो ओलंपिक एकल स्वर्ण पदक जीते। वह 2016 में एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहे। उन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लिया था। मर्रे और जोकोविच दोनों 37 वर्ष के हैं और वे मई 1987 में एक सप्ताह के अंतर पर पैदा हुए थे। वे जूनियर वर्ग से एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में इन दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ 36 मैच खेले जिनमें जोकोविच ने 25 और मर्रे ने 11 मैच में जीत दर्ज की। मार्च में गोरान इवानिसेविच से अलग होने के बाद से पूर्णकालिक कोच के बिना खेल रहे जोकोविच ने कहा, ह्यवह मेरे खेल और जिन परिस्थितियों से मैं गुजरा हूं उन्हें अच्छी तरह से समझता है। वह जानता है कि मेरे खेल में क्या कमियां हैं। अमेरिकी ओपन 2009 के चैंपियन डेल पोत्रो ने पार्के रोका, ब्यूनस आयर्स में खेला गया प्रदर्शनी मैच 6-4, 7-5 से जीता। जोकोविच ने कहा, हम अपने खेल के सबसे अहम मुकाबलों में एक-दूसरे के खिलाफ खेले, लेकिन अंत में हमारी दोस्ती प्रतिद्वंद्विता से अधिक महत्वपूर्ण थी।'

## बांग्लादेश महिला टीम ने आयरलैंड को सात से हराया

**मीरपुर।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद फरजाना हक (61) और शर्मीन अख्तर (72) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत बांग्लादेश की महिला टीम ने सोमवार को एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज में आयरलैंड का सफाया कर दिया हैं। शर्मीन अख्तर को उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

## तीन ड्रॉ बाजियों के बाद जीत दर्ज करना चाहेंगे लिरेन-गुकेश, बराबरी पर हैं दोनों खिलाड़ी

एजेंसी

**सिंगापुर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश गत चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व शतरंज चैंपियनशिप में छठे दौर तक कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं, लेकिन उन्होंने चीन के अपने प्रतिद्वंद्वी को बराबरी पर रोके रखा है। गुकेश और लिरेन के बीच छठे दौर की बाजी समाप्त होने के बाद मुकाबला टक्कर का चल रहा है और फिलहाल दोनों के तीन अंक हैं। गुकेश और लिरेन के बीच पिछली तीन पारियां ड्रॉ रही थी और अब मंगलवार को सातवें दौर में दोनों आमने-सामने होंगे। इस दौरान गुकेश और लिरेन की नजरें जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी।




**गुकेश ने हार से की थी शुरूआत**

18 वर्षीय गुकेश सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद पहली बाजी हार गए थे, लेकिन दूसरी बाजी इस भारतीय खिलाड़ी के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी क्योंकि चीन के खिलाड़ी ने जीत के लिए किसी तरह का प्रयास नहीं किया और आसान ड्रॉ होने दिया। गुकेश ने लिरेन की गलती का फायदा उठाकर तीसरी बाजी जीतकर अच्छी वापसी की लेकिन इसके बाद अगली तीन बाजियों में किसी भी खिलाड़ी ने जोखिम लेना उचित नहीं समझा और आपस में अंक बांटे। यह मुकाबला 14 दौर का है तथा जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा वह विश्व चैंपियन बनेगा।

**सातवें दौर में सफेद मोहरों से खेलेंगे गुकेश**

अभी तक दोनों खिलाड़ियों ने जिस तरह का खेल दिखाया है उसे देखते हुए किसी को भी प्रबल दावेदार नहीं माना जा सकता। गुकेश मंगलवार को सातवीं बाजी सफेद मोहरों से खेलेंगे। वह इसका फायदा उठाकर चीन के खिलाड़ी पर दबाव बनाना चाहेंगे। गुकेश अगली तीन बाजियों में से दो बाजी सफेद मोहरों से खेलेंगे और अगर उन्हें विश्व चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाने हैं तो उन्हें इनमें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।

## गुलाबी गेंद से खेलना चुनौतीपूर्ण होता है: पुजारा

**एडिलेड।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे दिन रात्रि टेस्ट मैच को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि लाल और गुलाबी गेंद में अंतर होता और शाम के समय गुलाबी गेंद से खेलना चुनौतीपूर्ण होता है। पुजारा ने कहा, जिसने भी गुलाबी गेंद से टेस्ट खेला है वह आपको बताएगा कि शाम के समय बल्लेबाजी करना सबसे मुश्किल होता है। उस समय रोशनी पूरी तरह से नहीं होती है, ना ही पूरा अंधेरा होता है उस समय स्टेडियम की लाइट जलाई जाती है और तब आपको थोड़ा कम दिखता है। उस समय बल्लेबाजों के लिए गुलाबी गेंद खेलना अधिक चुनौतीपूर्ण होता है।

## हरियाणा कुश्ती दंगल के लिए मंगलवार को ट्रायल

**सिरसा।** खेल विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के अवसर पर कुरुक्षेत्र में 12 दिसंबर को हरियाणा कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के जिला स्तर पर चयन के लिए तीन दिसंबर को शहीद भगत सिंह स्टेडियम, बरनाला रोड, सिरसा में ट्रायल करवाए जाएंगे।

स्पीड न्यूज

### एसएमसी का पुनर्गठन

**कांडी।** प्रखण्ड के राणाडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्रावि कुरकुटा में सोमवार को एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। बीआरसी द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक सीआरपी धर्मेन्द्र कुमार दुबे व पंचायत मुखिया ललित बैठा की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुदामा पासवान, उपाध्यक्ष संजीदा खातून तथा संयोजिका कबीला खातून का चयन किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद शैरा बीबी, हेडमास्टर मदन मोहन राम, शिक्षक विजय विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी कला गांव निवासी सकेन्दर राम के 21 वर्षीय पुत्र मुकलेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की के भाई ने धुरकी थाना में लड़की को बहला फुसला कर भागा ले जाने को लेकर लिखित आवेदन दिया था। धुरकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गढ़वा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं नाबालिग लड़की को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### कमांडर के धक्के से बच्ची घायल, रेफर

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के घुरुआ गांव निवासी अली हसन के आठ वर्षीया पुत्री साहिस्ता नाज सड़क दौड़कर पार करने के दौरान कमांडर गाड़ी के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार कमांडर गाड़ी सब्जी सहित अन्य सामान लेकर मझिआंव से कांडी थाना क्षेत्र के घोड़दाग गांव जा रहा था कि घुरुआ टाबर के समीप बच्ची अचानक सड़क पर दौड़ कर पार हो रही थी जिससे कमांडर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में लाया गया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होते देख उसे सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक कमांडरघटनास्थल पर ही लगी हुई है। चालक को घायल के परिजनों के द्वारा उसे साथ लेते जाने की सूचना है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी नसीम अंसारी ने बताया कि सूचना मिली है, जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### जिला परिषद सदस्य ने दी विधायक को बधाई


विधायक को बधाई देती रंजनी शर्मा।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को प्रचंड जीत के लिए जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने बधाई दी है। साथ ही विधायक अनंत प्रताप देव को झारखंड सरकार में संभावित मंत्री बनने एवं भवनाथपुर क्षेत्र के प्रस्तावित 1320 मेगावाट का पावर प्लांट लगवाकर क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अग्रिम बधाई दी है।

## नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव का केतार में जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता


विधायक का स्वागत करते नेता व कार्यकर्ता।

**केतार।** नवनिर्वाचित विधायक अनन्त प्रताप देव उर्फ छोटे राजा का केतार में समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान विधायक अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी एवं दीपक प्रताप देव मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ में माता की विधिवत पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत मंदिर विकास समिति के लोगों ने विधायक को मां चतुभुर्जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इसके बाद कपूर्री गेट से पैदल यात्रा करते हुए विधायक ने सब्जी बाजार स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा को संबोधित किया। इस दौरान समर्थको ने जमकर आतिशबाजी किया और अबीर गुलाल उड़ाया।

मौके पर विधायक ने कहा कि आपके घर का बेटा भानु 15 वर्षों तक विधायक बन गरीबों को ठगने का काम किया है। उनके हक अधिकार से दूर रखा है। यही कारण है कि यहां के जनता उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया है और मुझे वोट देकर सेवा करने का मौका प्रदान किया है। मैं रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, सिंचाई की दिशा में काम करूंगा। हर गरीबों का मैं आंसू पूछने का कार्य करूंगा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, ईश्वरी प्रताप वैद्य, उदय प्रसाद, सुरेश प्रसाद, मदन पटेल, गुडु जायसवाल, जयमाल प्रसाद, प्रमोद मेहता, सूर्यनाथ सिंह, संतोष सिंह, गोपाल विश्वकर्मा, बिंदु राम, राजनाथ राम, राहुल कमलापुरी, रामबिचार साहू, छोटन सिंह, पवन सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 251 बहनों की सामूहिक शादी को लेकर चला जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में शामिल संस्था के सचिव व अन्य।

**गढ़वा।** कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने आगामी 1 मार्च 2025 को 251 बहनों की सामूहिक शादी को सफल बनाने के लिए केतार प्रखंड के परसोडीह पंचायत भवन के प्रांगण में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने अपने कार्यकर्ता के साथ परसोडीह के महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना कर की। इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सैकड़ों ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह, भ्रूण हत्या और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा की गई। साथ ही सोसाइटी द्वारा गढ़वा के दानरो नदी स्थित छठ घाट पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए जरूरतमंद कन्याओं का जल्द से जल्द निबंधन कराने की अपील की गई। मौके पर मुख्य अतिथि सोसाइटी के झारखंड प्रदेश समन्वयक अजय वर्मा, आकाश दीप भारती, महजबीन खान, पूर्व मुखिया अनिल पासवान, समाजसेवी नागेंद्र ठाकुर, दिलीप कुमार, विकास तिवारी, विभूति शरण पांडेय, विवेक कुमार, अंजू कुमारी गुप्ता, रेणु देवी, रानी देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सीओ की रोक के बावजूद भी कराया जा रहा है निर्माण कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता


जारी निर्माण कार्य।

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय परिसर में नगर पंचायत द्वारा पुस्तकालय सह वेंडिंग जोन निर्माण कार्य के दौरान अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा निर्माण कार्य रोके जाने के बावजूद भी संवेदक द्वारा सोमवार को निर्माण कार्य करवाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं इसके बाद निर्माण कार्य को सीआई प्रभारी सह कर्मचारी धनलाल उरांव स्थल पहुंचे और निर्माण कार्य पर रोक लगाए। इस संबंध में सीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर अविलंब रोक लगाने को संवेदक को निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद भी निर्माण कार्य शुरू कराना संवैधानिक तरीके से अवैध है। उन्होंने कहा कि मौजा चंद्री अंतर्गत खाता संख्या 70 प्लॉट संख्या 41 रखवा 12 डिसमिल भूमि पर पुस्तकालय सह वेन्डिग जोन के निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी जांच अंचल अमीन एवं राजस्व उप निरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक के द्वारा कराया गया था। जिसमें पाया गया था कि पूर्व दिशा की ओर भूमि प्रतिवेदन के अनुसार 136/27 कड़ी भूमि प्रस्तावित था। जिसमें पूर्व में ही निर्माण कार्य किया जा चुका है और वर्तमान में पुणः 136/27 कड़ी पर बगैर स्वीकृति के अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय और संवेदक को अंचल कार्यालय के द्वारा नोटिस भेजा गया था। लेकिन संवेदक द्वारा नोटिस को दरकिनार किया गया और निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उपरोक्त प्रस्तावित भूमि (12 डी0) के अतिरिक्त भूमि पर कराये जा रहे निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य करने पर रोके जाने का सख्त निर्देश दिया गया था। इधर सीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि उक्त भूखंड प्रखंड कार्यालय झारखंड सरकार के नाम से हाल सर्वे खतियान में दर्ज है। परंतु उक्त निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व संवेदक के द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से बिना अनापत्ति पत्र प्राप्त किये ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जानकारी दी गई थी कि ग्रामीण विकास विभाग से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट उपलब्ध कराकर ही निर्माण कार्य शुरू कराएं। यहां तक की उक्त स्थल पर वर्षों पुरानी बने पंचायत भवन को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस संबंध में अंचल अधिकारी ने बताया कि उक्त स्थल का जांच किया हूं और पाया कि पुरानी पंचायत भवन को क्षतिग्रस्त किया गया है और अधिकृत भूमि से अधिक भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कर नगर पंचायत कार्यालय एवं संवेदक को भी विभागीय क्रमांक 341 दिनांक 20 नवंबर 2024 के आलोक में अवैध निर्माण के संदर्भ में तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रोके जाने की जानकारी दी गई थी। सोमवार को सीआई धन लाल उरांव, सहायक संतोष दुबे एवं जन सेवक सुरेश सिंह ने निर्माण कार्य स्थल पर जाकर कार्य को रोकने का आदेश दिया। इस संबंध में धन लाल उरांव ने बताया कि पहले भी रोक लगाया गया था और अंचल अधिकारी के निदेर्शानुसार लगाया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य बैध है। जबकि सीओ और कार्यपालक पदाधिकारी पिछले 1 सप्ताह पूर्व निर्माण कार्य स्थल पर जाकर कार्य को रोकने का आदेश दिए थे। निरीक्षण के दौरान बताया गया था कि संवेदक द्वारा पुरानी पंचायत भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। निर्माण कार्य बिल्कुल घटिया हो रहा है। अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि बगैर ग्रामीण विकास विभाग रांची से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट उपलब्ध कारण निर्माण कार्य अवैध है। उन्होंने कहा कि मैं जमीन का मालिक हूं। भविष्य में प्रखंड सह अंचल कार्यालय से जुड़े भवन बनवाया जा सकता है। इस संबंध में पूछे जाने पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है और इसका जांच की जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर बिना अनुमति के भवन को क्षतिग्रस्त किया गया है सरासर गलत है।

## एक नजर में

### स्व. रामप्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट आज से

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला पंचायत के हरिगावां बस स्टैंड के समीप खेल मैदान में मंगलवार को स्व. रामप्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट मैच का आयोजन किया गया है। जहां मुख्य अतिथि के रूप में मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह होंगे। इसकी जानकारी आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट कमिटी के अध्यक्ष बिपुल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से क्रिकेट टूनार्मेंट कार्यक्रम का आयोजन होगा। जहां सुंडीपुर बनाम कादल के बीच उद्घाटन मैच का आगाज होगा। वहीं मुख्य अतिथि विधायक नरेश प्रसाद सिंह के द्वारा फीता काटकर क्रिकेट टूनार्मेंट मैच का विधिवत उदघाटन किया जाएगा। कमिटी के अध्यक्ष ने बताया कि आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट मैच में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। फाइनल मैच में विजेता टीम को 15 हजार रुपया व ट्राफी प्रदान किया जाएगा। जबकि उप विजेता टीम को 08 हजार रुपया व ट्राफी दिया जाएगा। अध्यक्ष ने खेल प्रेमियों से आग्रह करते हुए मीडिया के माध्यम से कहा है कि हजारों की संख्या में पहुंचकर खेल का आनंद लें। मौके पर कमिटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत कुमार, सचिव शैलेश पासवान, उप सचिव कमलेश कुमार, संचालक चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष मनीष पासवान, उप कोषाध्यक्ष राहुल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रखण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक सम्पन्न



**गढ़वा।** प्रखण्ड कार्यालय कक्ष में सोमवार को बीडीओ कुमार नरेन्द्र नारायण की अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की गयी। उक्त बैठक में मुख्य रूप से पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई के साथ महिला स्वयं सहायता समूह के रोजगार सृजन एवं ऋण उपलब्ध कराने के विषय में चर्चा की गयी। वहीं केसीसी ऋण उपलब्ध कराने, उद्योग विभाग से पीएमईजीपी तथा पीएमएफएमई योजना से ऋण उपलब्ध कराने आदि की समीक्षा की गई। इसके तहत पीएमएफएमई हेतु प्रत्येक बैंको को 2-2 आवेदन सृजन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके रंजन, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक आशीष कुमार सिंह समेत प्रखण्ड अन्तर्गत सभी बैंको के शाखा प्रबन्धक आदि उपस्थित थे।

### जज बनी महदेवा गांव की बेटी साक्षी को किया गया सम्मानित

**पूर्वी चंपारण।** बिहार न्यायिक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर जज बनने वाली रक्सौल प्रखंड के गांव की बेटी साक्षी आर्या को सोमवार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नोनियाडीह पंचायत की मुखिया रूबी कुमारी गुप्ता के पति अशोक कुमार गुप्ता साक्षी के घर पहुंचे और पंचायत की बेटी को उसकी उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी।

## बिहार विजन 2047 विकसित राज्य के सपनों को साकार करेगा : आयुक्त

एजेंसी

**पूर्णिया।** विकसित बिहार 2047 के सपने को साकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल आज शुरू हुई। सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त संजय दुबे की अध्यक्षता में समाहरणालय प्रज्ञान सभागार में सिटीजन सर्वे के तहत एक विशेष बैठक-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमंडल के सभी जिलों के डीएम, डीडीसी, एडीएम, एसडीएम और बीडीओ मौजूद रहे। बिहार सरकार राज्य की दीर्घकालीन विकास यात्रा को एक सुविचारित दिशा देने के उद्देश्य से 'बिहार विजन डॉक्यूमेंट 2047' का निर्माण कर रही है। यह दस्तावेज न केवल बिहार की मौजूदा चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेगा, बल्कि राज्य को आने वाले 25 वर्षों में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए आवश्यक रणनीति और नीतियों का रोडमैप तैयार करेगा। इसका लोकार्पण 26 जनवरी 2025 को प्रस्तावित है। बैठक में बिहार विजन डॉक्यूमेंट 2047 के नोडल पदाधिकारी आर्य गौतम, बिपार्ड के वरीय सहायक निदेशक, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस मुंबई के प्रोफेसर डॉ. वी वेंकटेश और ट्रांसफॉर्म रुरल इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दस्तावेज की विशेषता जनता की व्यापक भागीदारी है। पहले चरण में नागरिकों के सुझाव, विचार और फीडबैक एकत्र किए जाएंगे, जो राज्य के हर क्षेत्र और वर्ग की आकांक्षाओं को समेटेंगे। जिला पदाधिकारी पूर्णिया कुन्दन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सिस्टम तैयार किया जाए, अधिक से अधिक लोगों को जॉब क्रिएटर बनाया जाए और एक सुगम, बेहतर तथा सुरक्षित बिहार बनाने पर ध्यान दिया जाए।

## महंगे दरों पर बीज की खरीदारी कर खेतों में बुआई कर रहे हैं किसान

खबर मन्त्र संवाददाता


बुआई करते किसान।

**डंडई।** प्रखंड के किसानों को कृषि विभाग की ओर से सरसों व चना का बीज नहीं मिलने से किसान महंगे दरों पर खरीदारी कर अपने खेतों में बुआई कर रहे हैं। सोमवार को प्रखंड के लवाहीकलां, सोनेहरा, जरदे, करके व डंडई में किसानों को रवि फसल सरसों व चना बीज की बुवाई करते देखा गया। बआई के दौरान लालमुनि यादव, ब्रह्मदेव ठाकुर, मानदेव साव ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों के बीच सरसों और चना का बीज वितरण नहीं किया गया है जबकि रवि फसल का बुआई का समय गुजरता जा रहा है। कई किसान तो महंगे दरों पर निजी दुकानों से बीज की खरीदारी कर बुआई कर ले रहे हैं परंतु छोटे किसान सरकारी बीज वितरण के आस में अभी तक बुआई नहीं कर पाए हैं। अन्य किसानों ने बताया कि कृषि विभाग के घोर उदासीनता के कारण डंडई प्रखंड के किसानों के लिए समय पर सरसों ,मसूर और चना बीज का वितरण नहीं किया जा रहा है। मजबूरन हम लोग उपजे धान को साहूकारों के पास सस्ते दरों पर बेचकर निजी दुकान से महंगे दरों पर बीज खरीद रहे हैं। किसानों ने बताया कि अभी भी विभाग की ओर से बीज उपलब्ध हो जाता और वितरण हो जाता तो रवि फसल की खेती बाड़ी करने में हम लोगों को काफी सहूलियत होती।

इधर प्रखंड के कई किसानों ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से नम्रता पूर्वक बीज उपलब्ध कराने और किसानों के बीच वितरण करने की मांग किया है। मामले को लेकर प्रभारी कृषि पदाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से अभी सरसों और मसूर का बीज ही उपलब्ध हो पाया है। जल्द ही प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बीच का वितरण किसानों के बीच करा दिया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### राजस्व उगाही बढ़ायें...

इनके द्वारा खर्च की जा रही सीएसआर राशि की जानकारी राज्य सरकार तक नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में एक ऐसा मेकैनिज्म बनायें। इसके जरिये कंपनियों द्वारा सीएसआर मद में किये जाने वाले खर्च की जांच हो सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि वे विभिन्न कंपनियों और उद्योगों समूहों के साथ बातचीत कर राजस्व बढ़ोतरी की संभावनाओं को तलाशें। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, वंदना दादेल, एमएस मीणा, सुनील कुमार, प्रशांत कुमार, प्रवीण टोप्पो,अमिताभ कौशल, अबू बकर सिद्दीक, कृपानंद झा, के श्रीनिवासन, मनोज कुमार, उमाशंकर सिंह, चंद्रशेखर, अरवा राजकमल, विप्रा भाल, जितेंद्र सिंह, मनोज के अलावा संजीव बेसरा,अमित कुमार, निशा उरांव और राजीव लोचन बक्शी उपस्थित थे।

### ना विवाद ना नाराजगी ...

कांग्रेस कोटे से चार मंत्री बनाये जाने हैं, पर दावेदार अधिक होने से चयन में कांग्रेस आलाकमान को परेशानी हो रही है। मंत्री पद के चाहत को लेकर अधिकतर विधायक दिल्ली में अपने-अपने संपर्क के माध्यम से कांग्रेस हाईकमान तक पैरवी कर रहे हैं। **कांग्रेस कोटे के संभावित मंत्री :** सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस कोटे से डा.रामेश्वर उरांव व दीपिका सिंह को फिर से मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं दो अन्य में प्रदीप यादव, अनूप सिंह, इरफान इंसारी व निशत आलम की चर्चा है। निशत आलम व इरफान अंसारी के बीच मामला फंस गया है। जेल में बंद आलमगीर आलम अपनी पत्नी के लिए पैरवी कर रहे हैं। आलमगीर की पकड़ हाईकमान तक मजबूत है। वहीं राजद के एक विधायक को मंत्री पद दिया जाना है, जो लगभग तय हो गया है। **मंत्रियों के साथ सदन जाने के पक्ष में सीएम :** इधर झामुमो सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री भी विधानसभा सत्र से पहले मंत्रिमंडल का गठन कर लेना चाहते है। वह मंत्रियों के साथ सदन जाना चाहते हैं। नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समेत अन्य विधायी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए नौ दिसंबर से चार दिनों के लिए विधानसभा का सत्र बुलाया गया है। सदन संचालन के लिए संसदीयकार्य मंत्री का होना जरूरी है।

**झामुमो कोटे की सूची तैयार :** उधर झारखंड मुक्ति मोर्चा में मंत्री पद को लेकर चयन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, राजमहल के एमटी राजा, चाईबासा के दीपक बिरुआ, ईचागढ़ की सविता महतो, भवनाथपुर के अनंत प्रताप देव का नाम तय माना जा रहा है। वहीं राजद की ओर से संजय प्रसाद यादव या सुरेश पासवान में किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

# 20 लाख व लाखों के जेवरात चुरा कर भागनेवाला सागर एमपी से गिरफ्तार

- अभियुक्त के पास से 14,31,120 रुपए एवं जेवरात बरामद
- एसपी ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** 29 नवंबर को रामगढ़ थाना अन्तर्गत द वेब्स रेस्टुरेंट शिवाजी रोड रामगढ़ के मालिक संजीव कुमार चड्ढा के स्टॉफ आकाश धनक द्वारा घर का अलमीरा तोड़ कर नगद करीब 20 लाख रूपया एवं सोने, चांदी, हीरे के जेवारात की चोरी की घटना के आरोप में रामगढ़ थाना कांड सं. 370/2024, दिनांक 30.11.2024, धारा-341 (4)/305 (ए) बीएनएस दर्ज कराया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए एसपी अजय कुमार द्वारा कांड के उदभेदन एवं चोरी गए नकदी एवं जेवरात की बरामदगी के लिए एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। यह जानकारी एसपी अजय कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता में दी । उन्होंने बताया की गठित टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं सीसीटीवी फुटेज का गहण अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि नामजद प्राथमिकी अभियुक्त द्वारा मुंह में मास्क लगा कर दुसरे घर के छत के माध्यम से वादी के घर में घुसकर अलमीरा तोड़कर जेवरात एवं नगदी की चोरी कर ली गयी है तथा चोरी करने के उपरांत उसी रास्ते से भाग गया है। एसपी रामगढ़ द्वारा गठित टीम को तत्वरित अनुसंधान हेतू राज्य से बाहर जिला-सागर (मध्य प्रदेश) भेजा गया। गठित टीम द्वारा सागर जिला के स्थानीय पुलिस के सहयोग से प्राथमिकी अभियुक्त आकाश धानक, उम्र 27 वर्ष, पिता-संतोष उर्फ रघु धानक, ग्राम-मछरिआई, संत कबीर वार्ड नं0-37, गुड्डा, पार्षद घर के पीछे थाना मोतीनगर, जिला-सागर (मध्य प्रदेश) को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर कांड में चोरी गई नगदी में से कुल 14,31,120/ रूपया एवं जेवरात को बरामद किया गया है।

**गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम**

पुलि के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में आकाश धानक, उम्र 27 वर्ष, पिता संतोष उर्फ रघु धानक, ग्राम मछरिआई, संत कबीर वार्ड नं0-37, गुड्डा, पार्षद घर के पीछे थाना-मोतीनगर, जिला-सागर (मध्य प्रदेश) शामिल है।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस अधिकारी**

फरार आरोपियों को दबोचने के लिए पुलिस की एक टीम बनायी गयी थी। टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पुनि सह थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, पुअनि सुमंत कुमार राय, पुअनि उपेन्द्र कुमार, पुअनि संतोष कुमार, पुअनि मंजेश कुमार सिंह, सअनि सुजीत कुमार सिंह, आरक्षी / 44 रवि शंकर कुमार, आरक्षी/ 128 बसंत यादव, आरक्षी / 554 अर्जुन पासवान सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे ।

**बरामद सामानः-**

1. नगद 500 x2813=14,06500
2. नगद 200x45=9000/-
3. नगद 100x30=3000/-
4. नगद 50x200=10000/-
5. नगद 20131-2620/-कुल 14,31,120/ रू.
6. पिले रंग का कंगन-02 पीस
7. चुड़ी पिले रंग का-02 पीस
8. मोती जड़ित कड़ा-02 पीस
9. चांदी जैसा बिस्कट-01 पीस (50gm लिखा हुआ)
10. चांदी जैसा नोट-02 पीस
11. पिला रंग का धात का नका टॉप्स-01 जोड़ी
12. मोती लगा कान का टॉप्स-01 जोड़ी।
13. कॉन का टॉप्स पिले धातु का 01 जोड़ी।
14. लॉकेट पिला रंग का मोती लगा-01 पीस।
15. कान का छोटा टॉप्स पिले धातु का।
16. मोती जडित पिले धातु का लॉकेट-01 पीस।
17. कान का छोटा टॉप्स पिले धातु का-01 जोड़ी
18. पतला चैन पिले रंग का धातु जैसा-03 पीस।
19. मंगलसूत्र छोटा पीले रंग का मोती लगा-01 पीस।
20. काला धागा सहित पंचाली 01 पीस ।
21. चांदी जैसा एक जोड़ी पायल-01 जोड़ी।
22. मोती सफेद रंग का एक माला एवं 02 क्लिप।
23. सफेद रंग का गिलट जैसा मोती लगा टॉप्स 01 जोड़ी।
24. पिला रंग का धागा एवं धातु का गले का हार-01 पीस।
25. चांदी जैसा सफेद रंग का सिक्का-11 पीस
26. चांदी जैसा बिस्कीट-4 पीस ।
27. चांदी जैसा बड़ा बिस्कीट-01 पीस
28. कागज एवं प्लास्टिक से सील चांदी जैसा बिस्कीट-01 पीस
29. तनिष्क का सील किया हुआ एक-एक ग्राम का कुल-04 पीस सोने का सिक्का जैसा।
30. पिला रंग का खाली लिफाफा 13 पीस
31. गहने रखने का खाली डब्बा एवं पाउच-5 पीस।

# बर्फबारी के बाद घना कोहरा, कई जगहों पर माइनस में पहुंचा पारा



**श्रीनगर।** पर्वतीय के साथ ही उत्तर और पूर्वी भारत में ठंड ने दस्तक दे दी है। हालांकि, अभी भी इसका उतना असर नहीं देखा जा रहा है, जितना आमतौर पर देखने को मिलता है। उच्च पर्वतीय राज्यों के मौसम में बदलाव का असर आने वाले कुछ दिनों में देश के मैदानी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है। कश्मीर के कई इलाकों में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जबकि ताजा बर्फबारी के बाद घाटी में कई स्थानों पर पारा शून्य से नीचे चला गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में आने वाले दिनों में बारिश होने क पूवार्नुमान जताया है।

# राजस्व सेवा के अधिकारी आर्थिक सीमाओं के संरक्षक : मुर्मु

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजस्व सेवा के अधिकारियों को देश की आर्थिक सीमाओं का संरक्षक करार देते हुए कहा कि उन्हें हमेशा ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करना होगा क्योंकि दूसरे देशों के साथ व्यापार को सुगम बनाने के समझौतों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को यहां भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के प्रशिक्षु अधिकारियों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) हमारी अर्थव्यवस्था को एक समान कर प्रणाली और साझा प्रशासनिक मूल्यों के माध्यम से जोड़ती है। यह सेवा देश के कर प्रशासन में एकरूपता को बढ़ावा देती है। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी सरकार, व्यापार और विभिन्न राज्यों के कर प्रशासन के बीच बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि विश्व में बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हित का एजेंडा काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग से तय होता है।

राजस्व सेवा के अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षक हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें हमेशा ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करना होगा। उनकी भूमिका दूसरे देशों के साथ व्यापार सुगम बनाने के समझौतों में भी महत्वपूर्ण होगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) देश को आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण, सामाजिक-आर्थिक योजनाओं के संचालन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने जैसे कार्यों के लिए संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम बनाती है।

यह कार्य राष्ट्र निर्माण में भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि प्रशासक के रूप में अपनी भूमिका के निर्वहन के लिए, उन्हें ऐसी प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ विकसित करने की जरूरत है जो पारदर्शी हों और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करें।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस नए और गतिशील युग में कर संग्रह में कम हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग करने का प्रयास किया जाना चाहिए। कर प्रशासन के क्षेत्र में नए विचार और नए समाधान प्रस्तुत करने का उत्तरदायित्व युवा अधिकारियों पर है। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को परामर्श दिया कि वे यह याद रखें, कराधान केवल देश के राजस्व को बढ़ाने का साधन नहीं है।

यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। राष्ट्र के नागरिकों द्वारा दिये गये कर का उपयोग देश और लोगों के विकास के लिए किया जाता है। इसलिए, यदि वे अपना काम लगन और निष्ठा से करेंगे, तो देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे पाएंगे।

## स्पीड न्यूज

### अनियंत्रित ट्रक ने छह को कुचला, मौत

**हैदराबाद।** रंगरेडी जिले में हैदराबाद-बीजापुर मार्ग पर चेवेल्ला मंडल के अलुरु गेट पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।दुर्घटना पर मुख्यमंत्री ने दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार जिले में हैदराबाद-बीजापुर मार्ग पर चेवेल्ला अलुरु गेट पर सड़क के किनारे तमाम लोग सब्जी बेच रहे थे।उसी समय एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सब्जी बेच रहे दुकानदारों को कुचलते हुए एक पेड़ से टकरा गया।

### गिनी में फुटबॉल मैच के दौरान भगदड़, 100 की मौत

**कोनाक्री ।** गिनी के सैन्य नेता ममादी डौंबौया के सम्मान में देश के दूसरे सबसे बड़े शहर एन'जेरेकोर में आयोजित फुटबॉल मैच के दौरान मची भगदड़ में कथित रूप से कम से कम 100 लोगों की जान चली गई। मृतकों में दर्जनों फुटबाल प्रशंसक और बच्चे शामिल हैं।इंडिपेंडेंट समाचार पत्र के अनुसार, रविवार को मैच में अराजकता तब शुरू हुई जब मेहमान टीम लाबे के प्रशंसकों ने रेफरी के फैसले का विरोध करते हुए पथराव शुरू कर दिया। इससे मैदान पर भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का सहारा लेना पड़ा।गिनी गणराज्य के प्रधानमंत्री अमादौ ओरी बाह ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की लेकिन विवरण नहीं दिया। स्थानीय मीडिया और राजनीतिक समूहों ने कई लोगों के घायल होने की सूचना दी और कहा कि कुछ की हालत गंभीर है।इंडिपेंडेंट ने स्थानीय समाचार वेबसाइट मीडियागिनी के हवाले से लिखा कि यह मैच डौंबौया के सम्मान में आयोजित एक टूनार्मेंट का हिस्सा था।

### केंद्र को ओएनजीसी और ऑयल इंडिया से मिला 4721 करोड़ रुपये का लाभांश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) लिमिटेड और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने केंद्र सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में कुल 4,721 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के तहत निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने सोमवार को ह्यएक्?सह्व पोस्?ट पर जारी बयान में बताया कि केंद्र सरकार को लाभांश किश्?तों के रूप में ओएनजीसी और ओआईएल से क्रमश: करीब 4445 करोड़ रुपये और 276 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। दीपम सचिव ने कहा कि इन कंपनियों ने इस तरह केंद्र सरकार को कुल 4,721 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। उल्लेखनीय है कि ओएनजीसी सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो देश में सबसे बड़ा सरकारी स्वामित्व वाला तेल और गैस खोजकर्ता और उत्पादक कंपनी है।

# जूठे बर्तन और शौचालय की सफाई...

## अकाल तख्त ने सुखबीर सिंह बादल को सुनाई धार्मिक सजा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल को अकाल तख्त ने धार्मिक सजा सुनाई। दो महीने पहले अकाल तख्त ने उन्हें तनखैया (धार्मिक मामलों में अपराधी) घोषित किया था। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने सजा सुनाते हुए बादल को गोल्डन टेंपल में जूठे बर्तन धोने और शौचालय की सफाई का आदेश दिया है। साथ ही उन्हें पंच सिंह साहिबों के घर के बाहर सुबह एक घंटा सेवादारी का काम भी सौंपा गया है। अकाल तख्त ने सजा सुनाते हुए बादल को आदेश दिया कि उन्हें सजा के दौरान रोजाना गुरुद्वारे में कीर्तन सुनना होगा।

अपने कार्यकाल के दौरान सुखबीर सिंह बादल और उनके कैबिनेट मंत्रियों को गलत राजनीतिक निर्णय लेने का दोषी पाया गया है। इसमें डेरा सच्चा सौदा के गुरमीत राम रहीम को माफी देने का भी आरोप है। उन्होंने गोल्डन टेंपल में पंच सिंह साहिबानों के सामने अपनी गलती स्वीकार की। सुखबीर सिंह बादल कुछ दिन पहले ही अकाली दल अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके हैं।

सजा का ऐलान करते हुए जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल को आदेश दिया कि वे तीन दिन के भीतर उनका इस्तीफा स्वीकार करें और पार्टी में नए अध्यक्ष के लिए आगामी 6 महीने के भीतर चुनाव पूरा करा लें। दरअसल, यह पूरा मामला 2007 में गुरमीत राम रहीम का सिखों के गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी की तरह वेशभूषा पहनकर लोगों को अमृत चखाने का प्रयास किया था। इस मामले में राम रहीम के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया, लेकिन अकाली सरकार ने राम रहीम के खिलाफ केस वापस ले लिए। अकाल तख्त ने राम रहीम की सजा माफ करने के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को दी गई फकर-ए-कौम की उपाधि भी वापस ले ली।

इससे पहले 30 अगस्त को सुखबीर को अकाल तख्त द्वारा 'तनखैया' घोषित किया गया था। अकाल तख्त ने माना कि अकाली दल ने पंजाब सरकार में रहते हुए 2007 और 2017 के बीच 'गलत' राजनीतिक निर्णय लिए। अकाल तख्त जत्थेदार ने शिरोमणि अकाली दल से संबंधित मामलों पर चर्चा के लिए गोल्डन टेंपल में पांच 'सिंह साहिबों' की एक बैठक बुलाई थी और सुखबीर सिंह बादल को सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने का आदेश दिया था।

# नोएडा में किसानो का जबरदस्त प्रदर्शन



**गौतमबुद्धनगर(एजेंसी)।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के किसानो ने सोमवार को यहां जमकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वावधान में हजारों की संख्या में किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नोएडा के महामाया फ्लाईओवर पर एकत्रित हुए। दिल्ली की ओर जाने की कोशिश कर रहे किसानो को सुरक्षा बलों ने बेरीकेडिंग लगा कर रोक दिया हालांकि कुछ स्थानो पर किसनो ने बेरीकेडिंग को ध्वस्त कर दिया और महामाया फ्लाईओवर से गुजर कर चिल्ला बॉर्डर तक पहुंच गए।

चिल्ला बॉर्डर पर किसी भी अप्रिय हालात से बचने के लिये लगभग 4000 पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे। मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही। किसानो के प्रदर्शन के चलते ग्रेटर नोएडा व नोएडा एक्सप्रेसवे पर भी जाम की स्थिति बनी रही। दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर सुबह से ही लंबा जाम लग गया।

भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि पुलिस किसानों को रोक रही है जबकि उनकी समस्या का समाधान दिल्ली से ही निकलेगा। नोएडा सेक्टर 95 में दलित प्रेरणा स्थल के पास अधिकारियों के साथ बातचीत से समाधान नहीं निकलने से किसान वहीं धरने पर बैठ गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में संसद का शीतकालीन सत्र जारी रहने के चलते किसानो को रोका जा रहा है।

किसी भी अप्रिय हालात से बचाव के मद्देनजर एहतियात के तौर पर भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

## रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ राजस्थान में वेकेशन पर सारा अली खान



**बॉलीवुड** की लोकप्रिय अभिनेत्री सारा अली खान अपने कथित बॉयफ्रेंड के साथ राजस्थान में छुट्टी पर हैं। अफवाह है कि सारा अर्जुन प्रताप बाजवा को डेट कर रही हैं। हाल ही में सारा और अर्जुन राजस्थान में छुट्टियों का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं। दोनों ने होटल से अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। एक तरफ सारा राजस्थानी माहौल का आनंद लेती नजर आ रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ अर्जुन प्रताप बाजवा ने होटल के जिम में एक्सरसाइज करते हुए तस्वीर पोस्ट की है। इस फोटो से फैन्स ने अंदाजा लगा लिया है कि दोनों साथ हैं। इससे पहले सारा अली खान केदारनाथ में अर्जुन के साथ उनकी तस्वीरें खूब वायरल हुई थीं।

सारा अली की निजी जिंदगी काफी चर्चा में रही है। एक्टिंग के अलावा सारा अपने सोशल मीडिया के जरिए भी दर्शकों का मनोरंजन करती हैं। एक्ट्रेस का सिंपल गेस उनके फैंस को हमेशा इम्प्रेस करता है। सारा सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहती हैं। उनकी हर पोस्ट फैन्स का ध्यान खींचती है। सारा अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आएंगी।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी कर सकता है शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने किसानों के आंदोलन पर को सोमवार को कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकता है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि वह प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्गों को बाधित करने से रोकने और लोगों को असुविधा पहुंचाने से बचाने के लिए उन्हें (दल्लेवाल) राजी करें।

पीठ ने अधिवक्ता से कहा, 'लोकतांत्रिक व्यवस्था में आप शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन लोगों को असुविधा न पहुंचाएं। पीठ ने उनसे आगे कहा, आप सभी जानते हैं कि खनौरी सीमा पंजाब के लिए जीवन रेखा है। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह विरोध प्रदर्शन पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही है। पीठ ने कहा, हम इस पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं कि विरोध सही है या गलत। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दे पर गौर किया है और इस पर लंबित मामले के साथ विचार किया जा रहा है। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी विरोध स्थल से कथित तौर पर हटाए गए दल्लेवाल की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निपटारा करते हुए पीठ ने 26 नवंबर को कहा था, हमने देखा है कि उन्हें रिहा कर दिया गया है और उन्होंने शनिवार को एक साथी प्रदर्शनकारी को अपना आमरण अनशन समाप्त करने के लिए राजी भी किया। उनके आमरण अनशन शुरू करने से ठीक पहले 26 नवंबर को दल्लेवाल को कथित तौर पर खनौरी सीमा से जबरन हटाकर लुधियाना के एक अस्पताल में ले जाया गया था, जहां शुक्रवार शाम को उन्हें छुट्टी दे दी गई। पंजाब पुलिस द्वारा उनकी कथित अवैध हिरासत के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की गई थी।गौरतलब है कि सुरक्षा बलों द्वारा रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा मुख्य स्थल पर पर डेरा डाले हुए हैं।

## मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200 से बढ़ाकर 1500 करने के चुनाव आयोग के फैसले पर उससे सोमवार को स्पष्टीकरण मांगा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने इंदु प्रकाश सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका पर चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से कई सवाल पूछे। पीठ ने उनसे श्री सिंह (चुनाव आयोग) से पूछा कि अगर किसी मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाता पहुंच जाएं तो स्थिति से कैसे निपटा जाएगा।इस पर श्री सिंह ने कहा कि ऐसा निर्णय लेने से पहले सभी राजनीतिक दलों से परामर्श किया जाता है। पीठ ने यह भी पूछा कि एक मतदान केंद्र में कई मतदान केंद्र हो सकते हैं, इसलिए क्या यह नीति एक मतदान केंद्र पर भी लागू होगी। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से एक संक्षिप्त हलफनामा दाखिल करने निर्देश देते हुए याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 17 जनवरी 2025 की तारीख मुकर्रर कर दी। इससे पहले 27 अक्टूबर को याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने तर्क दिया था कि मतदाताओं की संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने से वंचित समूह चुनावी प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे।



# बांग्लादेशी दूतावास पर विरोध, प्रदर्शनकारी परिसर में घुसे

एजेंसी



**अगरतला।** अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त के कार्यालय के सामने हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में और इस्कॉन सदस्य चिन्मय दास प्रभु की रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारी परिसर के अंदर भी घुस आए और विरोध स्वरूप बांग्लादेश का झंडा फाड़ दिया और तोड़-फोड़ भी की। इस विरोध प्रदर्शन में हिंदू संघर्ष समिति के साथ ही विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंदू नेता और इस्कॉन सदस्य चिन्मय दास प्रभु को अवैध रूप से गिरफ्तार किया है। उन्होंने उन्हें खाना भी नहीं दिया। यह पूरी तरह से अवैध और अमानवीय है। उन्होंने चिन्मय दास प्रभु की तत्काल रिहाई की मांग की। हिंदू होने के नाते, बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मुसलमान तथा अन्य किसी भी अल्पसंख्यक पर कोई अत्याचार नहीं किया जाता है। वे यहां शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम यहां अपने मुस्लिम भाइयों और बहनों पर हमला नहीं कर रहे हैं। फिर वे हमारे साथ ऐसा क्यों कर रहे हैं? उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जब तक यूनुस सरकार इस्कॉन नेता को रिहा नहीं करती, तब तक विरोध जारी रहेगा।

विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले काफी बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि वे इस तरह के कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से और खासकर सरकार बदलने के बाद, ये हमले तेज हो गए हैं। आज हम विभिन्न संगठनों की ओर से यहां विरोध प्रदर्शन करने आए हैं।

## बांग्लादेश के उच्चायोग में घुसपैठ दुखद बढ़ाई जा रही सुरक्षा : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली। अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग परिसर में घुसपैठ की आज की घटना बेहद दुखद है। किसी भी परिस्थिति में राजनयिक और वाणिज्य दूतावास की संपत्तियों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि सरकार नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग और देश में उनके उप/सहायक उच्चायोगों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए कार्रवाई कर रही है।